हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 28.10.2024 वर्ष 11, अंक 293 RNI No. - JHAHIN/2014/59110


**सुविचार**
जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो वह कभी किसी का नही हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान!

## क्विक न्यूज

### पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश, आरोपित गिरफ्तार

**नगांव (असम) :** नगांव जिले के कसुवा इलाके में एक युवक को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाए जाने की कोशिश किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि कसुवा थाना अंतर्गत तीनाली बाजार में लुकमान अली नामक युवक को शफिकुल इस्लाम नामक गाड़ी चालक ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया।सूत्रों ने बताया है कि बीते शनिवार को दिन के समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई थी। तकरीबन रात 10ः00 बजे लुकमान अली नामक व्यक्ति तीनाली बाजार में गाड़ी से उतरा। इसी दौरान शफिकुल इस्लाम ने उसपर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया। आग में झुलसे लुकमान अली को गुवाहाटी गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल रेफर किया गया जहां वह जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शफिकुल इस्लाम को पकड़कर उसकी बुरी तरह पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।

### गुवाहाटी हवाई अड्डे पर उप राष्ट्रपति का राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

**गुवाहाटी :** उप राष्टपति जगदीप धनखड़ एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गुवाहाटी पहुंचे हैं। दिल्ली से विशेष हवाई जहाज से गुवाहाटी पहुंचे उप राष्टपति का बोरझार स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने स्वागत किया। इस मौके पर राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उप राष्टपति धनखड़ गुवाहाटी के दिसपुर स्थित खानापाड़ा पशु चिकित्सा खेल मैदान में आयोजित कृष्णागुरु इंटरनेशनल स्पिरिचुअल यूथ सोसायटी द्वारा आयोजित 21वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे।

### सौ साल बाद दुर्लभ संयोग में होगा धनतेरस

**जयपुर :** धनतेरस पर इस बार 100 साल बाद दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है। इस दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग सहित कुल पांच शुभ संयोग बन रहे हैं। ऐसे में पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा। धनतेरस नाम धन और तेरस शब्दों से आया है जहां धन का अर्थ धन और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर का 13 वां दिन है। इस दिन भगवान धन्वतरि जो स्वास्थ्य के देवता हैं उनकी पूजा की जाती है। इनकी आराधना से रोग से मुक्ति मिलती है। हालांकि, धनतेरस के दिन कुबेर देव और देवी लक्ष्मी की पूजा करने की भी परंपरा है।

### अपने फायदे के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है भाजपा अखिलेश यादव

**नोएडा :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को यहां भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसा राजनीतिक दल है जो अपने राजनीतिक लाभ के लिए किसी भी स्तर तक जा सकता है। सपा मुखिया ने कहा कि यहां तक कि यह पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के भरोसे नहीं लड़ती बल्कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के सहारे चुनाव लड़ती है। जो पार्टी कार्यकर्ताओं के बजाए अधिकारियों के भरोसे चुनाव लड़ती है, उस पार्टी की हार तय है। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य प्रदीप कपूर को श्रद्धांजलि देने के लिए नोएडा के सेक्टर 40 स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे।

### प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 का आंकड़ा पार करने पर अर्जुन एरिगैसी को बधाई दी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 का आंकड़ा पार करने पर बधाई दी।मोदी ने भारतीयों को गौरवान्वित करने के लिए उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता की भी प्रशंसा की, साथ ही कहा कि इससे कई और युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा,लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 का आंकड़ा पार करने पर अर्जुन एरिगैसी को बधाई! यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। इनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता ने हमारे पूरे देश को गौरवान्वित किया है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्यूनतम | 26° |



## मम्मी-पापा वोट दो अभियान आज

*** स्कूली बच्चे अपने माता-पिता को पत्र लिखकर करेंगे मतदान की भावुक अपील**

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कुमार ने बताया कि आज के ज्यादातर युवा सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विधानसभा चुनाव 2024 में राज्य के मतदान प्रतिशत को अधिकतम करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से लगातार कई प्रयास किये जा रहे हैं। उसी क्रम में एक अभिनव प्रयास के रूप में कल 28 अक्टूबर सोमवार को शिक्षा विभाग के समन्वय से स्कूली बच्चों द्वारा अभियान चलाया जाना है। इस अभियान के तहत स्कूली बच्चे पूर्वाह्न 11 से 12 के बीच अपने-अपने माता-पिता को पत्र लिखकर अनिवार्य मतदान के लिए भावुक अपील करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि केवल बच्चों की अपील का न केवल मां-बाप पर गहरा प्रभाव होगा बल्कि इससे बच्चों में भी लोकतांत्रिक मूल्यों का बीजारोपण होगा, क्योंकि आज के बच्चे ही कल के हमारे मतदाता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कुमार ने बताया कि आज के ज्यादातर युवा सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। किसी भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिये सोशल मीडिया सबसे सहज और सरल माध्यम है। इसलिए कल यानि 28 अक्टूबर सोमवार को शाम 5 बजे से लेकर 7 के बीच बच्चे अभिभावक तथा आम लोग #MummyPapaVotwDo हैशटैग के साथ अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपने पोस्ट करेंगे, साथ ही भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सोशल मीडिया हैंडल्स को टैग करेंगे। उन्होंने राज्य के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से भी उक्त अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की है।

### केंद्र सरकार झारखंड के धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मनाएगी 150वीं जयंती

# उलिहातु जाना मेरे जीवन का खास पल : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री ने इस दौरान सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 31 अक्टूबर और बिरसा मुंडा की 15 नवंबर से 150वीं जयंती शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार इन दोनों की जयंती को मनाएगी।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से झारखंड का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे जीवन का सबसे खास पल वह था जब मैं भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान उलीहातू गया था। मोदी ने 15 नवंबर, 2023 के अपने झारखंड के दौरे को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन में इस यात्रा का विशेष प्रभाव पड़ा। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जो कि भगवान बिरसा मुंडा के गांव गए थे। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात थी कि उलिहातू की मिट्टी को सिर से लगाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि उस क्षण मैंने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई, बल्कि झारखंड की धरती की शक्ति से जुड़ने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 31 अक्टूबर और बिरसा मुंडा की 15 नवंबर से 150वीं जयंती शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार इन दोनों की जयंती को मनाएगी। प्रधानमंत्री ने उनके साहस और दूरदर्शिता का जिक्र किया। साथ ही कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, देश की एकता। इस दौरान उन्होंने डिजिलट अरेस्ट पर चिंता जताई और एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया, मेड बाइ इंडिया का जिक्र किया. साथ ही स्वामी विवेकानंद, सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की आने वाली जयंती पर उन्हें नमन किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया' और मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है. उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नयी क्रांति की राह पर है जबकि गेमिंग स्पेस का भी यहां विस्तार हो रहा है और वह दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया.

### फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा जागरूक हो रहे हैं देश के लोग

पीएम ने कहा कि मुझे खुशी है कि भारत में अब लोग फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा जागरूक हो रहे हैं. मुझे याद है, जब मैं योग दिवस पर श्रीनगर में था, बारिश के बावजूद भी, कितने ही लोग योग' के लिए जुटे थे, अभी कुछ दिन पहले श्रीनगर में जो मैराथन हुई उसमें भी मुझे फिट रहने का यही उत्साह दिखाई दिया. फिट इंडिया की ये भावना, अब एक बड़ा अभियान बन रही है. मुझे ये देखकर भी अच्छा लगता है कि हमारे स्कूल, बच्चों की फिटनेस पर अब और ज्यादा ध्यान दे रहे हैं.



### अपराधियों का गिरोह है डिजिटल अरेस्ट

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट को धोखाधड़ी वाली गतिविधि करार दिया. उन्होंने लोगों से सतर्क और सुरक्षित रहने का आग्रह किया. प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस अपराध में शामिल लोग समाज के दुश्मन हैं.उन्होंने कहा कि कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है. ये सिर्फ धोखाधड़ी है, छल है, झूठ है, अपराधियों का गिरोह है. ये लोग समाज के दुश्मन हैं.प्रधानमंत्री ने तकनीकी अपराध के बढ़ते मामलों और चिंताओं को संबोधित करते हुए आगाह किया. प्रधानमंत्री मोदी ने श्रोताओं को बताया कि विभिन्न जांच एजेंसियां इन धोखाधड़ी योजनाओं से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ सहयोग कर रही हैं. उन्होंने कहा कि इन एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय साइबर समन्वय केंद्र की स्थापना की गई है.प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य साइबर अपराध के खिलाफ प्रयासों को मजबूत करना और नागरिकों को ऐसे घोटालों से बचाना है. ये डिजिटल क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है.

## लोक गायिका शारदा सिन्हा की हालत नाजुक



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली एम्स में भर्ती पद्मभूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा की हालत नाजुक हो गई है. उन्हें आईसीयू से निकालकर वेंटिलेटर पर रखा गया है. शनिवार सुबह उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी. जिसके बाद उन्हें दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था. एम्स में पहले उन्हें आईसीयू में रखा गया. लेकिन, कल से आज तक तबीयत में कोई सुधार होने के बजाय तबियत और ज्यादा बिगड़ गई.दरअसल, हाल ही में शारदा सिन्हा के पति का ब्रेन हैमरेज से निधन हुआ था. उसके बाद से उनकी तबीयत खराब रहने लगी थी. उन्होंने खाने-पीने में कई समस्याएं हो रही थी लेकिन उनकी यह दिक्कतें बढ़ती चली गई और तबीयत ज्यादा बिगड़ गई.एक अक्टूबर 1952 को शारदा सिन्हा का जन्म बिहार के सुपौल जिले में हुआ. उनकी शादी बेगूसराय जिले में हुई. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मैथिली लोक गायिका के रूप में की. उसके बाद उन्होंने हिंदी भोजपुरी और बज्जिका भाषा में भी लोकगीत गाए हैं. सलमान खान की फिल्म मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन में भी उनके गाए गए गाने खासे लोकप्रिय हुए और उसके बाद वह एक चर्चित हस्ती बन गई.

## बरहेट : चेकनाका पर 4 लाख 80 हजार रुपया बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहेट :** झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बरहेट थाना सीमा क्षेत्र के पाडेरबथान चेक नाका पर वाहन जांच के क्रम में 4.80 लाख रुपए बरामद किए गए। थाना प्रभारी पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि एक व्यवसायी से 1 लाख 30 हजार तथा रविवार सुबह एक व्यवसायी से 3 लाख 50 हजार रुपए वाहन जांच के क्रम में बरामद किए गए। इस मामले में थाना में सनाह दर्ज किया गया है। बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र के सभी चेक पोस्ट पर जांच अभियान 24 घंटे किया जा रहा है। इस दौरान चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच के दौरान नगद राशि को जप्त किया जा रहा है। अगर किसी के द्वारा नगद राशि की पूरी जानकारी दी जाती है तो वैसे मामले में राहत दी जाती है। अगर पकड़ी गई नगद राशि को लेकर वैद्य कागजात नहीं प्रस्तुत किए जाते हैं तो वैसी राशि को जप्त कर आगे की कार्रवाई के लिए पदाधिकारी को जानकारी दे दी जाती है। चेक पोस्ट पर चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। जांच के लिए प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी तथा पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी आवागमन करने वाले वाहनों की जांच लगातार की जा रही है। साथ ही आने जाने वाले संदिग्ध लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## झारखंड विस चुनाव में भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण है जीत हासिल करना : हिमंत



एजेंसी

**गुवाहाटी :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा सक्रिय हैं। चुनाव की तैयारियों को लेकर उनका लगातार बयान सामने आ रहा है। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के सह-प्रभारी बनाए गए हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक बयान में कहा है कि झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के लिए जीत हासिल करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन बीजेपी को सत्ता में आने की उम्मीद है। सरमा ने यह भी कहा कि वह वहां चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और असम में 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं यहां उपचुनावों पर नजर नहीं रख पा रहा हूं। मैं झारखंड में बहुत व्यस्त रहा हूं। हिमंत बिस्वा सरमा ने झारखंड में बीजेपी की जीत की संभावनाओं पर कहा कि यह चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन हमें वहां अच्छे नतीजों की उम्मीद है।उन्होंने कहा कि असम के मंत्री, विधायक और बीजेपी का राज्य नेतृत्व पूर्वोत्तर राज्य में पांच विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा,मैं इस बारे में निश्चित तौर पर नहीं कह सकता कि मैं इस बार यहां प्रचार करूंगा या नहीं। अगर मैं समय निकाल पाया तो शायद एक या दो जगहों पर प्रचार करूंगा।

## राजद से जुड़ा शहाबुद्दीन का परिवार

*** हिना शहाब और ओसामा को लालू यादव ने पार्टी में किया शामिल**



एजेंसी

**पटना :** सीवान के पूर्व सांसद और राजद के नेता रहे दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन का परिवार फिर से आरजेडी के साथ जुड़ गया है. रविवार को दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब और उनके पुत्र ओसामा तेजस्वी यादव के आवास पर पहुंचे. दोनों अपने समर्थकों के साथ यहां पहुंचे और आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने तेजस्वी यादव समेत पार्टी के कई बड़े नेताओं की मौजूदगी में दोनों को राजद में शामिल कराया. ओसामा ने राजद की टोपी अपने सिर पर पहनी. पार्टी के कई दिग्गज नेता इस दौरान मौके पर मौजूद रहे. बता दें कि मोहम्मद शहाबुद्दीन राजद और खासकर लालू यादव के साथ मजबूती से रहे. वहीं उनके निधन के बाद शहाबुद्दीन के परिवार के साथ लालू परिवार के रिश्तों में उतार-चढ़ाव दिखता रहा. वहीं इस साल हुए लोकसभा चुनाव 2024 में हिना शहाब निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर सीवान लोकसभा से चुनावी मैदान में उतरी थीं. हालांकि इस चुनाव में हिना शहाब को हार का सामना करना पड़ गया था. इस सीट पर राजद को हिना शहाब के कारण तीसरे नंबर पर रहना पड़ गया था. जदयू उम्मीदवार की यहां जीत हुई थी. जबकि निर्दलीय उम्मीदवार हिना शहाब दूसरे नंबर पर रही थीं. तेजस्वी यादव ने इस दौरान कहा कि हिना शहाब राजद की कद्दावर नेता रही हैं.

## राज्य के मरीजों को अब हाइटेक सुविधा मिलेगी, 132 करोड़ रुपये आवंटित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के मरीजों को अब हाईटेक सुविधा मिलेगी। इसके तहत राज्य के हॉस्पिटल में लेटेस्ट एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन लगाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 132 करोड़ रुपये आवंटित कर दिए गए हैं। एक थ्री टेसला एमआरआई मशीन की लागत 17 करोड़ रुपये होगी जबकि 256 स्लाइस वाले एक सिटी स्कैन वाली मशीन की कीमत पांच करोड़ रुपये होगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्तमान समय के चिकित्सा प्रणाली में एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन की उपयोगिता अहम हो गई है। मशीनों की खरीद टेंडर के जरीए की जाएगी। संस्थान के प्राचार्य, अधीक्षक, सिविल सर्जन द्वारा क्रय किए गए मशीन उपकरण, उपस्कर आदि के संचालन, सुरक्षा एवं रख-रखाव की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

सदर अस्पताल, रांची, एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद, शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय, हजारीबाग, फूलो-झानो चिकित्सा महाविद्यालय, दुमका, मेदिनी राय चिकित्सा महाविद्यालय।


असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
कोई स्टेज, कोई लक्षण
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
Dr. Barath Raj Kumar.S
M.S., MRCS (Edin.), M.Ch (Surgical Oncology)
Consultant Surgical Oncologist
Surgical Oncology
दिन :- प्रतिदिन सोमवार से शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

### भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने कई गांवों में चलाया जनसमर्पक अभियान

# चैनपुर विस में विकास के हुए कई काम : आलोक चौरसिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रविवार को प्रखंड चैनपुर के विभिन्न पंचायतों में जनसमर्पक अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से उन्होंने जनता से आशीर्वाद देने की अपील की और पिछले 10 वर्षों में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों पर संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि सभी चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने क्षेत्र को विकास की नई राह पर ले जाने का संकल्प लिया और जनता के समर्थन से इसे सफल बनाया।



**इन गांवों का किया दौरा**

प्रखंड चैनपुर (पंचायत - बोडी) के गांवों में दौरे का कार्यक्रम मतौली, बोड़ी, कोइरी टोला, धासी टोला, मंदिर टोला, चेरो टोला, मतौली (बैठा टोला), स्कूल टोला, और मतौली मोड़ में रखा गया। इसके अलावा, प्रखंड चैनपुर (पंचायत - करसो) के गांवों कोइरी टोला, लेमोइया टोला, पुरान टोला, यादव टोला, स्कूल टोला, खेरवा टोला, केलहार, और पंचलेवा में भी दौरा किया गया।

**ग्रामीण सड़कों का हुआ निर्माण**

चौरसिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया है। उन्होंने बताया कि सभी कठिनाइयों के बावजूद उनकी सरकार ने ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया, ताकि गांवों में यातायात की सुविधा बेहतर हो सके। उन्होंने बिजली आपूर्ति में सुधार पर जोर दिया, जिससे न केवल घरों में बिजली पहुँची, बल्कि किसानों को सिंचाई के लिए भी लाभ मिला।

**चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई कार्य किए गए**

चौरसिया ने कहा, हमने हर चुनौती का सामना करते हुए विकास को प्राथमिकता दी है। ग्रामीण इलाकों में स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार किया गया है, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा और लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।÷ श्री चौरसिया ने आगे कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद उन्हें फिर प्राप्त हुआ, तो वे क्षेत्र में और अधिक विकास कार्य करेंगे और क्षेत्र के हर नागरिक की उन्नति के लिए काम करेंगे।

**ग्रामीणों ने विधायक आलोक चौरसिया की सराहना की**

इस दौरान स्थानीय निवासियों ने विधायक के प्रति आस्था जताई और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। विधायक चौरसिया ने जनता से आगामी चुनावों में उनके समर्थन और आशीर्वाद की अपील की, ताकि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें।

## पांकी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई, शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा मजबूत करेंगे : मुमताज खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के आजाद समाज पार्टी के प्रबल प्रत्याशी मुमताज खान के समर्थन में अपार समर्थन उमड़ रहा है। अपना नामांकन करने के बाद मुमताज खान प्रतिदिन दर्जनों गांव का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें आम जनता का जबरदस्त आशीर्वाद मिलता देख रहा है। विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज खान सबसे अच्छा प्रत्याशी हैं। अगर वह जीत जाते हैं तो इस क्षेत्र का तेज गति से विकास होगा। मुमताज खान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में कई बहुरूपीए घूम रहे हैं। इन लोगों के चक्कर में नहीं पड़ना है। उन्होंने कहा कि इन सबों को यहां की जनता देख चुकी है। मुमताज खान ने कहा कि अगर वह यहां से जीत जाते हैं तो समूचे क्षेत्र में सिंचाई की समुचित व्यवस्था करेंगे। साथ ही किसानों को खुशहाल बनाएंगे। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की जो लचर व्यवस्था है उसको मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूल परिवर्तन किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ कई समर्थक उपस्थित थे।

## समाजसेवी अंशु अग्रवाल के द्वितीय पुण्यतिथि पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के युवा समाजसेवी सह मानसरोवर मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर अंशु अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। दर्जनों लोगों ने उनके तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस दौरान पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने अपने मित्रों के साथ हुसैनाबाद का सुदूरवर्ती क्षेत्र महूदण्ड पंचायत में गरीब परिवार के बीच कॉपी, कलम और टार्च का वितरण किया ।साथ ही जपला रेलवे स्टेशन में पौधारोपण भी किया गया। मौके पर युवा समाजसेवी के मित्र पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने कहा कि समाज के अग्रणी लोगों का व्यक्तित्व हमेशा समाज के लिए प्रेरणास्रोत होता है। अंशु अग्रवाल शहर के युवाओं के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए भी एक मिशाल थे। वह सभी धर्मो लोगों को अपने साथ लेकर चलने में विश्वास करते थे।युवा पीढ़ी के लोग उनका व्यक्तित्व से सिख लेकर अपने जीवन का विकास कर सकेंगे। मौके पर रविंद्र गुप्ता, बिकास बेंगरा, संजय पासवान, सुजीत कुमार, अमर कुमार, नागेंद्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# छठ पूजा कमिटी का हुआ पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** 27 अक्टूबर को पंच मंदिर सरोवर परिसर में एक बैठक आहूत कर छठ पूजा कमिटी पंच मंदिर सरोवर का पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्यामा प्रसाद विश्वकर्मा उर्फ़ भोला विश्वकर्मा ने की। जबकि मंच संचालन अखिलेश यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से छठ पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पदों का सृजन कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया जिसमें रामजनम सिंह यादव, विनय कुमार सिंह यादव, रविन्द्र चौधरी, अरविंद सिंह एवं सुरेश ठाकुर को संरक्षक जबकि भोला विश्वकर्मा को अध्यक्ष, डॉ. निरंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष, अखिलेश यादव को सचिव, विजय कुमार यादव, रविकांत सिंह एवं शेखर कुमार सिंह को उप सचिव, वीरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, मुकेश विश्वकर्मा एवं राजू कुमार पासवान को उप कोषाध्यक्ष , शशिकांत सिंह, शंकर शाह, कन्हाई यादव एवं लक्की कुमार को अंकेक्षक, रमेश प्रसाद, राजेश कुमार, शैलेश कुमार एवं लालदीप कुमार को मीडिया प्रभारी, शिवप्रसाद चंद्रवंशी, लोहा सिंह एवं चन्द्र देव रजवार को अखंड प्रमुख, डॉ राजीव रंजन को सजावट प्रमुख के अलावे सदस्यों के रूप में पिंटू चंद्रवंशी, संतोष कुमार यादव, चितरंजन प्रसाद, अनिल कुमार, विनोद कुमार प्रजापति, मुन्ना चंद्र वंशी, राजू रंजन चौधरी, राहुल चंद्र वंशी, अमित कुमार, अरविंद यादव, छोटू यादव, गुड्डू सिंह, खखनु राम चंदन कुमार चौधरी, रिंकू यादव, धर्मेन्द्र शर्मा, हर्ष अंशुमान आदि का नाम उल्लेखनीय हैं।

# दिव्यांगजनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले में 13 नवंबर को मतदान होना है। इस दिन शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से स्वीप अंतर्गत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को शहर के छः मुहाँन चौक से समाहरणालय परिसर तक दिव्यंजनो के तरफ से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी।रैली को पीडब्लूडी कोषांग के नोडल पदाधिकारी सेवाराम साहू व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, दिव्यांगजन आइकॉन अविनाश कुमार तिवारी व लोकसभा चुनाव 2024 के दिव्यांगजन आइकॉन सह ब्रांड एंबेसडर पवन कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान रैली में 60 से अधिक दिव्यांगजन पैदल, ट्राई साईकल, मोपेड, बैसाखी व अन्य माध्यम से समाहरणालय परिसर पहुंचे. इस दौरान सभी ने मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर, बैनर और नारे लगाते नज़र आये साथ ही सभी से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की। पीडब्लूडी कोषांग के जिला आइकॉन अविनाश कुमार तिवारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान दिव्यांगजनों द्वारा किया गया था, इस विधानसभा चुनाव में हमारा प्रयास है कि 75 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता अपना मतदान करें. रैली के पश्चात समाहरणालय परिसर में मटकाफोड़, गुलेल से निशानेबाज़ी एवं ग्लास का मीनार निर्माण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर सभी ने 13 नवंबर को मतदान करने की शपथ ली.



## जागृति दुबे के पक्ष में चलाया जनसंपर्क, मांगा समर्थन



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड युवा विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकाश दुबे ने रविवार को प्रत्यासी जागृति दुबे के पक्ष में जन्मपर्क अभियान चलाया. इसके तहत दुबे भंडार, बसना, ब्रह्मोरिया, शंखा,केतात सहित दर्जनों गांवों में जाकर जागृति दुबे के लिए समर्थन मांगा. उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का समय आ गया है. आप हमे समर्थन दें, हम आपको भ्रष्टाचार मुक्त और विकसित बिश्रामपुर देंगे. मौके पर विवेक शुक्ला, मुखिया रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, शेष पासवान, बसना आलोक पांडे, छोटू पाण्डेय, डबल पांडेय, बूबून पाण्डेय, धर्मेंद्र पाण्डेय,अनूपम पाण्डेय, रामू दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड में डबल इंजन की सरकार से ही विकास संभव : विकास



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजयुमो रमकंडा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव के अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक सह झारखंड चुनाव सह प्रभारी विशाल त्रिवेदी ने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार से ही विकास संभव है भाजपा सरकार आने के साथ झारखंड में स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का दरवाजा खुलेगा। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेकों योजनाएं चलाई जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है लेकिन झारखंड में झामुमो सरकार ने सिर्फ लुटेरा, माफिया राज, गुंडाराज राज चलाने वाले लोगों को संरक्षण देने का काम किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी। इसके लिए रमकंडा मंडल में कार्यकर्ताओं ने कमर कस लिया है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में गांव गांव जाकर युवाओं के साथ लोगों को जागृत करेंगे। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता ऐसे भ्रष्ट लुटेरा झामुमो प्रत्याशी को खदेड़ने का काम करेंगे। जनता झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम के दौरान झामुमो छोड़कर रामा यादव, संतोष विश्वकर्मा सहित अन्य कई लोग शामिल हुए। मौके पर भाजयुमो जिला मंत्री संजय जायसवाल सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पाटन से दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष को पत्र देकर पार्टी से इस्तीफा दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा रविवार को किशनपुर काली मंदिर के प्रांगण में सामूहिक बैठक कर पार्टी से इस्तीफा देने का मंजूरी किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल मंत्री आनंद सिंह ने किया।इन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार छुद्र कार्यशैली प्रभावित होकर इस्तीफा दिया। इस्तीफा देने में मंडल मंत्री आनंद सिंह, घर समिति सदस्य निरंजन पासवान, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सदस्य बृज बिहारी सिंह नागेंद्र दुबे, अशोक पासवान आदि शामिल हैं।

# कुड़वा मोड़ पर भाजपा ने की विधानसभा स्तरीय बैठक

### शामिल हुई विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, सभी मंडल के अध्यक्ष, कार्यकर्ता और प्रवासी पर्यवेक्षक के साथ हुए शामिल। रविवार को भाजपा का विधानसभा स्तरीय बैठक और कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ।इस बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श हुआ। कार्य शाला में तकनीकी विषयों, सोशल मीडिया और जनसंपर्क के विभिन्न शैलियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, विधानसभा प्रभारी राजधानी यादव, मध्य प्रदेश से चलकर आए विधानसभा प्रवासी सुभाष वर्मा, विधानसभा विस्तारक मुन्ना रजक, प्रशिक्षण प्रमुख कुलदीप, जिला कार्यसमिति सदस्य अरुण दुबे एवं अशोक तिवारी, महामंत्री सुजाता सिंह, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, पड़वा मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, किशुनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, पिंकी विश्वकर्मा के साथ पड़वा पाटन किशुनपुर के सभी बूथों के बूथ संयोजक एवं सह संयोजक शामिल हुए।

## बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह की अध्यक्षता में ने निकाला गया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** भवनाथपुर विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए निकला गया फ्लैग मार्च थानाप्रभारी राहुल सिंह की अध्यक्षता में आज थाना परिसर से होते हुए बिशनपुरा बाजार पिपरी कला, अमहर, कोचिया मोड़ से थाने की और प्रस्थान की बीएसएफ के जवानो के संग राहुल सिंह ने विभिन्न चौक चौराहे पर भीड लगाने से मन किया. साथ में निर्देश दिये की बिना हेलमेट या सेफ्टी बेल्ट कोई भी गाड़ी ना चलायें. अपने गाड़ी का पेपर साथ में रखें. चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार का अफ़वाह या सोशल मीडिया पर पोस्ट ना करें ना ही ऐसे पोस्टों को सार्वजनिक रूप से बिना कुछ सोचे समझे फॉरवर्ड करें. हमारी टीम सोशल मीडिया पर अपनी नजर बनाए रखी है. साथ में लोगों से अपील करते हुए यह भी समझा कि इस लोकतांत्रिक पर्व को हम सब मिल कर अच्छे से बिना किसी के लापरवाही के शांतिपूर्ण तारिके से सम्पन्न करें. हर एक चौक चौराहे पर हमारे थाना क्षेत्र की अंतरगत टीम लगी हुई है लगतार वहां चेकिंग चल रही है ताकि कोई भी लोकतांत्रिक पर्व में बाधा उत्पन्न ना हो. लोग भी इनकी पहल सराहते हैं. विशुनपुरा थाना क्षेत्र के युवा भी राहुल सिंह को अपना आदर्श मानते हैं।

# बसपा प्रत्याशी चंचला देवी ने कई गांवों का दौरा कर मांगा आशीर्वाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी चंचला ने अपने विधानसभा क्षेत्र के छतरपुर, कालापहाड, लठेया, सुसीगंज, खेंद्रा के आलावा पड़वा प्रखंड के दर्जनों गाँवों की दौरा कर अपना पक्ष मे मतदान करने के आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 48 वर्षो के बाद रिकॉर्ड मतों जीत हासिल करूंगी सिर्फ आप सबों की आशीर्वाद की जरूरत है। छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र से मुझे प्रतिनिधित्व करने की मौका मिला तो छतरपुर को जिला बनाने, सरईडीह व लठेया, नावा जयपुर एवं किशुन को प्रखंड बनाना और पाटन को बनाना अनुमंडल मेरा पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही साथ नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे युवा के खेल स्टेडियम का निर्माण और छतरपुर -नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे 512 पारा शिक्षकों जो आज अवैध करा देकर उन्हें कार्य से बाहर रखे गये है उनकी लड़ाई लड़ने की काम करूंगा और उन सभी पारा शिक्षकों की वैध करा कर योगदान करने की कार्य करूंगी। छतरपुर - पाटन विधानसभा मे सड़क, विजली, स्वास्थ, सिचाई और पेयजल की व्यवस्था मुहैया करना मेरा पहली दायित्व होगी। झारखंड विधानसभा मे आप सबों की आवाज बुलंदी के साथ उठाने की कार्य करूंगी। छतरपुर -पाटन विधानसभा में विकास की गंगा बहाने की काम करूंगी। उक्त मौके पर पड़वा जिला परिषद माया देवी, चंद्रवंशी समाज के अनुमंडलीय अध्यक्ष मानकी चंद्रवंशी, नागेंद्र चंद्रवंशी, सोनी देवी, अजय राम, श्रवण राम, पप्पू चंद्रवंशी, कविता देवी, राकेश चंद्रवंशी के अलावा सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



### पाटन के अगनवा खैरका जंगल से 63 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद

# जिला परिषद संग्राम सिंह अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में मृतक का करवाया पोस्टमार्टम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन थाना क्षेत्र के कोलहुआ किशैनी गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह के पुत्र अवधेश सिंह उम्र 63 वर्ष का शव पाटन थाना क्षेत्र के अगनवा खैरका जंगल से पाटन थाना की पुलिस ने बरामद किया है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि अवधेश सिंह शनिवार की सुबह अपने घर से खाना पीना खाकर मवेशी चराने निकले थे।जिसके बाद से वह अपने घर नही लौटे।घर नही लौटने पर परिजनों के द्वारा सभी जगहों पर उनकी खोज बीन की गई।इसके बाद भी उनका कुछ भी पता नहीं चल पाया। रविवार की सुबह परिजन उनकी तलाश में निकले तो पता चला कि अवधेश सिंह का शव अगनवा खैरका जंगल में पड़ा हुआ है। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवा रहे हैं। बताते चलें की संग्राम सिंह पाटन क्षेत्र के किसी भी ग्रामीण जनता के सुख दुख में दिन-रात खड़ा रहते हैं।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।वही मौके पर उपस्थित संग्राम सिंह ने कहा कि पाटन थाना क्षेत्र में अभी तक कई लोगों की हत्या हो चुकी है परंतु पाटन थाना की पुलिस की लापरवाही से अभी तक किसी का उद्भेदन नही हो पाया है।



## नदी में डूब कर 13 वर्षीय कार्तिक की हुई मौत



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत ग्राम-पंचायत मुकुंदपुर में रविवार को पंडा नदी में नहाने के क्रम में 13 वर्षीय लड़का की मौत डूबने से हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से नदी में ढूंढ कर उसे बाहर निकाला गया। ज्ञात हो कि मुकुंदपुर निवासी कृष्णा प्रसाद का 13 वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार गांव के ही अन्य लड़कों के साथ नहाने गया था इसी दौरान अधिक पानी होने के कारण लड़का की मौत डूब कर हो गई। खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था साथ ही गांव में मातम सा छाया हुआ है।

## पुलिस द्वारा की गई छापेमारी, किया गया जावा महुआ नष्ट



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव को देखते हुए भवनाथपुर पुलिस ने रविवार को सिंदुरिया पंचायत में अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान सिंदुरिया निवासी सोहर उरांव के घर से 27 लिटर अवैध शराब को जब्त किया, जबकि 180 किलो जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया। छापामारी की सुचना मिलते ही संचालक सोहर उरांव भागने में सफल रहा। एस आई नारायण प्रसाद के आवेदन के आलोक में पुलिस ने सोहर उरांव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए भवनाथपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से देशी शराब तथा विदेशी शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध अभियान चला कर कारवाई किया जा रहा है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# बागी नेताओं को मनाने में जुटें भाजपा के बड़े नेता, मंत्री

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** अपने रुठे हैं तो उन्हें समय पर ही मना लेना ही अक्लमंदी है। भाजपा यही काम कर रही है। जो नेता पार्टी से नाराज़ होकर बागी बन गये हैं उसे मनाया जा रहा है। अबतक इस अभियान में भाजपा को सफलता मिलते दिख रही है। अगर समय पर बारे हुए नेताओं,कार्यकर्ताओं को भाजपा समटने में सफल होती है तो झारखंड में सरकार बनाने से इसे कोई रोक नहीं सकती है। क्योंकि भाजपा ने आजसू को अपने साथ रखा है तो, जेडीयू और लोजपा के साथ भी गठबंधन है तो वहीं बाबूलाल मरांडी की जेवीएम भी भाजपा में ही है,ऐसे वोट प्रतिशत भाजपा का बढ़ता दिख रहा है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के सहयोगी राजद, वामदल अंतिम समय में बिखरते दिख रहे हैं तो वहीं कांग्रेस भी डांवाडोल नजर आ रही है।

**भाजपा मनाने में लगी है :** झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के कई नेताओं को टिकट नहीं मिलने पर कई बागी हो गए हैं, तो किसी ने पार्टी छोड़कर झामुमो में चले गये। लेकिन जो भाजपा में रहकर निर्दलीय नामांकन कर दिये हैं उसे मनाने के लिए भाजपा ने अलग से एक टीम बना लिया है। जिसमें मंत्री से लेकर सांसद तक शामिल हैं। पहले चरण में भाजपा के कई बागियों ने पर्चा भी दाखिल कर दिया है। इन सभी को मनाने के लिए असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव के उप प्रभारी हिमांता बिस्वा सरमा समेत कई वरिष्ठ नेता एक-एक बागी से मिल रहे हैं। उन्हें नामांकन वापस लेने के लिए मनाया जा रहा है।

**पहले रवींद्र राय माने :** भाजपा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय को गिरीडीह और धनवार से टिकट नहीं मिला तो वे नाराज हो गये। जेएम एम में जाने की अफवाह उड़ी,लेकिन राय ने खंडन किया और जो सूत्रों से मिली खबर के अनुसार राय सीधे पद्मश्री अशोक भगत के शरण में जा पहुंचे,फिर क्या था रातों रात शनिवार रवींद्र राय को पार्टी ने



भाजपा के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बना कर उन्हें मना लिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने तत्काल प्रभाव से उनकी नियुक्ति की अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गई।

**इन्हें भी मनाया गया :** गुमला से भाजपा प्रत्याशी रहे मिसिर कुजूर ने इस बार निर्दलीय पर्चा भरा है। मिसिर से हिमांता बिस्वा सरमा, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मनाया। इसके बाद हिमंता बिस्व सरमा कांके से भी भाजपा अनुसूचित मोर्चा के कमलेश राम ने पर्चा दाखिल किया है। कमलेश राम के आवास पर शनिवार को सुबह हिमंता बिस्वा सरमा, सांसद दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा समेत अन्य वरिष्ठ नेता पहुंचे और इन्हें भी मना लिया गया, कमलेश ने रविवार को पत्रकारों को इसकी जानकारी भी दी। वहीं केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ रांची से निर्दलीय पर्चा दायर करने वाले मुनचुन राय को भी मनाने पहुंचे थे,लेकिन मुनचुन ने शुक्रवार को पर्चा भर दिया है,लेकिन मुनचुन को मनाने का दौर जारी है। इसके अलावा संदीप वर्मा और उत्तम यादव को भी मनाने का मंथन जारी है। बताया जा रहा है कि जुगसलाई से एनडीए से आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस के खिलाफ नामांकन दायर करने वाले अनुसूचित मोर्चा के नेता विमल बैठा को भी मनाने में जुटे हुए हैं। घाटशिला सीट से चुनाव में प्रत्याशी रहे लखन मार्डी को भाजपा के महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने मुलाकात कर मना लिया है। वहीं धनवार से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ निरंजन राय ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। निरंजन को मनाने सांसद निशिकांत दुबे तिसरी स्थित उनके आवास पहुंचे थे। लेकिन निरंजन चुनाव लड़ने के फैसले पर अटल हैं। बाघमारा की नेत्री किरण बाला को भी मना लिया है। संथाल में रेणुका मुर्मू, नाला से सत्यानंद झा बाटुल को भी भाजपा नेता मनाने में जुटे हैं। भाजपा के नाराज नेताओं को मनाने में सबसे ए पहले सफलता पोटका में मिली। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा चुनाव लड़ रही है।इसलिए तीन बार की विधायक रह चुकी मेनका सरदार ने गुस्सा में। आकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उन्हें मनाकर दोबारा पार्टी में वापस कराया गया। बरकट्ठा से उम्मीदवारी की दावेदार कुमकुम देवी को भी मनाया जा गया लेकिन। सफलता नहीं मिली है। कुमकुम देवी दूसरी पार्टी से भाजपा के अमित यादव के खिलाफ चुनाव लड़ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के शिष्टमंडल ने राज्यपाल से किया भेंट

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज भवन में दीपशिखा, बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (पुरश्री की एक इकाई), राँची का एक शिष्टमंडल प्रियंका जालान के नेतृत्व में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को दीपशिखा द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल महोदय ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के हित में समर्पित रूप से कार्य करना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज के सभी वर्गों से निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग की आवश्यकता है, ताकि वे जीवन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकें।

### राष्ट्रीयवादी विचारधारा के पक्ष में मतदाताओं को किया जागरूकः मिश्रा

**रांची।** युवा दस्ता साथ राँची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की बैठक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक का संचालन सुनील गुप्ता ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन उपेन्द्र रजक के द्वारा किया गया ।बैठक में सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया । बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठनों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ।राष्ट्रीयवादी विचारधारा के पक्ष में मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा ।राँची , कांके , खिजरी , सिल्ली विधानसभा छेत्र के ग्रामीण सहित शहरी छेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा । मिश्रा ने सभी समाज से आए लोगो एवं युवाओ को देश के सबसे बड़े पर्व के अवसर पर अपने परिवार एवं पड़ोसियों के परिवार से भी मतदान कराने की अपील की ।

## संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज का राँची आगमन 29 को

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिती राँची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा राँची दिनांक 29 अक्टूबर को अपराह्न 04 बजे विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग भवन अपराह्न 4 बजे पहुँचेगें संत शिरोमणी सदानंद जी महाराज। संत सदानंद जी महाराज अपने जीवन के जनसेवा के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के बाद राँची आ रहे है। इस को लेकर उनके शिष्यों मे विशेष उत्साह है।हिन्दुओ के सबसे बडे पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रूप चौदस, छोटी दिपावली, काली पूजा, दीपावली,गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं भाई दूज के सुअवसर स्वामी श्री सदानंद जी महाराज अपने शिष्यों को बधाई देने धनतेरस के दिन मंगलवार दिनांक 29 अक्टूबर को अपराह्न 04 बजे रायगढ से सड़क मार्ग से चलकर विधा देवी के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग भवन पहुंचेगे।

## रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का समय बदला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रविवार को अपने तय समय पर रांची स्टेशन से नहीं खुलेगी। इसका समय बदल दिया गया है। यह ट्रेन अपने तय समय से कम से कम एक घंटे विलंब से खुलेगी। राजधानी एक्सप्रेस का रविवार को खुलने का समय शाम पांच बजकर 15 मिनट है लेकिन यह ट्रेन रविवार छह बजकर 15 मिनट पर रांची स्टेशन से रवाना होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, सीपीआरओ ने यह नहीं बताया कि ट्रेन को री-शेड्यूल क्यों किया गया है। 12453 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन रविवार को रांची से आमतौर पर शाम को 5¬15 बजे खुलती है और 17 घंटे 55 मिनट की यात्रा के बाद दिल्ली पहुंचा देती है। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन रांची से खुलने के बाद लोहरदगा, डालटेनगंज, गढ़वा रोड, रेणुकूट, चोपन, सोनभद्र, प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रुकते हुए नई दिल्ली तक जाती है। ट्रेन सोमवार को सुबह 11¬10 बजे दिल्ली पहुंचा देती है। इस दौरान ट्रेन 1246 किलोमीटर की दूरी तय करती है। यह ट्रेन रांची से सिर्फ रविवार को चलती है।

## मतदाता जागरूकता करने को लेकर शहर में निकाली गई साइकिल रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 27 अक्टूबर 2024 को स्वीप के तहत मोरहाबादी मैदान से मतदाता जागरूकता हेतु पूरे रांची शहर में साइकिल रैली निकाली गई। इसमें मुख्य रूप से पुलिस उप महानिरीक्षक, द.छो.क्षेत्र, रांची, अनूप बिरथरे, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चन्दन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव एवं जिला स्तरीय तमाम पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जानकारी हो




की मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप के तहत कई कार्यक्रम करके मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं।

## जेल से बाहर आने के बाद महिलाएं बेच रही है ब्राउन शुगर, पुलिस हुई रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नशा के खिलाफ लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है,तो वहीं दूसरी ओर इस नशीली पदार्थ के खिलाफ वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने भी छापेमारी अभियान चला रखा है। सबसे ज्यादा सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से नशा करने वाले खासकर अफीम और ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करने वाले को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज चुकी हैं। वहीं अब ये लोग जेल से बाहर आ गये हैं, आते ही फिर से ब्राउन शुगर बेचने का काम शुरु करने की सूचना है। मुहल्ले के लोग अफीम और ब्राउन बेचने वाले से परेशान हैं। बताया जा रहा है कि मुहल्ले में युवाओं को नशा का लत लगा रहे हैं। दो सौ से लेकर पांच सौ रुपये में ब्राउन शुगर की पुड़िया बेची जा रही है। इतना ही नहीं बताया जा रहा है कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्यानगर कर्म चौक क्षेत्र स्थित दो महिलाएं जिसमें मां और बेटी बताई जा रही है और हाल में ही जेल से बाहर आई है,आते ही फिर से सक्रिया हो गई हैं। इसके गिरोह द्वारा ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की जा रही है। पहले भी इन दोनों महिलाओं को सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने ब्राउन शुगर बेचते दोनों को पकड़ा था , जेल से निकलने के बाद फिर से इनके द्वारा ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही है। पूर्व में कोर्ट द्वारा संज्ञान लेने के बावजूद सुखदेव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्यानगर क्षेत्र में ब्राउन शुगर की बिक्री खुलेआम हो रही है।

## आदिवासी महिला गैर आदिवासी पुरुष से शादी कर एसटी सीट पर चुनाव लड़ना आदिवासियों की हक मारी है : मुण्डा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आदिवासी समन्वय समिति के सयोजक लक्ष्मीनारायण मुण्डा एवं कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुण्डा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि आदिवासियों के लिए 28 सीट आरक्षित किए गए हैं। कुछ सीट में आदिवासी महिला जो गैर आदिवासी से शादी कर चुकी है, उन्हें भी विधान सभा चुनाव के लिए टिकट दिया जा रहा है। हम सभी आदिवासी संगठन इसका पुरजोर विरोध करेंगें। बताते चलें कि जेएमएम ने भी खूंटी विधान सभा से गैर आदिवासी प्रत्याशी को टिकट दिया था, पर विरोध के बाद उसे हटा दिया गया। खिजरी विधान सभा में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी आदिवासी महिला सरीता तिर्की, जो गैर आदिवासी जलेश्वर महतो की पत्नी है को टिकट दिया है। इसी लोहरदगा विधानसभा से एक उम्मीदवार राजपति देवी चुनाव में खड़ी हैं, जो विजय महतो की पत्नी है। यह सीट भी आदिवासियों के लिए आरक्षित है। आदिवासियों के हक - अधिकार मारने की साजिश है।पंचायत चुनाव या विधानसभा चुनाव सभी में ऐसा हो रहा है, जो निंदनीय है। आदिवासी समन्वय समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि एक सोची-समझी रणनीति के तहत ऐसी आदिवासी महिलाएं जो गैर आदिवासी से शादी कर ली है उसको चुनाव में उतारा जा रहा है यह आदिवासियों के लिए खतरे की घंटी है। कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुंडा ने कहा कि चुनाव आयोग, केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और संवैधानिक संस्थाओं द्वारा इस पर ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आदिवासी समुदाय के संवैधानिक हक-अधिकारों पर हमला है।

## अजय नाथ शाहदेव ने हटिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हटिया से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने मधुकम,बजरा, हेहल, पुंदाग, हरमू में पदयात्रा और बैठक कर जनसंपर्क अभियान चलाया।उन्होंने लोगों से हटिया में एक मौका देने की अपील की।शाहदेव ने कहा हटिया विधानसभा का क्षेत्र होने के बावजूद विकास में काफी पिछड़ा हुआ है। लोगों की उम्मीदों पर जनप्रतिनिधि ने पानी फेर दिया है। आम जनता समस्याओं को लेकर काफी परेशान हैं। इसलिए इस बार बदलाव के लिए वोट करें और एक मौका जरूर दें।शाहदेव ने लोगों से



कहा कि महागठबंधन की सरकार ने आम जनता के काफी काम किया है। सभी महिलाओं को सम्मान दिया, 200यूनिट की बिजली बिल की माफ कर महंगाई से जूझ रही जनता को राहत देने का काम किया, गरीबों को अबुजा आवास मिला, सभी वर्ग के बुजुर्ग महिला पुरुष को पेंशन दिया।आज से पहले किसी भी सरकार ने इतना काम नहीं किया था अतः हटिया में बदलाव के लिए और झारखंड में पुनः गठबंधन की सरकार बनाने के लिए कांग्रेस को वोट करें।जनसंपर्क कार्यक्रम में रिशु रितेश, झामुमो नेता बीरू तिर्की, महादेव उरांव,बिगल उरांव, सतेंद्र शेखर कुमार, सुरज तिर्की,सागर सिंह, राहुल गुप्ता, नीलिमा देवी,रेणु देवी,रेखा सिंह,निरूपमा देवी, अर्चना देवी, अजय भगत, अरविंद मिश्रा,दीपू सिन्हा, राजेश गोप सहित काफी संख्या कांग्रेस, झामुमो के कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।

## झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, अर्चित आनंद बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का वार्षिक आम सभा (एजीएम) सह चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. जेएससीए परिसर में आयोजित एजीएम में वार्षिक रिपोर्ट पेश किए गए. साथ ही नए सत्र (2024 - 2028)के लिए कमिटी का चुनाव संपन्न हुआ. जिसमे 21 सदस्यीय कमिटी का निर्विरोध चुना गया. जिसमें अर्चित आनंद अध्यक्ष और जय कुमार सिन्हा को सचिव बनाए गए.

मौके पर रिस्टर्निंग ऑफिसर बिनय कर्ण और जेओए ऑब्जर्वर सुरेश कुमार, झारखंड खेल विभाग से देवेंद्र कुमार मौजूद थे. इस दौरान सभी निर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया गया.

झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन कमिटी में राजीव कुमार बिट्टू - चेयरमैन, अर्चित आनंद - अध्यक्ष, जय कुमार सिन्हा - सचिव, ट्रेजरर - करमबीर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष - संजेश मोहन ठाकुर, वाइस प्रेसिडेंट - कुलवंत सिंह,आलोक गुप्ता, आशुतोष, विजय मेवार, दिनेश कुमार सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी - राकेश कुमार मिश्रा, अनिल, अनूप राजेश लकड़ा, रामाशीष सिंह, एक्जीक्यूटिव मेंबर - राजन कुमार, प्रिंस कुमार मिश्रा, धनंजय सिंह, विकाश कुमार केशरी, केएन सिंह बनाए गए हैं।

## निःशुल्क चिकित्सा और रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**रांची।** रविवार को यूथ करेज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पाम इंटरनेशनल स्कूल बरियातु मे निशुल्क चिकित्सा शिविर निशुल्क ब्लड जाँच और मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे बड़ी संख्या मे लोगों ने रक्तदान किया और साथ ही लोगों ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी लाभ उठाया। मौके पर डॉ नदीम अनवर, डॉ फारुख नवाब, डॉ सैफुल इस्लाम ने अपनी सेवा दी, साथ ही लेक व्यू ब्लड बैंक, कल्याणी पैथो लैब, अक्कु पल्स लैब ने भी अपनी सेवा दी।

## धर्म के नाम पर नहीं, डेवलपमेंट के नाम पर महुआ माजी को करें वोट : गुप्ता

**प्रभामत मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार डॉ महुआ मांझी के समर्थन में झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने फुटपाथ दुकानदारों के साथ बातचीत की। गुप्ता ने बताया कि 28 सालों से झारखंड की राजधानी रांची विधानसभा में भाजपा के विधायक सीपी सिंह काबिज हैं, लेकिन रांची का विकास नहीं हो सका है । आज भी ट्रैफिक जाम मिलती है, फुटपाथ दुकानदारों को उनके स्थान नहीं मिल पाया है, जिस कारण से



फुटपाथ दुकानदारों की समस्याएं बढ़ते जा रही है, वेंडर मार्केट मिला है लेकिन सभी फुटपाथ दुकानदारों को वहां बसाया नहीं गया है, इसके अलावा बरसात के दिन हो या फिर कभी हल्की बारिश हो जाए तो नाली का सारा गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है, आवागमन बाधित हो जाता है । बड़ा तालाब और हारमू नदी की दुर्दशा देखकर यह अनुमान लगा सकते हैं कि किस तरह से धनराशि का बंदर बांट किया गया है। आज भी गली, मोहल्ले में सड़क और नाली निर्माण के लिए विधायक सीपी सिंह को नहीं, बल्कि डॉक्टर महुआ मांझी को बुलाया जाता है । कई गली मोहल्ले में सड़क, नाली का निर्माण कराया गया, पेयजल के लिए टंकी का व्यवस्था और हैंडपंप लगाया गया। यह सब राज्यसभा सांसद मद से किया जा रहा है। इसलिए अब धर्म के नाम पर वोट ना करके विकास के नाम पर वोट करने के लिए सभी आगे आए और डॉक्टर महुआ मांझी को रांची विधानसभा में जीत दिलाये, तभी सभी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इस मौके पर फुटपाथ दुकानदार के कई लोग शामिल थे।

## अगर हेमंत सोरेन को शर्म है, तो मंत्री इरफान अंसारी को हटाएंः शिवराज सिंह चौहान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर भाजपा आक्रामक है। रविवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में बहन सीता सोरेन का अपमान हुआ है। उन्होंने झारखंड सरकार और मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बयान सरकार की महिला-विरोधी मानसिकता को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि आदरणीय सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं, और उनका अपमान झामुमो सरकार के महिला-विरोधी रवैये को उजागर करता है।गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सीता सोरेन , स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भाभी को मां का दर्जा दिया गया है। रामायण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब सीता जी का अपहरण हुआ था, तब लक्ष्मण जी से पूछा गया था कि मां



सीता क्या पहना था। इस पर लक्ष्मण जी ने कहा था कि उन्होंने मां सीता के पैरों के अलावा कभी उनका चेहरा भी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं को यहां के लोग भली-भांति जानते हैं। जब सीता जी का अपमान हुआ था, तब लंका जली थी और रावण का अंत हुआ था। लेकिन झारखंड में हर दिन सीता का अपमान हो रहा है। चौहान ने आगे कहा कि झारखंड की जनता जानती है कि रावण कौन है और यहां की कानून-व्यवस्था कैसी है। उन्होंने कहा कि राज्य में मां, बहनों और बेटियों का हर दिन अपमान हो रहा है। रुबिका और अंकिता जैसी लड़कियों के साथ हुई घटनाओं समेत राज्य में अब तक 7,400 दुष्कर्म के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन जी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर उनका अपमान किया है, अगर हेमंत सोरेन में जरा भी शर्म है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

## बड़बोले कमलेश राम कांके विधानसभा से नहीं लड़ेगें चुनाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को तामझाम के साथ भाजपा नेता कमलेश राम ने कांके विधान सभा से नामांकन किया था, जब मीडिया ने पूछ था कि कमलेश चुनाव लड़ोगे या पीछे हटोगे? तब कमलेश राम ने चिल्लाकर मीडिया से कहा था भाई निर्दलीय नामांकन कर दिये हैं,मेरे लिए कांके की जनता सर्वोपरी है और जनता का दिल कमलेश नहीं तोड़ सकता है चाहे कोई भी मनाने आ जाए। क्योंकि जीतू चरण राम से कांके की जनता में आक्रोश है। लेकिन रविवार को कमलेश ने भाजपा कार्यालय पहुंचा और पत्रकारों को संबोधित किया। कमलेश राम ने बताया कि उन्हें असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा मनाने में कामयाब रहे। कांके विधानसभा से अपना नामांकन वापस ले लिये हैं। आगे कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं क्योंकि उनके लिये राष्ट्र और भारतीय जनता पार्टी सर्वोपरि है। कमलेश राम ने बताया कि बीते कल हिमंत बिस्वा सरमा उनके घर आये थे। मैंने उनका सत्कार किया। उनसे बातचीत हुई। हम सब एक ही मिशन में निकले हैं। हेमंत सरकार को हटाकर एक अच्छी सरकार देने के लिए निकले हैं। झारखंड को बचाना है, तो बिखरना नहीं है। मैं चुनाव लड़ना चाहता था लेकिन कभी-कभी राष्ट्र को देखते हुये व्यक्तिगत सोच को पीछे रखना पड़ता है। मैंने अब तक भाजपा के खिलाफ कुछ नहीं बोला। ना ही मैंने इस्तीफा दिया था।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल का मंथन 2024 के 8वें संस्करण में शानदार प्रदर्शन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची के छात्रों ने बिरला दिव्य ज्योति सिलीगुड़ी में आयोजित मंथन 2024 के 8वें संस्करण में शानदार प्रदर्शन किया। 'टॉकः इंटीग्रेटेड डांस डायलॉग' में कृतिका सरकार और प्रिंस व्यास ने सर्वश्रेष्ठ साउंडस्केप के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञाश्री होता और कृतिका सरकार ने 'मल्टी फॉर्मेट अंग्रेजी डिबेट' में द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया जबकि ऋतुराज, प्रिंस व्यास, कृतिका सरकार और प्रज्ञाश्री होता ने 'सर्कल्स ऑफ रीजनः एक्सपेरिमेंटल थिएटर' में भी द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रिंस व्यास को एक्सपेरिमेंटल थिएटर में श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का पुरस्कार भी मिला। प्राचार्या, श्रीमती परमजीत कौर ने उनकी इस सफलता पर उन्हें सराहा और अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसे अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, जो उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभाओं को निखारते हैं।

## भाजपा टाटीसिलवे मंडल द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी टाटीसिलवे मंडल की ओर से विधानसभा चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महिलौग स्थित मंडल अध्यक्ष जी के कॉम्प्लेक्स मे किया गया।इस प्रशिक्षण शिविर में पूर्व विधायक सह प्रत्याशी राम कुमार पाहन ने कहा कि पार्टी के विचारधारा एवं चलाए जा रहे कार्यक्रमों को प्रतीक पार्टी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाकर जीत सुनिश्चित करना है।पुराने जनसंघी भोलानाथ मिश्र ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है।हम सबों को साथ मिलकर अधिक से अधिक मतों से खिजरी के समर्पित प्रत्याशी राम कुमार पाहन को विजय बनाना है।इस अवसर पर खिजरी विधानसभा प्रभारी राजेंद्र दीक्षित, प्रत्याशी राम कुमार पाहन,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,नवीन सोनी,महामंत्री अमित मिश्रा,भोला नाथ मिश्र, शिदाम सिंह मुंडा, मनेश महतो, गिरिधर मिश्रा,राजेश यादव,मुक्तिनाथ मिश्रा,बिरसा पाहन,गोवर्धन महतो,पिंटू सिंह,पुरूषोतम मिश्रा,हलधर मिश्रा,गणेश गोप,सयनाथ महतो इत्यादि पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस की बैठक में गठबंधन धर्म पालन करने का निर्णय



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली कांग्रेस प्रखंड कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को सोनाली मैरैज हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो ने की। बैठक में बूथ कमेटी गठन कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही मजबूत बूथ को सशक्त करते हुए कमजोर बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही विधानसभा चुनाव में गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सभी पंचायत अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष से समन्वय बनाकर गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवा नेता अजय कुमार महतो,सिल्ली कांग्रेस पुर्वी मंडल अध्यक्ष हितेश बड़ाइक, सिल्ली पश्चिमी अध्यक्ष दुर्गा चरण महतो,शैकुल, देवाशीष ,शिवचरण महतो, तापस,रहमत,जिसान,शाहिल, मनोज, लख्खी,मनीष,सरोज, विपिन,समीर, रमेश महतो, विजय,बासु, सचिन और सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

## कांग्रेस के झारखण्ड चुनाव प्रभारी मीर अहमद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो संग राजेश कच्छप सुरेश बैठा के घर पहुंचे



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के चुनाव प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और खिजरी विधानसभा के विधायक सह प्रत्याशी राजेश कच्छप शनिवार की सुबह इंडिया गठबंधन के कांके विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठ के घर राजा उलातू पहुंचे । एक दिन पहले शुक्रवार को सुरेश बैठा की मां का निधन हो गया था। जानकारी मिलने के बाद शनिवार को प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष परिजनों से मिलने पहुंचे । परिजनों से मिलकर संतावना दी । उन्होंने कहा की दुख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी आपके परिवार के साथ है। इस दौरान विधानसभा चुनाव में कांके एंव खिजरी विधानसभा सीट से चल रही तैयारियों एवं जीत सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

# मरम्मत के अभाव में दम तोड़ रही खलारी थाना चौक से बस स्टैंड पहुंच पथ मार्ग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी थाना चौक से बस स्टैंड पहुंच पथ मार्ग वर्षों से मरम्मति के लिए बाट जोह रहा है। यह मार्ग में 100 फीट से ज्यादा तक की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, और किसी भी दिन बड़ी घटना हो सकती है। उल्लेखनीय है कि एक तरफ सरकार चमचमाती सड़क बनाने की बात करती है और वर्तमान में विधानसभा चुनाव का सरगर्मी भी तेज है। प्रत्याशी पूरे जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान में लगे हैं। प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने में लगे हैं और समस्याओं के निस्तारण का वादा भी कर रहे हैं, परतुं खलारी थाना चौक से बस स्टैंड पहुंच पथ मार्ग के जर्जर हुए सड़क को मरम्मती का ख्याल वर्षों से किसी को नहीं आया। जानकारों ने बताया कि वर्ष 2019 में दोबारा सड़क जर्जर हुई तो मरम्मत कराई गई। अब फिर से सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क की परतें उखड़ रही हैं, जिससे दर्जनों जगहों पर गड्ढा हो गया है। इस कारण टूटी सड़कों पर गाड़ियों का चलना मुश्किल हो गया है। वहीं बारिश से और भी सड़क का बुरा हाल हो जाता है। लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई।आसपास के लोगों ने बताया कि छोटे बड़े वाहनों के अलावे भारी-भरकम गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। स्कूली बच्चे भी आते-जाते हैं। सड़क जर्जर होने से इस सड़क पर छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती रहतीं हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षो से यह सड़क जर्जर है। इस कारण आए दिन लोग गिरकर घायल होते रहते हैं। बताया गया कि शुरुआत में गड्ढे भरवा दिए जाते तो आज सड़क की ऐसी स्थिति नहीं बनती। आसपास के लोगों ने तत्काल सड़की की मरम्मत की मांग की है।

## ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में नगद भाड़ा भुगतान पर हुई चर्चा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पांच नम्बर कांटा के समीप रविवार को ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता रचित गंझु और संचालन अमर कुमार महतो ने किया।बैठक में कई बिंदुओ पर चर्चा की गई।साथ ही पूर्व मे तय किये गये भाडा भुगतान पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में तय किए गए भाड़ा भुगतान को लेकर सभी ट्रक ओनर एकजुट है।बैठक मे पूर्व मे तय किये गये भाड़ा भुगतान करने का प्रस्ताव पारित किया गया, साथ ही जिन डीओ,होल्डर एंव लिफ्टरो के द्वारा पूर्व तय भाड़ा का भुगतान नहीं होने पर का गाड़ी नहीं लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक मे सभी ट्रक ऑनर को एकजुट होने की अपील की गई।बैठक मे फुलेश्वर महतो,सुनील गंझु,दीपक कुमार,अभिमन्यु केसरी,रोहित केसरी,बबलू सिंह, अशोक महतो,बासुदेव गंझु,रोहित केशरी,पच्चू गंझु,सुरेंद्र राम,दिलीप गंझु,मनोज गंझु,कुंदन गंझु, मोहम्मद असगर,उस्मान अंसारी सहित काफी संख्या में वाहन मालिक मौजूद थे।

## प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सीता सोरेन हुई भावुक



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि भाजपा ने मुझे जब से जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया है, तब से इरफान अंसारी मेरे ऊपर अनाप-शनाप टिप्पणी करते आ रहे हैं। नॉमिनेशन के दिन तो उन्होंने हद ही पार कर दी। जिस तरह से मेरे ऊपर टिप्पणी की है, उससे हमारे समाज में खासकर महिला वर्गों में लोग पूरी तरह से आहत है। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी 10 सालों से क्षेत्र के आदिवासी समाज के महिलाओं को प्रताड़ित और बेइज्जत करते आ रहे हैं। इसकी जानकारी जब मैं क्षेत्र का भ्रमण कर रही थी मिली। इरफान अंसारी को नहीं पता था कि सीता सोरेन कौन है, किस परिवार से बिलॉन्ग करती है। मेरे ससुर शिबू सोरेन और मेरे पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जामताड़ा से ही आंदोलन की शुरुआत की थी और झारखंड अलग राज्य हासिल किया है। इस टिप्पणी के कारण आज आदिवासी समाज के लोग आहत है। जिस तरह मेरे ऊपर टिप्पणी की है उसे यह देखना चाहिए था कि केंद्रीय नेतृत्व के सोनिया गांधी कहां से आते हैं। उसके बारे में भी बोलना चाहिए था। उनकी इस टिप्पणी से हमारे समुदाय के लोग भी माफ नहीं करने वाले हैं। समाज के लोग यह तय कर चुके हैं कि अब आदिवासी गांव में उसे घुसने नहीं दिया जाएगा, भगा दिया जाएगा। इरफान अंसारी जैसे मानसिकता वाले लोगों को मंत्री बनाया है जो मंत्री बनाया है उन लोगों को सोचना चाहिए कि मंत्री का क्या अनुशासन होना चाहिए। उन्होंने अपने पति दुर्गा सोरेन का नाम लेते ही भावुक होकर रोने लगी।वही जामताड़ा पहुंचे बिहार के नालंदा के सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि मानसिक रूप से ग्रसित इरफान अंसारी झारखंड के मंत्री और जामताड़ा से विधायक है। इस मानसिकता से यह दर्शाता है कि पूरी झारखंड सरकार की जो मानसिकता है स्वार्थ और स्वयं के अलावा सरकार को जनता की चिंतन इस सरकार को नहीं है। इसको लेकर पूरे झारखंड में भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में विभिन्न रूप से प्रदर्शन करेगी। इस दौरान नारायणपुर प्रखंड के आदिवासी मोर्चा के कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सहित दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा।

## झामुमो प्रत्याशी मनोज चन्द्रा ने बेंती, बहेरा व कल्याणपुर पंचायत का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने पिपरवार क्षेत्र के तीन पंचायतो में जनसंपर्क अभियान चलाया।उन्होने अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर, बहेरा और बेंती पंचायत के विभिन्न गांवो का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया।उन्होंने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए सभी ग्रामीणों से मुलाकात की और अपने पक्ष में वोट मांगा।इस संबंध में उन्होंने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार गरीबों के हक और अधिकार के लिए काम की है। महागठबंधन के साथ राज्य की जनता का समर्थन है और जनता पुनः राज्य मे महागठबंधन की सरकार बनाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लोग आज भी अपने हक और अधिकार से वंचित है।कोल कोल कंपनियों के शोषण से आम जनता परेशान है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने,उनके हक और अधिकार को दिलाने, विस्थापन नीति और जल जंगल जमीन की रक्षा को लेकर उनके द्वारा संघर्ष किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद रहा तो इस बार विधानसभा चुनाव जीतकर ग्रामीणों की आवाज को सख्ती के साथ विधानसभा में उठाने का काम करेंगे। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान सभी ग्रामीणों से मुलाकात कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।इस मौके पर आशिक अली उर्फ बाढ़ो मियां, इकबाल हुसैन,अब्दुल अंसारी,मोहम्मद असलम, बासुदेव प्रसाद,सलीम जावेद,संतोष नायक,हाजी प्रवेज,जितेन्द्र सिंह,सरोज देवी,हाजी कमाल,जुबेर आलम,मोहम्मद फैयाज, मोहम्मद एहसान,जाहिद अली,दिरपाल भगत,नईम अंसारी,इदरीश अंसारी, मन्सुर अंसारी,इन्द्रजीत उरांव सहित काफी संख्या में उनके कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## डीएवी बचरा में अंतर्सदनीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में अंतर्सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें थाली सज्जा प्रतियोगिता में कक्षा तीन से पांच तक के बच्चों ने भाग लिया।वही गुलदस्ता बनाने की प्रतियोगिता में कक्षा छः से आठ तक के बच्चों ने भाग लिया।जबकि रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा नवम से बारहवी तक के बच्चों ने भाग लिया।थाली सजाओ प्रतियोगिता मे श्रद्धानंद हाउस की गीतांजलि कुमारी प्रथम, दयानंद हाउस की दृष्टि कुमारी द्वितीय और विवेकानंद हाउस के आदित्य सिन्हा तृतीय स्थान पर रहा।गुलदस्ता बनाओ प्रतियोगिता मे दयानंद हाउस के संस्कृति प्रसाद प्रथम,विवेकानंद हाउस की दीपिका कुमारी द्वितीय और सुनिधि तृतीय स्थान पर रहा।इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता मे श्रद्धानंद हाउस से भाविका एंड ग्रुप प्रथम, हंसराज हाउस से नंदिनी एंड ग्रुप द्वितीय और दयानंद हाउस से प्रियांशी एंड ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा।इसके साथ ही अंतर्सदनीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें हंसराज हाउस, विवेकानंद हाउस,श्रद्धानंद हाउस और दयानंद हाउस की टीमों ने भाग लिया।बालिका वर्ग का फाइनल मैच दयानंद हाउस बनाम विवेकानंद हाउस के बीच खेला गया,जिसमें दयानंद हाउस विवेकानंद हाउस को हराकर विजेता बना।वही बालक वर्ग मे फाइनल मैच हंसराज हाउस बनाम श्रद्धानंद हाउस के बीच खेला गया,जिसमें हंसराज हाउस ने श्रद्धानंद हाउस को हराकर विजेता बना।विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक आरबी प्रसाद ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वतंत्र खेल में लगे बच्चे खुद का मनोरंजन करना और उच्च व्यक्तिगत रुचि वाले कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना सीख रहे हैं।अंततः महत्वपूर्ण संज्ञानात्मक और कौशल में महारत हासिल कर सकते हैं, जो उन्हें दूसरों के साथ खेलने के लिए तैयार करेंगे। इसके साथ ही विद्यालय के लगभग सभी बच्चों ने खेल का लुत्फ उठाया।मौके पर विद्यालय के शिक्षक एके लाल,एपी द्विवेदी,सीएस सिंह,एके घोष सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक एसके पाण्डेय ने किया।

## हेल्थ क्लब खूँटी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** स्वीप के तहत आज हेल्थ क्लब खूँटी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को चुनाव की महत्ता के बारे में जागरूक करना और मतदान के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना था। मौके पर राइफल शूटिंग क्लब द्वारा मतदान के महत्व, वोट देने का अधिकार और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के बारे में संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों को लोकतंत्र की शक्ति और हर एक वोट की अहमियत के बारे में जागरूक किया गया। सभी से अपने अभिभावकों एवं अपने आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। मौके पर सभी ने मतदाता प्रतिज्ञा भी लिया। सभी से 13 नवम्बर को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने का अपील किया गया।

## तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक विकास कुमार मुंडा का व्यापक जनसंपर्क अभियान जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड के विभिन्न गांवों में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास कुमार मुंडा का लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है। इस क्रम में आज उन्होंने तैमारा पंचायत के अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहाँ उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान विकास कुमार मुंडा ने बताया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, और पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आए। ग्रामवासियों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी समस्याएं बताई। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास हेतु उनके पास एक स्पष्ट दृष्टिकोण है और उनका लक्ष्य तमाड़ को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना है। विकास कुमार मुंडा ने जनता से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे और क्षेत्र की उन्नति के लिए हर कदम उठाएंगे।

## राजा पीटर ने सिंदरी, कोचा सिंदरी, सोसोहातु, हेसाहातु व पिस्काहातु गांव के लोगों के बीच किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सिंदरी, सोसोहातु, हेसाहातु, पिस्काहातु, कोचा सिंदरी गांवों के आमजन के बीच तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री सह विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर अपने समर्थकों और जदयू के कार्यकर्ताओं के साथ व्यापक जनसंपर्क किया।इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांव का दौरा करते हुए लोगों से मुलाकात किये द्य सैकड़ो लोगों ने राजा पीटर का समर्थन करते हुए जदयू का दामन थामा द्य इस दौरान उन गांव के लोगों ने अपनी समस्याओं को भी राजा पीटर जी के साथ साझा किया द्य उन मूलभूत समस्याओं को सुनने के बाद राजा पीटर ने उपस्थित लोगों को उन समस्याओं का निष्पादन करने का आश्वासन दिया साथ ही साथ आने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उपस्थित लोगों के साथ मिलकर विचार विमर्श किया द्यइस दौरान खास तौर पर प्रदीप कुमार साहू, ग्राम प्रधान आसमान सिंह मुंडा,साधु चरण मुंडा, गुरुचरण मुंडा, लखीचरण पुराण, अमर सिंह मुंडा, शिवनारायण मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा, बुधराम दास, शिशुपाल पुराण, जय गोविंद पुराण, जगन्नाथ पुराण,सुमित साहू, रघुपातर मुंडा,महावीर साहू, राधेश्याम साहू एवं सैकड़ो महिलाएं उपस्थित हुई।

# जो अपने परिवार पर अंकुश नहीं लगा पाई, वो जनता को क्या सुरक्षा प्रदान करेगी : डॉ. अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** पूर्वी के कांग्रेस प्रत्याशी ने डा. अजय कुमार और कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं कांग्रेस का वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद ने संयुक्त रुप से रविवार को सिदगोड़ा में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में मीडिया को संबोधित किया.

डॉ. अजय ने कहा कि रघुवर दास की बहू जब अपने पति ललित दास एवं परिवार के अन्य सदस्यों पर अंकुश नहीं लगा पाई है तो जमशेदपुर पूर्वी की जनता को कैसे सुरक्षा प्रदान कर पाएगी इसकी क्या गारंटी है. यह सबसे बड़ा सवाल है. रघुवर दास के साहबजादे की कारनामो की बात करें एक लंबी फेहरिस्त है. आज मैं उनके कुछ कारनामों के संबंध में आपको बताना चाहूंगा.

डॉ. अजय ने कहा कि 7 जुलाई को ओडिशा के राज्यपाल के लाल आकांक्षी विधायक पूर्णिमा दास के पति ललित दास ने पुरी रेलवे स्टेशन से उन्हें लेने के लिए लग्जरी कारें नहीं भेजने पर राजभवन में तैनात अधिकारी बैकुंठ प्रधान के साथ पुरी में राजभवन परिसर में मारपीट किया था.

डॉ.अजय ने कहा कि इंडियन एयरफोर्स में रहे हैं बैकुंठ का अपमान सेना व सेना की जवानों का अपमान है. यही बीजेपी का चरित्र है. डॉ. अजय ने कहा कि ललित दास के खिलाफ ओडिशा



कांग्रेस ने सख्त कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ. मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंच चुका है लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला. हम मानवाधिकार आयोग से भी अनुरोध करेंगे कि वह इस मामले में ओडिशा पुलिस से जल्दी जांच पूरी करने का आदेश दें. हमारे वकील पुरी सागर बीच पुलिस से इस केस पर हो रही जांच पर अपडेट लेंगे. हमारी ओडिशा कांग्रेस इस मुद्दे को ओडिशा विधानसभा में भी उठाएगी. डा.अजय ने कहा कि रघुवर के परिवार में बहुत लोग हैं जिन्होंने पूर्वी लोगों का जीवन नरक बना दिया है. रघुवर दास के भतीजे और भाजपा नेता कमलेश साहू की गुंडागर्दी जगजाहिर है. 2023-रघुवर दास के भतीजे कमलेश साहू पर घर में घुसकर जबरन कागजात ले जाने का केस दर्ज किया गया. 2017 में ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास के छोटे भाई मूलचंद साहू पर एक सिख लड़के को थाने में पीटने का आरोप है. अब जमशेदपुर की जनता को तय करना है.

### पार्टी में कोई अंतरविरोध नहीं है, डॉ. अजय की जीत कांग्रेस पार्टी की जीत होगी : आनंद बिहारी दुबे

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आनंद बिहारी दुबे ने पत्रकारों द्वारा पुछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में कोई अंतरविरोध नहीं है. यह विपक्षी पार्टी द्वारा लोगों के भ्रम फैलाया जा रहा है. पार्टी ने सर्वसम्मति से डा. अजय कुमार को जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी बनाया है. डा. अजय कुमार एवं कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करना हम सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है. उन्होंने कहा कि इस बार पूर्वी से भारी मतों से डा.अजय कुमार की जीत होगी. जनता ने मन बना लिया है वो आतंक एवं भय का पर्याय रहे रघुवर परिवार को फिर से सत्ता सौंपकर दोबारा आतंक और भय का माहौल में जीना नहीं चाहती है.

## भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शशिभूषण सामड ने रविवार को पवन चौक के समीप सलूजा कॉम्प्लेक्स में भाजपा के विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर श्री सामड ने कहा कि इसी कार्यालय से चुनाव की तैयारी होगी। हम गांव-गांव जाकर जनता से उनका बहुमूल्य मत मांगेगे और जनता के सभी समस्याओं से रूबरू होकर समस्याओं का निवारण करेंगे। उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर की जनता इस जुमलेबाज झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार से परेशान हो गई है और इसे हटाकर भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं का जोश भरते हुआ कहा कि इस बार के मतदान में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को



विजय दिलवाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करें। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी, प्रवासी एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक का भी आयोजन किया गया। मौके पर राज्य अल्पसंख्यक अयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक षाडंगी, प्रवासी कृष्ण कांत तिवारी, प्रभारी मनोज सिंह, जिला मंत्री सुरेश साव, विनोद शर्मा, दीपक सिंह, रुपेश साव, अनूप दुबे, हरे राम शर्मा, संजय मिश्रा, राजू प्रसाद कसेरा, प्रेम प्रधान, संजय पासवान, शंभू साव के साथ तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जुगसलाई के निर्दलीय प्रत्याशी विमल बैठा ने किया डायरिया पीड़ित काशीडीह टोला का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महुलबना पंचायत के काशीडीह टोला में फैला डायरिया से करीब 2 दर्जन लोग प्रभावित हैं जो जमशेदपुर के विभिन्न नर्सिंग होम, पटमदा का सीएचसी अस्पताल में इलाजरत हैं। रविवार को प्रभावित टोला पहुंचे जुगसलाई विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी विमल बैठा ने ग्रामीणों से मिलकर जानकारी ली। इस दौरान बैठा ने मौजूद मेडिकल टीम का हौसला बढ़ाते हुए उनका धन्यवाद किया। गंभीर रूप से पीड़ित एक बुजुर्ग मरीज हलधर महतो को एमजीएम अस्पताल रेफर करवाया। मौके पर डॉ. सोमेन कुमार दत्ता, डॉ. प्रशांत रंजन, सुरेश रजक, कार्तिक महतो आदि मेडिकल टीम के सदस्य मौजूद रहे जो सुबह करीब 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक गांव में रहकर मरीजों का उपचार किया। पूरे गांव में



सामाजिक कार्यकर्ता शांतिराम महतो के द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया। इससे पूर्व जिले के सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल से बात करते हुए गांव एवं मरीजों की स्थिति पर नजर बनाए रखने का आग्रह करने पर सिविल सर्जन ने इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं होने का आश्वासन दिया। प्रभावित लोगों से मिलने वालों में विमल बैठा, फूलचांद सिंह, सुभाष सहिस व अन्य लोग शामिल रहे।

## पूर्णिमा साहू के ऊपर किये गए टिप्पणी पर डॉ अजय के खिलाफ महिलाओं का फूटा गुस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पुर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू पर कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार द्वारा किये गए टिप्पणी पर क्षेत्र की महिलाएं सड़क पर उतर आई है। रविवार को पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार के महिला विरोधी बयान पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। एग्रिको गोलचक्कर पर जुटी महिलाओं ने कहा कि डॉ. अजय कुमार द्वारा भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू पर की गई आपत्तिजनक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी न केवल सम्पूर्ण महिला शक्ति का अपमान है बल्कि यह भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर भी सीधा आघात है, जिसमें महिलाओं का विशेष सम्मान और आदर है। ऐसी टिप्पणी से एक बार फिर कांग्रेस एवं उनके नेताओं की महिला विरोधी मानसिकता उजागर हुई है, जहाँ महिलाओं को अपमानित करना अब उनके नेताओं की आदत बन चुकी है। डॉ. अजय अपने टिप्पणी पर



अविलंब माफी मांगे अन्यथा उनके खिलाफ सड़कों पर विरोध को और तेज कर सार्वजनिक रूप से घेराव किया जाएगा। इस मौके पर सक्रिय महिला समाजसेवी विमला साहू ने कहा कि जिस कांग्रेस ने देश को पहली महिला प्रधानमंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष और कई महिला सांसद-मंत्री दिए, उस पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार आज भाजपा की महिला प्रत्याशी पूर्णिमा दास पर अभद्र और व्यंग्यात्मक टिप्पणी कर खुश हो रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए पूछा कि प्रियंका गांधी को क्या रॉबर्ट वाड्रा आगे कर चुनाव लड़वा रहे हैं ताकि बाद में व्यक्तिगत लाभ उठा सकें?

## सेंसोडाइन व आईडीए वर्ल्ड डेंटिस्ट डे पर जमशेदपुर में डेंटिस्ट को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** हाउस ऑफ हेलीऑन (पूर्व में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) की ओर से प्रमुख ओरल केयर ब्रांड सेंसोडाइन ने 3 अक्टूबर को मनाए जा रहे वर्ल्ड डेंटिस्ट डे के अवसर पर डेंटिस्ट्स को सम्मानित करने के लिए इंडियन डेंटल एसोसिएशन के साथ गठबंधन किया है। डेंटिस्ट ओरल हैल्थ को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न शहरों में अनेक चैप्टर्स का आयोजन किया गया, जिनमें से सबसे नया चैप्टर आज होटल जीवा जमशेदपुर में आयोजित हुआ। आईडीए चैप्टर में



हिस्सा लेने वाले डेंटिस्ट्स को ओरल हैल्थ की समस्याओं के बारे में चर्चा करने का अवसर मिला। उन्होंने प्रोएक्टिव हैल्थकेयर के बारे में बताते हुए अपने सामने आए कुछ जटिल मामलों की जानकारी दी, जिससे इनोवेशन और सॉल्यूशन पर केंद्रित चर्चा को बढ़ावा मिला। इस ईवेंट में स्थानीय डेंटिस्ट्स के योगदान के साथ चार श्रेणियों में उन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. एरिक लियू मिन चुंग को क्षेत्र में डेंटल केयर में अपने योगदान के लिए 'फादर फिगर' के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ. गौरव राज सिंह को 'हाई सोशल इंपैक्ट' और सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए सम्मानित किया गया।

## समाधान और सुझाव की सकारात्मक राजनीति में विश्वास रखता हूँ : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा में गठबंधन प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी राजनैतिक दलों की अपनी अपनी विचारधारा होती है. सदन में पक्ष विपक्ष में तकरार भी होती है. नेता अपनी पार्टी लाइन पर चलते हैं. किंतु राजनीति में एक मर्यादा भी होती है. आप जिस मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहे मंत्रिमंडल में लाभान्वित हो रहे हों, उसी का विरोध करें. आप जिस पार्टी में है, उसे सत्ता से बेदखल करने के लिए अपनी ताकत झोंक दें. ये काम सिर्फ भगोड़ा सरयू राय ही कर सकते हैं. पूरे देश में इससे घटिया उदाहरण नहीं मिलेगा. आज बिहार



में भी जनता जदयू को नकार चुकी है.

बन्ना गुप्ता ने कहा कि पश्चिमी जमशेदपुर का युवा वर्ग विकास के लिए वोट करेगा. रोजगार के लिए वोट करेगा. जमशेदपुर पश्चिमी का मतदाता अब पलटूराम और भगोड़ा नेताओं को राजनीति से बेदखल करने के लिए वोट करेगा. हमारी माता बहनें दोमुहानी संगम घाट पर सुख पूर्वक छठ कर सकें. हमारी माताओ को मईया सम्मान योजना, पेंशन योजना का लाभ मिल सके. इसके लिए उनका बेटा बन्ना गुप्ता काम कर रहा है।

### बन्ना गुप्ता ने की धतकिडीह, सोनारी और मानगो में पदयात्रा

इंडिया गठबंधन से जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने अपने समर्थकों और कांग्रेस-झामुमो-राजद के कार्यकर्ताओं के साथ धतकिडीह, सोनारी और मानगो में पदयात्रा की. स्थानीय जनता से उनको अपार जनसमर्थन मिल रहा है. उनकी पदयात्रा में स्वतः स्फूर्त लोग जुड़ते चले जा रहे हैं. स्थानीय जनता का कहना है बस्ती -मोहल्ले -गलियों में पेवर्स ब्लॉक की जितनी सड़कें विधायक बन्ना गुप्ता ने बनवाई हैं, उतनी पहले कभी नहीं बनी.

## ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. संदीप सिंह ने किया मुफ्त हिप और घुटने दर्द परामर्श शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. संदीप सिंह, जो एमबीबीएस, एमएस (ऑर्थो), एमआरसीएस (ग्लासगो एवं यूके), और एफआरसीएस (लंदन) जैसे प्रतिष्ठित योग्यताओं के धारक हैं, ने रविवार को जमशेदपुर के जसवंत सिंह मानगो में मुफ्त हिप और घुटने के दर्द परामर्श शिविर का आयोजन किया। केयर हॉस्पिटल्स, भुवनेश्वर से जुड़े डॉ. सिंह अब तक 10,000 से अधिक हिप और घुटने के प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक कर चुके हैं। इस एक-दिवसीय शिविर में, डॉ. सिंह ने हिप और घुटने के दर्द से पीड़ित लगभग 50



से ज्यादा लोगों को मुफ्त परामर्श प्रदान किया। खेल संबंधी चोटों और जोड़ों की समस्याओं के उपचार में अपने अनुभव का उपयोग करते हुए उन्होंने दर्द के कारण, रोकथाम, और उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। मीडिया से बात करते हुए डॉ. सिंह ने हिप और घुटने की समस्याओं की बढ़ती समस्या पर चर्चा की और प्रभावी रोकथाम एवं इलाज के समाधान साझा किए।

## ईचाडीह में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, सेरसा चांडिल चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** रविवार को कुकड़ू प्रखंड के ईचाडीह नवयुवक संघ के तत्वाधान में ईचाडीह स्कूल के समीप एक दिवसीय आठ दलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का फाइनल आरवाईसी बागलासाई जादूगोड़ा बनाम सेरसा चांडिल के बीच खेला गया। फाइनल खेल का शुभारंभ पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव, ईचागढ़ राज परिवार के सदस्य सह समाजसेवी कल्याण चंद्र सिंह, समाजसेवी खगेन महतो ने किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में सेरसा चांडिल



ने आरवाईसी बागलासाई जादूगोड़ा को लगातार दो सेट से हराकर फाइनल अपने नाम किया। मौके पर ग्राम प्रधान रघुवर कुमार, जेएलकेएम के तरुण महतो, रुद्रप्रताप महतो, महादेव सिंह, सदानंद कुमार, कर्णवीर कुमार, समीर कुमार, रामगोपाल कुमार, राजगोपाल कुमार, सानू कुमार, कृष्ण चंद्र तांती, गणेश महतो समेत हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## बीजेपी में नहीं है कोई डा.अजय कुमार जैसा ईमानदार नेता : बबलू झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** कांग्रेसी नेता बबलू झा जिला उपाध्यक्ष ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि डा. अजय कुमार ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। भाजपाईयों को यह मालूम ही नहीं कि डा.अजय कुमार एक ऐसे पुलिस अधिकारी रहे है, जिन्हें सबसे कम उम्र में राष्ट्पति ने वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया, इतना ही नहीं 90 के दशक में अपराधियों में डा. अजय कुमार का दहशत था। जब पूरा जमशेदपुर अपराधियों के आतंक उफान पर था, दिन दहाड़े हत्याए हो रही थी. तब डा.अजय कुमार ने जमशेदपुर का कमान संभाला और अपने कार्यशेली से अपराधियों को शहर छोड़ने पर मजबूर कर दिया. एसपी रहते हुए डा.अजय कुमार ने जो लोगों के लिए काम किया था। इसलिए जमशेदपुर की जनता आज भी उनका सम्मान करती है।

बबलू झा ने कहा कि डा. अजय कुमार चाहते तो अपने सिद्धांत और नीति से समझौता करके पुलिस अधिकारी के तौर पर अराम तलब जीवन व्यतित कर सकते थे लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांत से समझौता नहीं किया, इसलिए राजनीतिक दबाव में काम करना गवारा नहीं समझा और पुलिस की नौकरी से किनारा कर लिया।

डा.अजय कुमार पर कीचड़ उछालने वाले भापजाईयों डा.अजय कुमार की बराबरी करने के लिए कई जन्म लेना पड़ेगा। झारखंड भाजपा में डा. अजय कुमार जैसा शिक्षित, ईमानदार नेता एक भी नहीं. सांसद के तौर पर डा. अजय कुमार ने नेताओं और जनता को बताया की सांसद की गरिमा क्या होती है. सांसद को भी अपने जनता के लिए 24 घंटे कार्य करना चाहिए। जनता डा. अजय को अच्छी तरह जानती और समझती है इसलिए अगर बीजेपी वाले कीचड़ उछालेंगे तो जनता भी तैयार बैठी है भाजपाईयों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए।

बबलू झा ने कहा कि बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं को आगे करके डा.अजय कुमार पर कीचड़ उछालने का प्रयास कर रही है। रघुवर दास के साहेबजादे की काले कारनामे की बात क्यों नहीं बीजेपी की महिला कार्यकर्ता करती है। सवाल जायज है



कि पूर्णिमा दास जब अपने पति एवं अपने परिवार पर अंकुश नहीं लगा सकती तो वो जमशेदपुर की जनता को क्या सुरक्षा प्रदान करेगी। जनता निर्णय करेगी।

## अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से जारी, दो ट्रैक्टर जप्त



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन का खौफ भी बालू कारोबारियों को समाप्त हो गया है। जारगोडीह ,बिरडीह, हाड़ात खोखरो ,दियांडीह आदि नदी घाटों से बेखौफ बालू का उठाव कर ट्रैक्टरों से ईचागढ़ थाना के दरवाजे से राष्ट्रीय उच्च पथ 33 कि ओर एवं ईचागढ़ चौका सड़क पर अंचल कार्यालय के नाक से होकर चांडिल आदि जगहों पर ले जाया जाता है। इस संबंध में सैकड़ों अवैध बालू लदे ट्रैक्टर व हाइबा चलने के बाद भी विभाग को नजर नही आता। हांलांकि जिला खनन पदाधिकारी द्वारा इसके पूर्व दर्जनों हाइबा व ट्रैक्टरों को जप्त कर कारवाई किया गया है। वहीं रविवार शाम को पुलिस गस्ती के दौरान जारगोडीह दीरीडारी सड़क पर दीरीडारी के पास अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को ईचागढ़ पुलिस द्वारा जप्त कर थाना ले जाया गया। वहीं दोनों ट्रैक्टरों के चालक मौके से भागने में सफल रहा। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे के द्वारा गस्ती के क्रम में जारगोडीह कि ओर से बालू ले जाते हुए ट्रैक्टरों को रोका गया। पुलिस के द्वारा ट्रैक्टरों को पुछताछ के लिए रोकते ही दोनों चालक मौके से फरार हो गया । पुलिस मामले को लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

## आजसू अध्यक्ष समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों युवाओं ने झामुमो की लिया सदस्यता



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के लाण्डूंपोदा पंचायत के सैकड़ों युवाओं ने झामुमो की सदस्यता लिया। विधायक सुखराम उरांव ने माला पहनाकर किया सभों का किया स्वागत। वहीं चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के बंदगांव प्रखंड के आजसु पाटी प्रखंड अध्यक्ष पीटर पूर्ति के नेतृत्व में सैकड़ों प्रमुख कार्यकर्ता ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली।जिसमें पीटर पुरती, सुनिल बोदरा, सन्नी पुस्ती,सानगी पुरती,गणेश पुरती,शीबो पूर्ति, रामशंकर बोदरा बांकिरा ,माधौ पुरती,सोमा,पुरती,प्रधान,पुरती,आशमान पुरती,विजय सल गागराई,मोटाय गागराई,दिलीप गागराई,जोहान गागराई,गोपी गागराई, बुधन गागराई नारायण काव्युन्डिया,सिकेन गागराई राम गागराई,वीरसिह गागरा सुन्दर गागराई,मंगीलाल गागराई अमर सिंह मेलगाडी आदि शामिल हुए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह मुख्या मिथुन गागराई,विधायक प्रतिनिधि पीरू हेंब्रम, समेत पहलवान गगराई,रंजीत मंडल आदि मौजूद रहे।

## भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष मदन मोहन का घाटशिला में अभिनंदन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत आदिवासी पार्टी के नव निर्वाचित पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन का रविवार को घाटशिला में इंद्रजीत मुंडा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर मदन मोहन सोरेन ने कहा कि भारत आदिवासी पार्टी झारखंडियों के सपनों को साकार कर सकता है। झारखंड बनने के बाद 23 वर्षों में जो संवैधानिक अधिकार, मालिकाना हक नहीं मिला है उसके लिए जनता के समक्ष खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब तक स्थानीय नीति नहीं बनने, पेसा कानून का नियमवाली लागू नहीं होने, वनाधिकार कानून 2005 के तहत वन भूमि पर पट्टा से वंचित रखने, सीएनटी एक्ट का खुले आम उल्लंघन, जबरन लैंड बैंक बनाने आदि की वजह से आदिवासी और मूलवासी में व्यापक आक्रोश हैं। मौके पर इंद्रजीत मुंडा, विमल केसर मुंडा, संजय मुंडा, देव मुंडा, शिवचरण हो, गोपाल मुंडा व दामू प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने लिया डायरिया पीड़ितों का जायजा



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी के प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने रविवार को पटमदा की महुलबना पंचायत के काशीडीह टोला पहुंचकर डायरिया पीड़ितों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वहां मौजूद मेडिकल टीम से भी बातचीत की और उन्हें कहा कि गांव में आगे और अधिक नहीं फैले इसके लिए उपाय करें। मौके पर मौजूद डॉक्टर सोमेन कुमार दत्ता ने बताया कि उस टोले के प्रत्येक परिवार में ओआरएस और मास्क का वितरण किया गया है जबकि कुछ पैकेट ओआरएस एक सहिया को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई है और अगले कुछ दिनों तक मीट, मछली व अंडे का सेवन नहीं करने का आग्रह किया गया है। विधायक प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनलोग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और लगातार बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सिविल सर्जन से बात कर रहे हैं। मौके पर उनके साथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, माणिक महतो आदि मौजूद थे। उन्होंने पटमदा सीएचसी अस्पताल पहुंचकर वहां इलाजरत मरीजों के बारे में भी जानकारी ली।

## सड़क पर मृत पशु के फेंके जाने पर बदबू से परेशान ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर शहर से सटे बोड़ाम थाना क्षेत्र में आने वाली डिमना घाटी की सुंदरता पर लोगों की बुरी नजर पड़ने से वातावरण प्रदूषित होने लगी है। यहां हमेशा की तरह मिर्जाडीह में सड़क पर शनिवार देर रात एक मृत पशु को फेंक दिए जाने से चारों ओर बदबू आने लगी है। इससे जहां राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है वहीं स्थानीय ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा है। ग्रामीणों में संजय कर्मकार व दिनेश लोहार का कहना है कि डिमना या आसपास के इलाकों में खटाल का संचालन करने वाले दुग्ध उत्पादकों के द्वारा अक्सर दुधारू पशुओं के मरने के बाद रात के अंधेरे में फेंक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं और प्रशासन से मांग किए जाने के बावजूद इसपर रोक नहीं लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत वन विभाग के रेंजर, मानगो नगर निगम के पदाधिकारी, उपायुक्त व एसएसपी से करते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। साथ ही डिमना चौक के समीप दो सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की जाएगी ताकि रात के अंधेरे में घटना को अंजाम देने वालों की पहचान हो सके।

## डीसी, एसएसपी ने दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व को ले की बैठक




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल द्वारा प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों तथा लाइन डिपार्टमेंट के साथ बैठक की गई । बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी, सभी डीएसपी, जुस्को के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# धान की पीड़ा

पंजाब में धान की भरपूर पैदावार के बाद किसानों का हैरान-परेशान होना व्यवस्था की विसंगतियों व तंत्र की नाकामी को ही दर्शाता है। राज्य की अनाज मंडियों में धान बहुतायत में पड़ा होना न केवल खरीद एजेंसियों की अक्षमता को दर्शाता है बल्कि केंद्र और राज्य सरकारों में व्यावहारिक तालमेल न होना भी बताता है। जिसके चलते विपणन से जुड़े हितधारक विरोध जता रहे हैं। विडंबना देखिए कि किसान खून-पसीने से उगायी फसल को भी समय पर नहीं बेच पाने से परेशान हैं। किसान धीमी खरीद प्रणाली से चिंतित हैं। वहीं चावल मिल मालिकों की दलील है कि उनके पास अतिरिक्त भंडारण की क्षमता नहीं है। दूसरी ओर धान की खरीद से जुड़े आढ़ती अपने कमीशन को बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। निश्चित रूप से ये हालात किसानों को परेशान करते हैं और खरीद प्रणाली में सुधार की जरूरत को बताते हैं। विडंबना है कि यह सारा हंगामा एक ऐसी फसल को लेकर हो रहा है, जिसको उगाने में प्रयुक्त पानी ने राज्य में एक गंभीर जल संकट को जन्म दे दिया है। वजह है धान की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन। फलतः राज्य का एक बड़ा इलाका मरुस्थलीकरण की ओर उन्मुख है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल उठता है कि पंजाब आखिर कब तक धान की खेती के जरिये अपने इन अनमोल प्राकृतिक संसाधनों का निर्यात करता रहेगा? इसमें दो राय नहीं है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर सुनिश्चित खरीद पंजाब के धान उत्पादकों को केंद्रीय पूल में अधिक अनाज के योगदान के लिये प्रेरित करती रही है। निस्संदेह, हरित क्रांति के बाद देश की खाद्य सुरक्षा श्रृंखला को मजबूत बनाने में पंजाब का बड़ा योगदान रहा है। जिसके चलते देश खाद्यान्न संकट व कुपोषण के अभिशाप से किसी हद तक मुक्त हो सका है। जबकि एक हकीकत यह भी है कि यह फसल पंजाब का मुख्य भोजन नहीं रही है। निश्चित तौर पर केंद्र व राज्य सरकार को तालमेल बनाकर इस संकट के समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में लबालब भरे अन्न भंडार राज्य की अपेक्षाओं और केंद्र की आवश्यकताओं के बीच तालमेल के अभाव को दर्शाते हैं। विडंबना देखिये, इसी धान के उत्पादन का एक प्रतिप्रभाव यह भी है कि पंजाब के हिस्से में प्रदूषण बढ़ाने वाला पराली दहन का आक्षेप आता है। जिसे उत्तर क्षेत्र में अक्तूबर-नवंबर में बढ़ने वाले वायु प्रदूषण का प्रमुख घटक बताया जाता रहा है। जबकि हकीकत यह है कि एक तो किसानों को पराली निस्तारण का कारगर विकल्प केंद्र व राज्य सरकारें नहीं दे पायी हैं। वहीं दूसरी ओर किसानों के पास रबी की फसलों की बुआई के लिये अधिक समय नहीं बचा होता। जिसके चलते उनको पराली जलाने के अलावा दूसरा कारगर विकल्प नजर नहीं आता। बहरहाल, इस चौतरफा संकट के बीच यह स्पष्ट हो गया है कि पंजाब में धान की खेती की समाप्ति के लिए चरणबद्ध तरीके से बहुप्रचारित फसल विविधीकरण योजना को अविलंब लागू किया जाना चाहिए। इस योजना के क्रियान्वयन में देरी कई तरह के संकटों को बढ़ावा ही देगी। यह एक हकीकत है कि लंबे समय तक किसानों का धान की ही खेती करना, राज्य के लिये घातक ही साबित होगा। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के साल भर चले आंदोलन से कोई सबक नहीं सीखा। हालिया घटनाक्रम से किसानों की वह आशंका बलवती हो रही है कि केंद्र सरकार लंबे समय तक धान की खरीद को जारी नहीं रखना चाहती। दरअसल, कुछ चुनिंदा फसलों के लिये ऊंची एमएसपी की घोषणा अन्य फसलों के उत्पादन के लिये किसानों को प्रेरित करने हेतु पर्याप्त नहीं है। जितनी जल्दी हो सके, केंद्र सरकार को मक्का और दाल जैसी फसलों की एमएसपी पर खरीद के लिये एक मजबूत व्यवस्था बनानी होगी। ऐसे में धान की खेती के लिये किसानों को हतोत्साहित करने से जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव आ सकता है।

> राज्य की अनाज मंडियों में धान बहुतायत में पड़ा होना न केवल खरीद एजेंसियों की अक्षमता को दर्शाता है बल्कि केंद्र और राज्य सरकारों में व्यावहारिक तालमेल न होना भी बताता है। जिसके चलते विपणन से जुड़े हितधारक विरोध जता रहे हैं। विडंबना देखिए कि किसान खून-पसीने से उगायी फसल को भी समय पर नहीं बेच पाने से परेशान हैं। किसान धीमी खरीद प्रणाली से चिंतित हैं। वहीं चावल मिल मालिकों की दलील है कि उनके पास अतिरिक्त भंडारण की क्षमता नहीं है। दूसरी ओर धान की खरीद से जुड़े आढ़ती अपने कमीशन को बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। निश्चित रूप से ये हालात किसानों को परेशान करते हैं और खरीद प्रणाली में सुधार की जरूरत को बताते हैं। विडंबना है कि यह सारा हंगामा एक ऐसी फसल को लेकर हो रहा है, जिसको उगाने में प्रयुक्त पानी ने राज्य में एक गंभीर जल संकट को जन्म दे दिया है। वजह है धान की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन। फलत: राज्य का एक बड़ा इलाका मरुस्थलीकरण की ओर उन्मुख है।

### संयुक्त राष्ट्र संघ के मौजूदा स्वरूप को बदलने और इसमें भारत की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखी थी

# संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता

**अनुज आचार्य**

> संयुक्त राष्ट्र के चार उद्देश्य हैं– अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण करना, विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग एवं मानव अधिकारों के प्रति सम्मान का संवर्धन और देशों की कार्रवाइयों के बीच तालमेल के केन्द्र के रूप में काम करना। लेकिन इधर दो वर्षों से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध एवं इजरायल एवं अरब राष्ट्रों के बीच सीमित युद्धों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ था। इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र संघ या संक्षेप में यूएन भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के चार उद्देश्य हैं- अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण करना, विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग एवं मानव अधिकारों के प्रति सम्मान का संवर्धन और देशों की कार्रवाइयों के बीच तालमेल के केन्द्र के रूप में काम करना। लेकिन इधर दो वर्षों से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध एवं इजरायल एवं अरब राष्ट्रों के बीच सीमित युद्धों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जहां तक संयुक्त राष्ट्र संघ के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन में भारत के योगदान एवं भागीदारी का सवाल है तो आज भी भारत विकास एवं गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, निशस्त्रीकरण, मानवाधिकार और विश्व शांति स्थापना के प्रयासों में संयुक्त राष्ट्र संघ का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहा है। 140 करोड़ आबादी के साथ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश और एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति भी है। भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाले देश के रूप में रही है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था की नीति निर्धारक सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता से भारत को वंचित तथा बाहर रखना अन्याय ही माना जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के समय से ही रक्षा मिशनों में भारत महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। अब तक विभिन्न शांति अभियानों में भारत के 180000 सैनिक हिस्सा ले चुके हैं। भारत ने 82 देशों के लगभग 800 शांति स्थापना अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है। मौजूदा समय में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति सैनिक दल में योगदान करने वाले सभी देशों में भारत दूसरा सबसे बड़ा देश है। वर्तमान समय में भी भारत 11 यूएन मिशन और दो यूएन कार्यालयों को 6891 भारतीय सैन्य कर्मी और 782 पुलिसकर्मी उपलब्ध करवा रहा है। इससे विश्व में शांति और सौहार्द कायम करने की भारत की गहरी प्रतिबद्धता साबित होती है और यह प्रदर्शित होता है कि भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर कितना विश्वास करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष उसके चार्टर के अनुसार कई ऐसे मुद्दे भी हैं जो लंबे समय से अपना हल निकलने की आस लगाए बैठे हैं। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसे मानवता से जुड़े मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र संघ अभी तक कोई कारगर हल तलाश नहीं पाया है। स्वीडन की पर्यावरण एक्टिविस्ट 16 वर्षीया ग्रेटा थनबर्ग ने संयुक्त राष्ट्र संघ में बोलते हुए कहा था कि, आपने हमारा बचपन, हमारे सपनों को छीन लिया है। लोग मर रहे हैं और पूरा ईकोसिस्टम बर्बाद हो रहा है। उनका कहना था कि विश्व के नेता कुछ नहीं कर रहे हैं। किसी जमाने में परमाणु निशस्त्रीकरण संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख एजेंडे का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन बीते दो दशकों में यह मुद्दा जैसे पृष्ठभूमि में चला गया है। यद्यपि यूएन चार्टर का उद्देश्य विश्व समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक प्रगति हेतु कार्य करना है ताकि संसार में समानता, स्वतंत्रता, सहयोग, न्याय, भ्रातृत्व, मित्रता व सुरक्षा का परिवेश निर्मित किया जा सके और युद्ध की नौबत ही न आए। लेकिन बीते 75 वर्षों में न केवल युद्ध जारी हैं, अपितु सीरिया जैसे देश तो बर्बादी के



कगार पर पहुंच चुके हैं। विश्व को आज भी ताकत एवं आर्थिक आधार पर ही हांका जा रहा है। पाकिस्तान आज भी आतंकवादियों की जन्मस्थली बना हुआ है और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। उत्तर कोरिया और ईरान बेधडक होकर परमाणु हथियारों की होड़ को बढ़ावा दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है जिसमें प्रतिबंधित ड्रग्स का उत्पादन, खेती और बिक्री भी शामिल है। आतंकवाद की बढ़ती विभीषिका और खतरे के दृष्टिगत भारत ने 1996 में संयुक्त राष्ट्र संघ में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि का प्रस्ताव रखा था। लेकिन 26 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह मुद्दा आपसी सहमति न बन पाने के कारण अभी भी लटका हुआ है और आतंकवाद की परिभाषा तय करने में नाकाम रहा है। जब वैश्विक संस्थाएं अपने एजेंडे एवं चार्टर के अनुरूप काम करती न दिखें तो उनके अस्तित्व पर सवालिया निशान उठना लाजिमी ही हो जाता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ के मौजूदा स्वरूप को बदलने और इसमें भारत की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखी थी। उनका सवाल था कि आखिर भारत, संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए कब तक इंतजार करता रहेगा? नरेंद्र मोदी का कहना है कि सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और संयुक्त राष्ट्र संघ के मूल चरित्र में सुधार वक्त की मांग है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था के स्वरूप, संगठन और उसके कार्यों में सुधार का जो मामला उठाया है, यदि उस पर शीघ्र ही गौर न फरमाया गया तो आने वाले समय में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था निश्चित तौर पर अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष करती नजर आएगी। यह संस्था अपनी पूर्णता एवं समग्रता में विश्व शांति और कल्याण के लिए अपनी सार्थकता सिद्ध कर पाए, इसके लिए विश्व के सभी देशों को मिलजुल कर प्रयास और सहयोग करने की जरूरत है।

दृष्टि कोण

# बदलते वक्त के साथ समीकरणों में बदलाव

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के बाद अब महाराष्ट्र और झारखंड के लिए भी चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा के लिए पहली बार छह असरदार राजनीतिक दल एक तरह से बराबरी के साथ चुनावी समर में उतरेंगे। इसलिए, यहां पर राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इतना तय है महाराष्ट्र में महामुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है। समंदर की लहरें जिस तेजी से बदलती हैं, पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से देश की आर्थिक राजधानी में राजनीति की लहरें उससे ज्यादा तेजी से बदली हैं। किसे पता था कि 2019 में भाजपा-शिवसेना गठबंधन में चुनाव लड़ने और बहुमत से 16 सीटें ज्यादा हासिल करने के बावजूद मिलकर सरकार नहीं बना पाएंगे। राजनीति के 'सत्ता-सुख' के सिंहासन पर कोई और ही आरूढ़ हो जाएगा। महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना और एनसीपी एक अलग ताकत थी। तब जनता ने शिवसेना को 56 और एनसीपी को 54 सीटें दी थीं। भाजपा 105 सीटें लेकर सबसे बड़ा दल बनकर उभरी थी, लेकिन सरकार बनने से पहले ही उद्धव ठाकरे ने अप्रत्याशित रूप से पाला बदल लिया। उद्धव ने विपरीत विचारधारा वाली कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई और खुद सीएम बने। इतने दशकों की राजनीति के बाद पहली बार ठाकरे परिवार से कोई सीएम की कुर्सी तक पहुंचा था। लेकिन राजनीति में पासे हमेशा अपने पक्ष में नहीं पड़ते। सत्ता संभालने के बाद इतनी उठापटक मची कि उद्धव और शरद पवार दोनों के ही सारे समीकरण बदल गए। महाराष्ट्र की सत्ता उद्धव ठाकरे के हाथ में आने के बाद उन्हें भाजपा से बड़ी चुनौती अपनी ही पार्टी शिवसेना से मिली। वर्ष 2022 में शिवसेना के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे ने खुलेआम बगावत कर दी। दरअसल, एकनाथ शिंदे पार्टी के उन नेताओं में शामिल रहे, जो 2019 में ही कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाने के खिलाफ थे। तभी से वे बड़े राजनीतिक मौके की फिराक में थे। मई, 2022 में ऐसा अवसर उनके हाथ में आया। गुवाहाटी फाइव स्टार होटल में शिंदे ने 42 शिवसेना और 7 निर्दलीय विधायकों के साथ फोटो जारी कर शक्ति-



प्रदर्शन किया। इसी बीच राज्यपाल ने उद्धव को बहुमत सिद्ध करने के लिए कह दिया। उधर शिंदे को बागी खेमे ने शिव सेना विधायक दल का नेता घोषित किया। 29 जून, 2022 को उद्धव ठाकरे के सीएम पद से इस्तीफा देने के 24 घंटे के अंदर शिंदे ने सीएम और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ले ली। महाराष्ट्र की पिक्चर अभी भी बाकी थी। अब बारी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में बगावत और टूट की थी। 10 जून, 2023 को एनसीपी के 25वें स्थापना दिवस पर शरद पवार ने पार्टी के दो कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले के नामों की घोषणा की। अजित पवार को लेकर शरद से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वो नेता विपक्ष का पद संभाल रहे हैं। अजित को लगा कि चाचा शरद पवार ने उन्हें साइड लाइन कर दिया है। इसके बाद 2 जुलाई, 2023 को अजित ने 41 विधायकों के साथ महायुति से नाता जोड़ा और शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम बन गए। वर्ष 2019 में जब विधानसभा के चुनाव हुए तो महाराष्ट्र में मुख्य रूप से 4 पार्टियां बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना मैदान में थीं। पिछले 5 साल में एनसीपी और शिवसेना के दो-दो धड़े बन चुके हैं। यानी 2024 चुनाव में 6 बड़ी पार्टियों और दो अलायंस के बीच महामुकाबला होगा- बीजेपी, शिवसेना (शिंदे), एनसीपी (अजित), कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव), एनसीपी (शरद)। पार्टियों के समीकरणों के साथ राज्य में वोटर्स के आंकड़े भी बदले हैं। महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या 9.53 करोड़ पर पहुंची है। हालांकि, इस बार के लोकसभा चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ और बीजेपी को करारा झटका लगा। राज्य की 48 सीटों में से एनडीए 17 सीटों पर सिमट गई, इसमें बीजेपी के खाते में मात्र 9 सीटें आईं। वहीं कांग्रेस ने 13, शिवसेना (उद्धव) ने 9 और एनसीपी (शरद) ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की। सबसे खस्ता हालत अजित पवार की हुई, जिनकी पार्टी को सिर्फ एक सीट से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के रिजल्ट को 288 विधानसभा सीटों के आधार पर देखें तो आंकड़े और दिलचस्प नजर आएंगे। ये बताते हैं कि अजित पवार की एनसीपी केवल 6 विधानसभा सीटों पर जीती। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ और महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 63 सीटें जीती। नतीजे ये संकेत देते हैं कि त्रिशंकु या गठबंधन सरकार फिर महाराष्ट्र की मजबूरी बनने वाली है। हालांकि, हरियाणा का हाल देखकर कांग्रेस अब फूंक-फूंककर कदम रखेगी। पर महाविकास अघाड़ी गठबंधन में सबसे ज्यादा 63 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस आगे थी। यानी लोकसभा चुनाव तक मोमेंटम कांग्रेस के पास था। अब पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती विधानसभा चुनाव में इस मोमेंटम को बरकरार रखना है। विशेषज्ञ मानते हैं कि विधानसभा चुनाव में कुछ तो बदलाव होंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकल और रीजनल मुद्दों पर हो रहा है। लोकसभा चुनाव में दोनों अलायंस का वोट शेयर लगभग बराबर था। जो मोमेंटम महाविकास अघाड़ी ने आम चुनाव के दौरान हासिल किया था, वो अब पहले जैसा एग्रेसिव नहीं है। वहीं महायुति की सरकार ने लाडली बहन योजना शुरू की।

कुछ अलग

# अहोई माता का उपकार

कार्तिक कृष्ण पक्ष में तिथि-त्योहारों की भरमार रहती है। सम्पूर्ण भारत में जिस प्रकार पति की दीर्घायु की कामना के लिए करवा चौथ व्रत मनाया जाता है, उसी प्रकार उसके ठीक चार दिन बाद संतान की सुख-समृद्धि व लंबी आयु की कामना के लिए अहोई अष्टमी व्रत रखा जाता है। अहोई का अर्थ है 'अनहोनी से बचाने वाली' और चूंकि यह व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को ही किया जाता है, इसीलिए इसे अहोई अष्टमी कहा जाता है। यह व्रत अष्टमी के दिन ही किया जाता है, इसीलिए इसे अहोई आठे भी कहा जाता है। इस वर्ष अहोई अष्टमी पर्व 24 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अहोई अष्टमी पर इस बार कई ऐसे मंगलकारी योग बन रहे हैं, जिनमें जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। इस शुभ अवसर पर साध्य योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा, सर्वार्थ सिद्धि योग और गुरु पुष्य योग के भी संयोग बन रहे हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अहोई अष्टमी व्रत महिलाओं द्वारा अपने बच्चों की किसी भी प्रकार के अमंगल या अनिष्ट से रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और श्रद्धा भाव से किया जाता है। इस दिन माता पार्वती की पूजा का विधान है, जिन्हें संतान की रक्षा करने वाली देवी माना गया है। यह व्रत स्त्रियां प्रायः संतान की सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु के लिए और निःसंतान महिलाएं संतान की कामना के लिए करती हैं। अहोई अष्टमी व्रत को संतान प्राप्ति के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इस व्रत के संबंध में मान्यता है कि इसके प्रभाव से संतान फल की प्राप्ति होती है और जो महिलाएं पूरे विधि-विधान से यह व्रत रखती हैं, उनके बच्चे दीर्घायु होते हैं। प्राचीन समय से चली आ रही मान्यताओं के अनुसार इस व्रत के प्रताप से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अहोई अष्टमी के अवसर पर स्त्रियां दिनभर करवा चौथ की ही भांति कठोर निर्जल व्रत रखती हैं और तारे निकलने के बाद सायंकाल में तारों को अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। संध्या के समय सूर्यास्त होने के बाद जब तारे निकलने लगते हैं तो अहोई माता की पूजा आरंभ होती है। सायंकाल के समय दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती है। उसी के पास सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध-भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है। आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के बजाय बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विघ्न-बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गए धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी-अपनी पारिवारिक परंपरानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं। पूजा के दौरान महिलाएं प्रायः 'अहोई जिए, अहोआ जिए, मुशा जिए, पूता जिए' शब्दों का उच्चारण करती हैं।

देश दुनीया से

# हिंद-प्रशांत इलाके में भारतीय कूटनीतिक बढ़त

> हिन्द-प्रशांत में 40 देश और अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं : ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, दोनों कोरिया, भारत, इंडोनेशिया, जापान, लाओस, मलयेशिया, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, चीन, फिलीपींस, सिंगापुर, श्रीलंका, ताइवान, थाईलैंड, पूर्वी तिमोर और वियतनाम। इन 26 देशों के साथ प्रशांत द्वीप के 14 देशों को जोड़ लीजिये, जिसमें अमेरिका का हवाई वाला इलाक़ा भी शामिल है। प्रशांत द्वीप समूह पश्चिम में इंडोनेशिया से लेकर पूर्व में ईस्टर द्वीप तक वृहदाकार इलाके में 20,000 से अधिक द्वीप शामिल हैं, जिनमें इंडोनेशिया और पापुआ न्यू गिनी द्वारा साझा किया जाने वाला सबसे बड़ा द्वीप, 'न्यू गिनी' भी है।

इंडो पैसिफिक नाम से ही स्पष्ट है, हिंद और प्रशांत महासागर की ज़द में आने वाले देश। हिन्द-प्रशांत में 40 देश और अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं : ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, दोनों कोरिया, भारत, इंडोनेशिया, जापान, लाओस, मलयेशिया, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, चीन, फिलीपींस, सिंगापुर, श्रीलंका, ताइवान, थाईलैंड, पूर्वी तिमोर और वियतनाम। इन 26 देशों के साथ प्रशांत द्वीप के 14 देशों को जोड़ लीजिये, जिसमें अमेरिका का हवाई वाला इलाक़ा भी शामिल है। प्रशांत द्वीप समूह पश्चिम में इंडोनेशिया से लेकर पूर्व में ईस्टर द्वीप तक वृहदाकार इलाके में 20,000 से अधिक द्वीप शामिल हैं, जिनमें इंडोनेशिया और पापुआ न्यू गिनी द्वारा साझा किया जाने वाला सबसे बड़ा द्वीप, 'न्यू गिनी' भी है। जिन महाशक्तियों ने लम्बे समय तक इस इलाके को काबू में रखा, उनके लिए अपना प्रभाव बनाये रखने की चुनौती है। अमेरिका इसी सिंड्रोम से गुज़र रहा है। जो बाइडेन जब सत्ता में आये, उसके कुछ महीनों बाद हिन्द-प्रशांत नीतियों को रिव्यू करने का आदेश व्हाइट हाउस ने सीआईए को सौंपा था। मार्च, 2021 में सीआईए के निदेशक के रूप में नियुक्त बिल बर्न्स, इंडो-पैसिफिक के रणनीतिकार थे। जुलाई, 2021 में सीआईए ने एक विस्तृत रिपोर्ट दी। इंडो-पैसिफिक में चीन के प्रभाव को कैसे कम करें, उसकी योजना बनी। लेकिन चार वर्षों में निराशा ही हाथ लगी। जापान में लगभग 55 हज़ार अमेरिकी सैन्यकर्मी, दक्षिण कोरिया में 28, हज़ार, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, थाईलैंड और गुआम में कई हज़ार अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। अपर्याप्त बजट, प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं और चीन से निपटने के तरीके पर वाशिंगटन में आम सहमति की कमी के कारण इन्हें मेंटेन करना भारी पड़ रहा है। यों, कहने के लिए पेंटागन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर और अंतरिक्ष-आधारित प्रणालियों जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश को बढ़ा दिया है। लेकिन, आप भारत जैसे दोस्त के साथ सिख आतंकवाद के इश्यू पर जस्टिन ट्रूडो जैसी शख्सियत की तरफ़दारी करें, तो नई दिल्ली को पाला बदलने में कितनी देर लगेगी? दरअसल, यही हुआ है। शी, ताइवान के प्रति अपने व्यवहार में बदलाव ला रहे हैं। दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीपों का निर्माण और सैन्यीकरण चीन कर रहा है। चीन ने कंबोडिया में एक विस्तारित नौसैनिक बंदरगाह पर भी काम शुरू किया है, जो किसी अन्य एशियाई देश में उसका पहला सैन्य अड्डा बन सकता है। सोलोमन द्वीप के साथ एक सुरक्षा समझौता, इसी तरह की कूटनीतिक कोशिशों का हिस्सा है। पेइचिंग, अन्य प्रशांत देशों को आक्रामक रूप से लुभाने की कोशिश कर रहा है। क्या इस 'कूटनीतिक बिलियर्ड' को पुतिन खेल रहे हैं? इसके विपरीत, अमेरिका मध्य पूर्व संघर्षों में अपरोक्ष रूप से उलझ चुका है। अफ़ग़ानिस्तान से सैनिकों की वापसी के बाद, अमेरिकी टैक्स पेयर्स राहत की सांस लेने ही वाले थे, कि जो बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन का मोर्चा खोल दिया। यूक्रेन को 54 अरब डालर की प्रतिबद्धता अमेरिकी टैक्स पेयर्स को चुभने लगी है। अमेरिकी अधिकारी इस बात से जूझ रहे हैं, कि एक ही समय में चीन और रूस से कैसे निपटें? जो आमतौर पर ज़ेरे बहस नहीं होती, वो हैं पुतिन की खामोश चालें। हिन्द-प्रशांत समेत दक्षिण-पश्चिम एशिया में जो रणनीतिक बदलाव आ रहा है, उसमें 'मास्को-पेइचिंग नेक्सस' की बड़ी भूमिका है। पुतिन और शी यदि प्रच्छन्न हैं, तो मोदी बिलकुल प्रत्यक्ष रूप से कूटनीति के अखाड़े में हैं। पुतिन और शी ने दक्षिण-पूर्व से लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक रणनीतिक बदलाव किया है, तो पीएम मोदी ने भी अपने आपको बदला है। कल तक मोदी इस इलाके में दक्षिणपंथ के नायक माने जाते थे। ऐसे दक्षिणपंथ के कट्टर नायक ने क्यों वामपंथी शासकों को गले लगाया है? यह भी तो विमर्श योग्य प्रश्न है। केपी शर्मा ओली और मोदी का खटराग अब आप नहीं सुनेंगे। 3 सितंबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से न्यूयार्क में मुलाकात की। दोनों नेता भरत-मिलाप की मुद्रा में थे। उनके बीच उभयपक्षीय बैठक ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, और व्यापार पर केंद्रित थी। बयान दिया कि भारत-नेपाल मित्रता बहुत मजबूत है, और हम अपने संबंधों को और भी गति देने के लिए तत्पर हैं। पीएम ओली के लिए अब लिपुलेख मुद्दा नहीं रहा। आप फिर श्रीलंका के वामपंथी नेताओं की बात करें। वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायक चुनाव से पहले अपने पूरे जत्थे के साथ भारत आये थे। उन्हें सत्ता में आने के वास्ते, क्या कुछ मदद मोदी शासन ने दी थी, उसकी चर्चा फिर कभी। इस बार श्रीलंका, मालदीव हो, या नेपाल, या फिर बांग्लादेश, भारत और चीन के बीच ठीक से झांकिये, तो शत्रु भाव नहीं, क्षेत्रीय सहयोग का समभाव पैदा हुआ है। भारत से आड़े-तिरछे चलने वाले मुइज़्ज़ू, भीगी बिल्ली क्यों बन गए? इस्लामाबाद नई दिल्ली को गले लगाने के वास्ते क्यों आतुर है? इन तमाम सवालों के उत्तर ढूंढ़ने की आवश्यकता है। मोदी न केवल आपदा को अवसर में बदलने वाले नेता हैं, बल्कि जिससे ठन जाती है, उसके 'अवसर' को 'आपदा' में बदल देते हैं। आप 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को याद करें।

आप का नजरीया

# हिंदी-चीनी भाई-भाई!

क्या 1954 का वह नारा फिर बुलंद होगा? क्या हिंदी-चीनी वाकई भाई-भाई साबित होंगे? दरअसल जब यह नारा गूंजा था, तो चीन ने भारत की पीठ में छुरा भी घोंपा था। हमें 1962 का युद्ध झेलना पड़ा, पराजित हुए और हजारों वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा भी कर लिया। वह कब्जा आज भी यथावत है। वह कालखंड बहुत पीछे गुजर चुका है। आज न तो 1962 वाला दरिद्र-सा भारत है और न ही भारत की तुलना में चीन इतना ताकतवर है कि जहां चाहे, कब्जा कर ले। पूर्वी लद्दाख का ताजा उदाहरण हमारे सामने है। करीब 4-5 साल के टकराव और तनाव के बाद, अंततः, भारत और चीन में आपसी समझौता हुआ है। चीन आक्रांता था। हमें अपने देश की सीमाओं और जमीन की रक्षा करनी थी, लिहाजा चीन को झुकना पड़ा है और भारत के पक्ष को मानने को बाध्य होना पड़ा है। सेना और राजनयिक स्तर की 31 उच्च स्तरीय बैठकों के बाद यह सर्वसम्मति बनी है कि अप्रैल, 2020 की स्थितियों को बहाल करना होगा। दोनों सेनाएं उस बिंदु तक पीछे हटेंगी। अभी तक हालात ऐसे थे कि भारत-चीन के करीब 50,000 सैनिक (प्रति पक्ष) तैनात थे। वे हथियारबंद थे। तोपखाने के सामने तोपखाना तैनात था। टैंक के मुकाबले टैंक था। यह बराबर की तैनाती बेहद तनावपूर्ण थी। जून, 2020 में गलवान घाटी में चीन ने एकतरफा हमला किया, जिसमें भारत के 20 जांबाज सैनिक 'शहीद' हुए, लेकिन भारत ने जल्द ही पलटवार किया और चीन के 40-45 सैनिक ढेर कर दिए। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और सूचना-तंत्र ने इस पलटवार के खुलासे किए। रूस ने भी दुनिया के सामने स्पष्ट किया कि चीन के सैनिक मारे गए हैं। यह दीगर है कि चीन ने आज तक इसे स्वीकार नहीं किया। लद्दाख के टकराव और तनावग्रस्त माहौल में गलवान ही निर्णायक बिंदु साबित हुआ। अंततः चीन ने महसूस किया कि वह इस बार के युद्ध में भारत से जीत नहीं सकेगा। भारत अब सैन्य स्तर पर ताकतवर देश बन चुका है। चीन के सैनिकों ने डोकलाम पठार के टकराव में भी भारत की ताकत का अनुभव कर लिया था। लद्दाख क्षेत्र में कुछ और टकराव भी हुए, जिनमें हमारे सैनिकों ने चीनियों को जमकर पीटा और उसके कब्जाई मंसूबों को नाकाम कर दिया। कमाल की बात यह है कि एक ओर युद्ध-सी स्थितियां थीं, लेकिन दूसरी तरफ चीन भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बना रहा। हालांकि वह कारोबार निरंतर घाटे का रहा है। आयात-निर्यात में व्यापक असमानताएं हैं। बहरहाल तमिलनाडु के महाबलीपुरम में 2019 में प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच आखिरी द्विपक्षीय बातचीत हुई थी। चूंकि अब महत्वपूर्ण समझौता हुआ है और उसकी प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से शुरू होगी, लिहाजा रूस में 'ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' के दौरान भारत और चीन के शीर्ष नेताओं के दरमियान एक बार फिर द्विपक्षीय संवाद हुआ है, तो फिलहाल मानना चाहिए कि पांच साल तक जीम रही बर्फ अब पिघलने लगी है। यह वैश्विक स्तर पर युद्ध और घोर तनाव का दौर है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



महागठबंधन का महा दौरा, प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में उतरे महिला पुरुष

# महिला पुरुष और युवाओं का आशीर्वाद है पारमपार, कोई नहीं है अबकी बार : कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** महागठबंधन सह जेएमएम के प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में मतदान के लिए गांव गांव में उतरे सैकड़ों महिला पुरुष और नौजवान। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने अपने महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में मतदान के लिए खुल कर गांव गांव जाकर अपने प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने के लिए अपील कर रहें हैं। एक तरफ कई महिला टीम दूसरी तरफ पुरुष टीम और तीसरी तरफ युवाओं का टीम विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जा जाकर अपने प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील कर रहे हैं। युवाओं और महिलाओं में जोश और जुनून देख कर लोग हैरत में है। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र के मतदाताओं का भी अपार समर्थन मिलता नजर आ रहा है। समर्थन देख चौक चौराहे पर चर्चाएं का जखीरा जखीरा लगना शुरू हो गया है। हालांकि चर्चाओं में भाजपा के उज्वल दास का भी सामने आ रहा है। किंतु क्षेत्र का माहौल के अनुशार ज्यादातर समर्थन मनोजचद्रा के प्रति ज्यादा दिख रहा है। आपको बता दें कि इसके पूर्व भाजपा के विधायक किसुन दास भी रहे हैं किंतु उनके कार्यकाल से यहां की जनता काफी असंतुष्ट दिखे। जिसका नतीजा है कि भाजपा प्रत्याशी उज्वल दास से सिमरिया विधान क्षेत्र के मतदाताओं ने अपना मुंह मोड़ रहे हैं। मतदाताओं का कहना है कि बहुत दिनों से चतरा लोक सभा बाहरी के कब्जे में रहा। जिसका कोप भाजन हम जिला वासी होते रहे। अंत में बाहरी भगाओ लोकल जीताओं का नारा के साथ हमारे सांसद काली चरण सिंह को अपार मतों से यहां की जनता विजयी बनाया है। इसके पीछे एक कारण भी है कि हमारा नजदीकी सांसद हैं तो रात हो या दिन कभी भी हम अपनी परेशानी या मुशिवत में जाकर सांसद के माध्यम से हल करवा सकते हैं। यही बाहरी जैसे बिहार के सांसद हुआ करते थे तो शायद हीं लोग अपनी मुशिवत या परेशानी का हल हो पाता था। यही कारण है कि सिमरिया विधान सभा के मतदाताओं का नजदीकी विधायक बनाने की सोच बनता नजर आ रहा है।

## प्रखंड स्तरीय ब्रह्मण समाज की बैठक हुई संपन्न, कई विषयों पर हुआ चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मझगांवा पंचायत के पिंडारकौण गांव में संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रांगण में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को संपन्न हुआ।बैठक की अध्यक्षता रंजीत कुमार पांडेय ने किया। संचालन लम्बोदर पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत परशुराम भगवान के चित्रांकन पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रचलित कर स्वस्तिवाचन कर किया गया। तथा समिति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी विप्र बंधु छूटे हुए हैं। उन्हें जोड़ना है।तथा साथ लेकर चलना है। एकता बनाए रखना है। क्षेत्र में समाज का विकास पर विशेष ध्यान देना है। मौके पर उपस्थित अजय पांडेय विकास पांडेय अशोक पांडेय रविंद्र पांडेय जसवंत पांडेय प्रमोद पांडेय मुकेश पांडेय परमानंद पांडेय निमधारीय पांडेय कृष्णा पांडेय बैजनाथ पांडेय एवं दर्जनों ब्राह्मण उपस्थित थे।

## बलबल चेक पोस्ट का प्रशासन ने किया निरीक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ अंतर्गत बलबल में प्रखंड प्रशासन की टीम ने चेक पोस्ट का निरीक्षण रविवार को किया।टीम में अंचला अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने चेक पोस्ट मजिस्ट्रेट सचिन दत्त शर्मा व मनोज कुमार को कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चतरा हजारीबाग सीमाने पर बलबल चेकपोस्ट में वाहन चेकिंग अभियान लगातार विधानसभा चुनाव तक चलाता रहेगा। विधानसभा चुनाव नजदीक है। मौके पर पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## प्रतापपुर में महागठबंधन के प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने गांव-गांव में घूम कर चलाया सघन जनसम्पर्क अभियान



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा विधानसभा के महागठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने रविवार को प्रतापपुर प्रखंड के दर्जनों गाँवो में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने रश्मि प्रकाश को प्रतापपुर पहुंचते ही फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद रश्मि प्रकाश ने सैकड़ों मोटरसाइकिल से कार्यकर्ताओं के साथ गांव-गांव में घूम-घूम कर अपने समर्थन में वोट मांगा। वही गांव के लोगों ने भी खुशी मन से पूरा विश्वास के साथ समर्थन करने भरोसा दिया। मौके पर विधायक प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने कहा कि सभी गांव पंचायतों में विकास कार्यो को प्राथमिकता दी जाएगी।कहा की वह हमेशा उनके साथ है. हर संभव सहयोग के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदू यादव, मुकेश भोक्ता, महिला राजद जिला अध्यक्ष सरदा देवी, गजवा पूर्व मुखिया रोहित यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप यादव, जितेंद्र सार्थक, चंदन राज यादव, आशीष कुमार यादव, विकास यादव, मुकेश यादव, विशाल यदुवंशी, पवन यादव, परमेश्वर कुमार यादव, नारायण यादव, मेराज अंसारी, सहित सैकड़ो महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महागठबंधन के झामुमो विधायक प्रत्याशी मनोज चंद्रा का टंडवा प्रखंड क्षेत्र में हुआ तूफानी दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** इंडिया एलाइंस के झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमरिया क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी मनोज चंद्रा का रविवार को टंडवा प्रखंड के कई पंचायातो में तूफानी दौरा किया गया। इस अवसर पर महागठबंधन के समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत के पीपल चौक, बाजार टाड़ में विधायक प्रत्याशी मनोज चंद्रा का गरम जोशी से कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। वही सभा को संबोधित करते हुए श्री चंद्रा ने कहा कि मैं आपके घर का बेटा हूं, मैं हमेशा आपके साथ था, और हमेशा आपके साथ रहूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं अपने स्वर्गवासी पिता सह पूर्व विधायक रामचंद्र राम के अधूरे सपनों को सकार करूंगा। मेरे पिता के द्वारा सुझाए गए, मैं हर एक काम को करूंगा। तथा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में रुके हुए विकास कार्य को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। इस तरह विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं में जोश और जुनून देख जीत की आशय जग चुकी है। परंतु देखना यह भी होगा कि केवल जोश और जुनून अभी तक हीं सीमित रहती है या मतदान भी समर्थन में किया जाएगा।इस अवसर पर टंडवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आशिक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवि गुप्ता, टंडवा प्रखंड उप प्रमुख जितेंद्र सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष जागेश्वर दास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष दास, झामुमो नेता संतोष नायक, चंद्रदेव साहू, प्रकाश यादव, कोयद पंचायत मुखिया किसुन राम, तेलियाडीह मुखिया महावीर साहू, सहित सैकड़ो की संख्या में महागठबंधन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा मतदाता शामिल थे।

जरासंध जयंती मनाने को लेकर चंद्रवंशी समाज का हुआ बैठक

## चंद्रवंशी समाज के लोगो ने कहा कि बैठक कर सर्वसम्मति से एकतरफा करेंगे वोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में रविवार को एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष दामोदर राम चंद्रवंशी ने किया। जबकि संचालन मिथलेश कु0 सोनू ने किया। बैठक में लोगो ने चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध जयंती मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। लोगो ने बताया कि आगामी 15 नवंबर को हाई स्कूल के मैदान में महाराज जरासंध जी का जयंती भव्य रूप से मनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित समाज के लोगो ने बताया कि इस विधानसभा चुनाव में हम सभी प्रतापपुर प्रखंड के सभी समाज के लोग एक तरफा वोट करेंगे। पूजा समिति के अध्यक्ष दामोदर राम चंद्रवंशी ने बताया कि इससे पहले जितने भी नेता मंत्री बने हैं सभी लोग झूठा आश्वासन देकर वोट लेते हैं। और बाद में अपना आश्वासन भूल जाते हैं। वहीं पूजा समिति के सचिव मिथलेश कुमार सोनू ने बताया कि जो प्रत्याशी हमारे हित के बात करेंगे, जो हमारे समाज के विकास के लिए काम करेगा, वैसे प्रत्याशी को वोट एक तरफा करेंगे। इस मौके पर विश्वनाथ राम चंद्रवंशी, विक्कू चंद्रवंशी, रघुवीर राम चंद्रवंशी, प्राण चंद्रवंशी, रौशन चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी के साथ साथ कई चंद्रवंशी समाज के लोग मौजूद थे।

## अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध चतरा उत्पाद विभाग की बड़ी कारवाई



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिपथ रखते हुए उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप के निर्देश पर चतरा उत्पाद विभाग हंटरगंज थाना एवं गया (बिहार) जिला उत्पाद की संयुक्त टीम के द्वारा हंटरगंज थाना अंतर्गत जबड़ा गांव में बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान 20 से ज्यादा अवैध महुआ चुलाई शराब की भट्ठियों को नष्ट किया गया। छापामारी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध महुआ चुलाई शराब एवं जावा महुआ जब्त और विनष्ट किया गया। छापामारी दल के गांव में घुसते हीं अवैध शराब कारोबारी भाग खड़े हुए। गया जिला उत्पाद बल के साथ आए ड्रोन टीम ने सुदूरवर्ती एवं दुर्गम इलाकों में संचालित शराब भट्ठियों को खोजकर छापामारी टीम को वहां तक पहुंचने में मदद किया। जब्त अवैध महुआ चुलाई शराब 1050 लीटर के करीब को नष्ट किया गया। वहीं जावा महुआ 22000 चत्र करीब और शराब चुलाई में प्रयुक्त उपकरण को नष्ट किया गया। साथ हीं आरोपीयों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।अधीक्षक उत्पाद, चतरा के द्वारा जानकारी दी गई थी कि उपायुक्त के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व से हीं जिले में अभियान चलाकर लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध इसी प्रकार सघन छापामारी अभियान जारी रहेगा।

## लातेहार में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रविवार को बालिका उच्च विद्यालय लातेहार के सामने सब्जी मंडी में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई।इस दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा गया कि सफल लोकतंत्र के लिए मतदान करना महत्वपूर्ण है जो फर्स्ट टाइम वोटर हैं बढ़ चढ़ कर मतदान करें और अपने अभिभावक, आस पड़ोस में सही को जागरूक करते हुए बताएं की यह अवसर 5 वर्षो में आता है इसलिए अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करें। तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में NSS, NYKS के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## बरवाडीह में अबुआ आवास आवंटन में बड़े पैमाने पर उगाही का अंदेशा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड में कल्याणकारी योजना अबुआ आवास योजना में बड़े पैमाने पर धांधली हुआ है। जहां आवास आवंटन और प्राथमिकता सूची से छेड़छाड़ के साथ प्राथमिकता सूची का दुरुपयोग करते प्रखंड के कर्मी पंचायत प्रतिनिधि, आवास मित्र और बिचौलियों के द्वारा अबुआ आवास आवंटित करने और जिओ टैग के नाम पर खूब लेनदेन हुआ है। जहां पंचायत केड़ के आवास लाभुक लालमुनि भुइंया, मालती देवी महेश्वर भुइंया, देवमनियां देवी व अन्य के द्वारा आरोप लगाया गया है कि आवास आवंटन में मुखिया प्रतिनिधि लालमन उरांव व पंसस ने पैसे की उगाही किया है। वहीं प्रखंड के हरातू गांव के मंजू देवी (पति राजनाथ साव) ने कहा कि अबुआ आवास देने के नाम पर पंचायत सचिव विजय शंकर राम ने नौ हजार रूपये ले लिए, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी अबुआ आवास निर्माण का जिओ टैग नहीं किया गया। पंचायत सेवक की बात मान कर मैने दो बार पांच- पांच हजार रुपये नगद पंचायत सेवक को दिया। वहीं ग्राम मुंडू गांव की संजू देवी (पति ललन साव) ने कहा कि अबुआ आवास के दूसरा जिओ टैग करने के नाम पर पंचायत सेवक विजय शंकर राम ने दस हजार रुपये की मांग की।

## चंदवा के भुषाढ़ भडारगढ़ा ग्रामीण मार्ग पर मिली लावारिश बाईक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चंदवा :** थाना क्षेत्र के कामता पंचायत अंतर्गत भुषाढ़-भंडारगढ़ा ग्रामीण मार्ग पर सड़क किनारे जंगल में दो दिनों से लावारिश हालत में हीरो का पैसन बाइक जेएच-19-ए-1105 पड़े होने से इलाके में सनसनी फैल गई। बाइक में समीप ही चप्पल पड़े होने से लोगों को अनहोनी की असंका होने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार को दी। जिसके बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच कर बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। जांच के क्रम में बाइक की शिनाख्त महुआमिलान निवासी की बात सामने आ रही थी। पुलिस मामले में वहां कैसे पहुंची इसकी जांच में जुटी थी।

## बरवाडीह में युवक ने गले में फंदा लगाकर किया आत्महत्या

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी 16 वर्षीय विक्की सिंह ने शनिवार की रात अपने घर मे ही छत की कंडी में रस्सी बांध कर और गले मे फंदा लगकर आत्महत्या कर लिया। वहीं बरवाडीह थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर लातेहार पोस्मार्टम के बाद परिजन को दे दिया। मृतक विक्की सिंह के परिजनों ने बताया कि मृतक रोज की तरह शनिवार की रात अपना रूम में सोने गया था। इसी दौरान अपने रूम के छत में लगे लकड़ी में रस्सी बांध कर और गले मे रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। रविवार कि सुबह जब रूम का दरवाजा बंद देखा दरवाजा तोड़कर देखा तो मृतक फंदे में लटक रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से इसकी जानकारी बरवाडीह थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर याकीन अंसारी घटना स्थल पर पहुंचे और अग्रेत्तर कार्रवाई में जुटे। वहीं क्षेत्रीय थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि मामले कि जांच की जा रही है जल्द ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ समीक्षा बैठक कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा चुनाव 2024 को सुगमतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ-साथ एसएसटी, एफएसटी एवं चेक नाकों पर प्रतिनियुक्त सभी मजिस्ट्रेट के साथ समीक्षा बैठक कर निर्वाचन के दायित्व को पूरी लगन एवं ईमानदारी से निर्वाहन करने को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अच्छे से अध्ययन कर लें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह्र कुशलता पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रुप से बूथ का भ्रमण कर बूथ की वल्नेरेबल मैपिंग (वीएम), इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखें। साथ ही उपायुक्त ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को एक दूसरे से टैग करने व इनके कार्यो की जानकारी से अवगत कराने को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने स्तर से बैठक करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने एसएसटी, एफएसटी एवं चेक नाकों पर प्रतिनियुक्त टीमों को स्पष्ट निर्देशित किया कि राजनीतिक दलों द्वारा रैलियों का आयोजन किया जाएगा, इसलिए सभी टीमें सक्रिय रहें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।वहीं एसएसटी निर्धारित नाकों पर सतर्कता से वाहनों की जांच करें, ताकि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अवैध धन और शराब आदि एक स्थान से दूसरे स्थान तक न पहुंचाई जा सके।इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि निगरानी दल बड़ी छोटी सभी प्रकार के वाहनों का नियमित जांच करे साथ ही जांच किए जा रहे हैं सभी वाहनों के नाम एवं रजिस्ट्रेशन नंबर डायरी में मेंटेन करें।

## तीन दिवसीय सहजयोग शिविर का समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कार्निवल होटल जुबली रोड में आयोजित तीन दिवसीय सहजयोग शिविर का रविवार को समापन समारोह आयोजित हुआ। शहर में सहज योग के बारे में लोगों को जानकारियां दी गई तथा माता श्री निर्मला के बताए गए उपदेशों पर चलने की अपील की गई। सहजयोगियों ने बताया कि यह एक ऐसी आध्यात्मिक विद्या है जिससे सहज भाव से आदमी ईश्वर को याद करता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहजी शंभू शरण प्रसाद, विनेश कुमार, सत्य प्रकाश सिंह, नीरा सिंह, मीरा देवी, सहज योगिनी झालो दीदी, सीताराम साहू, सहज योगी बालशक्ति रिद्धि, सिद्धि, विजय कुमार आदि ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में लातेहार के सहजी भाई बहनों के अलावे रांची, गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग समेत कई जिलों के सहजी भाइयों बहनों ने भाग लिया। शहर में शोभायात्रा निकाल कर सहज योग की प्रचार प्रसार की गई। लोगों को इस योग में शामिल होने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में लोगों ने भाग लेकर कुंडलिनी जागृत करने की विधि की शिक्षा ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने श्री माता निर्मला से साक्षात्कार कर पुष्प अर्पित कर चरण वंदन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सत्य प्रकाश सिंह, नीरा सिंह ,मीरा देवी, शंभू शरण प्रसाद, विनेश कुमार आदि ने सहजी भाई बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। सहज योगी भाई बहनों ने कार्निवल होटल परिवार के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। मालूम हो पिछले दो वर्षो से लगातार प्रांत स्तरीय यह कार्यक्रम होटल कार्निवल सभागार में आयोजित हो रहा है।

## घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैट्री की चोरी, मालिक ने दिया थाने में आवेदन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के बाजकुम निवासी आयुष कुमार पिता स्वर्गीय रामप्रवेश प्रसाद के ट्रैक्टर से चोरों ने बैटरी की चोरी कर ली। मामले की जानकारी ट्रैक्टर मालिक आयुष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मेरा ट्रैक्टर ड्राइवर सुकेश उरांव अपने घर पतरियाचोटाग ले गया था और रात होने पर ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया,जब वह सुबह उठा तो देखा की ट्रैक्टर से बैट्री की चोरी हो चुकी है, जिसकी सूचना चालक ने तत्काल हमें दिया। आगे आयुष ने बताया कि पिछले दिनों इस इलाके के सुनील उरांव और यदुनाथ सिंह के ट्रैक्टर से भी बैट्री चोरी हो चुकी है। फिलहाल घटना के संबंध में ट्रैक्टर मालिक के द्वारा थाने में आवेदन दे दिया गया है। पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है।

## घर बैठे वोट डाल सकेंगे बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम चुनाव 2024 में लातेहार जिले में कुल 126 वरिष्ट एवं दिव्यांग मतदाओं द्वारा होम वोटींग हेतु सहमति दी गई है। चिन्हित 126 मतदाता में 91 मतदाता 85+ आयु के वरिष्ट एवं 35 दिव्यांग मतदाता है। इन मतदाओं के घर जा कर मतदान दल द्वारा मतदान कराया जाएगा। इस हेतु प्रथम चरण 3 नवम्बर से 07 नवम्बर तक एवं द्वितीय चरण 9 एवं 10 नवम्बर को होम वोटिंग कराई जाएगी। आवश्यक सेवाओं से संलग्न कुल 140 मतदाओं द्वारा प्रपत्र 12 उपलब्ध कराया गया है। जिसमे 21 मिडिया कर्मी भी शामिल हैं। इन मतदाताओं का पोस्टल वोटिंग सेन्टर समाहरणालय, लातेहार में स्थापित किया जाएगा।मतदान कर्तव्य पर लगने वाले कुल 8162 पदाधिकारी, कर्मी, वाहन चालक इत्यादि में से 6216 मतदाताओं द्वारा प्रपत्र 12 पोस्टल बैलेट कोषांग में जमा कराया गया है। इनका पोस्टल बैलेट से सुविधा केन्द्र स्थापित कर मतदान कराया जाएगा। इस से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बरही में विवाहिता की हत्या का आरोप, पिता ने ससुराल वालों पर दहेज के लिये हत्या का मामला कराया दर्ज

- बरही के ओरपरता गांव में विवाहिता हेमा यादव की संदिग्ध मौत
- पिता जागेश्वर यादव ने पति और ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप
- हेमा यादव का विवाह 2009 में अमित कुमार यादव से हुआ था
- शादी के बाद से दहेज को लेकर ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप
- पिता ने बताया कि लोहे के पाइप से मारकर की गई हत्या
- पति अमित यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- अन्य आरोपी ससुराल पक्ष के सदस्यों पर मामला दर्ज, आगे की कार्रवाई जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को बरही के ओरपरता गांव में विवाहिता हेमा यादव की ससुराल में मौत हो गई। बरही के केदारुत गांव के रहने वाले जागेश्वर यादव ने अपनी पुत्री हेमा यादव की हत्या करने का आरोप उसके पति समेत ससुराल वालों पर लगाया है। जागेश्वर यादव ने बरही थाना में आवेदन देते हुए पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री हेमा यादव का विवाह वर्ष 2009 में ओरपरता के अमित कुमार यादव के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज के लिए उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। उन्होंने पुत्री के ससुराल वालों के साथ ऐसा नहीं करने के लिए आपसी समझौता भी किया। 27 अक्टूबर की रात पति अमित यादव, देवर महेश यादव, अशोक यादव और अनिल यादव चारों के पिता रामचंद्र यादव, ससुर रामचंद्र यादव, सास चिंता देवी, जेठानी मीना देवी, जेठानी निशु यादव पर उनकी पुत्री हेमा यादव की लोहे के पाइप से मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जागेश्वर यादव ने पुलिस को बताया कि इसके पूर्व भी उन्होंने उसकी पुत्री के साथ मारपीट की थी। वे सभी अपराधी किस्म के लोग हैं। गांव के ही मनी महतो की हत्या में जेल जा चुके हैं। इधर बरही पुलिस घटना की जानकारी मिलने पर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया गया, आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हर्ष अजमेरा ने कटकमदाग प्रखंड में किया दौरा

- आप सभी का समर्थन और आशीर्वाद मेरे लिए प्रेरणास्रोत है : हर्ष अजमेरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग के विभिन्न पंचायतों में युवा नेता निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा किया। इस यात्रा के माध्यम से जनता से सीधा संवाद स्थापित कर, उनकी समस्याओं को समझा और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जन आशीर्वाद यात्रा की विधिवत शुरुआत नरसिंह स्थान मंदिर में पूजा अर्चना से हुई। इसके उपरांत हर्ष अजमेरा ने कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया, जिसमें खपरियांवा चौक, खपरियांवा हरिजन मोहल्ला, नवादा हरिजन मोहल्ला, नवादा प्राथमिक विद्यालय, जमुवारी चौक, फातहा चौक, ओदारना प्राथमिक विद्यालय, जुमवारी चौक, हुरुदाग, रझर इमली पेड़, पूंदरी हारम, बेस, ढेगुरा पंचायत भवन सहित अनेक गांव और मोहल्ले शामिल थे। सभी स्थानों पर स्थानीय लोगों ने आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया वहीं झारखंडी रीति रिवाज में स्वागत व अभिनंदन कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रत्येक स्थान पर उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और उनसे चर्चा की वह किस प्रकार से जनसेवा को प्राथमिकता देकर उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं। यात्रा के दौरान हर्ष अजमेरा ने शहीद जगदीश कच्छप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, हमारे शहीदों का बलिदान हमें समाज की सेवा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस श्रद्धांजलि से स्थानीय लोगों में भी सम्मान का भाव उत्पन्न हुआ और उन्होंने हर्ष अजमेरा के विचारों का समर्थन किया।

# हजारीबाग में एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस का पेरेंट्स नाइट-2024 का आयोजन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** शहर के बड़कागांव रोड में शंकरपुर स्थित एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल का संयुक्त पेरेंट्स नाईट-2024 का आयोजन सोमवार को डीपीएस मैदान में होगा। इस दौरान एंजेल्स हाई स्कूल परिवार लिटिल एंजेल्स स्कूल का 25 वीं वर्षगांठ भी धूमधाम से मना रहा है। पैरेंट्स नाईट में लिटिल एंजेल्स, एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल के 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के आयु के कुल 1200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। संध्या 5:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि करीब 9:30 बजे तक कल 14 प्रस्तुतियां होंगी जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा शिवजी के नृत्य से कार्यक्रम का शुरुआत कर प्रस्तुति में भारतीय इतिहास, संस्कृति, पौराणिक कथाएं, संदेश, मनोरंजन से लेकर आधुनिक प्रस्तुतियों का मिश्रण होगा जो सामाजिक संदेश बिखरेगा और उपस्थित अभिभावकों का मनोरंजन भी करेगा। कार्यक्रम की तैयारी में विद्यालय परिवार के करीब 255 शिक्षक और 160 नॉन टीचिंग स्टाफ जुटे हुए हैं। पैरेंट्स नाईट के आयोजन को लेकर विद्यालय की निदेशिका निशा जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है विशाल स्टेज के साथ मैदान परिसर में 10 हज़ार कुर्सी का व्यवस्था किया गया है। स्कूली बच्चों ने लगातार रिहर्सल कर अपनी प्रस्तुति को जीवंत बनाने का भरसक प्रयास किया हैं उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चों की प्रस्तुति को आशीर्वाद देने जरूर पहुंचे। निशा जायसवाल ने बताया कि पैरेंट्स नाईट की मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय और विशिष्ठ अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग होंगे।

# जनकल्याण समिति के सदस्यों का वार्षिक चुनाव संपन्न, जनहित के कार्यों में समिति का विशेष योगदान : मनोज कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत में संचालित जनकल्याण समिति के सदस्यों का अवधि विस्तार कर नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसकी अध्यक्षता करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने किया व संचालन संतोष प्रजापति ने किया सभी ने सर्वसम्मति से एक वर्ष के लिए अध्यक्ष के रूप में प्रकाश प्रजापति सचिव रणजीत कुमार सोनी व कोषाध्यक्ष दीपक कुमार प्रजापति का चुनाव किया गया, ज्ञात हो की जनकल्याण समिति की स्थापना जनहित सरोकार के लिए समाजसेवी व करियातपुर पंचायत के पूर्व उपमुखिया संतोष प्रजापति व उनके साथियो ने मिलकर किया यह समिति कोरोना काल से ही जनहित के कार्य करते आ रही है, समिति के सदस्यों ने बताया कि कोरोना कें दोर में भूखे राहगीरों को खाना खिलाना, उनके लिए इलाज की व्यवस्था करना,लोगों में जागरूकता फैलाना, बुजुर्गों का सम्मान, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान,व साफ सफाई जैसे जनहित के कार्य करते आई है, मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि पंचायत के स्तर पर ऐसे टीम का गठन होना गर्व की बात है जो जनहित के कार्य करते रहती हैं, नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति ने कहा कि हमारा अगला मिशन समिति के सदस्यों के बिस्तार पर होगा जिसमे हम सभी छठ पूजा तक नए-नए जन सरोकार रखने वाले व्यक्तियों को अपनी टीम में जोड़ने का होगा जो व्यक्ति जन सरोकार की भावना रखते होंगे उनका हमारी टीम में स्वागत है, कार्यक्रम के दौरान सदस्य भीम केसरी, प्रमोद केसरी,पुरन राम, गणेश साव, संजीत कुमार सोनी, सत्यानंद यादव,विनोद कुमार केसरी,चंदन कुमार केसरी, कमलेश कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, प्रदीप प्रदीप केसरी,उदय केसरी सहित सभी सदस्य शामिल रहे।

# हजारीबाग पुलिस अधीक्षक ने आदिम जनजाति के लोगों को वोट करने के लिए किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम महूदी में मध्य विद्यालय में स्थित बूथ का निरीक्षण हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह ने किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बूथ निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने सतबहिया में आदिम जन जाति बिरहोर टोला पहुंच कर आदिम जनजाति के लोगों को वोट करने के लिए जागरूक किया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने आदिम जनजाति के बच्चों के बीच बिस्कुट, चॉकलेट और मुरही का भी वितरण किया। चॉकलेट, बिस्कुट पा कर बच्चों के चेहरे खिल उठे। मौके पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल सहित सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

# पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार एवं इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बड़कागांव थाना परिसर से शुरू होकर मुख्य सड़क होते हुए कई चौक चौराहों से गुजरा ताकि क्षेत्र मैं विधि व्यवस्था बनाए रखना का संदेश दिया जा सके, और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराया जा सके। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार एवं बड़कागांव पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सहित सैकड़ो सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सीबी माइंस द्वारा सतर्कता जागरूकता सत्र आयोजित



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने पागर हाई स्कूल और केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सतर्कता जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर एजीएम विकास सिंह (विजिलेंस) ने पागर हाई स्कूल के शिक्षकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। विकास सिंह ने शिक्षा प्रणाली को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के महत्व पर एक सत्र भी आयोजन किया। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में डीजीएम यतिश कुमार (खनन), बी. नवीन कुमार, एस.के. मोहंती भी उपस्थित थे।परियोजना ने केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के लिए भी एक सत्यनिष्ठा शपथ का आयोजन किया। यह गतिविधियाँ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की पूर्व तैयारी के तहत की गई हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सभी संगठनों से अनुरोध किया है कि वे 16 अगस्त 2024 से 15 नवंबर 2024 तक निरोधात्मक सतर्कता पर एक तीन महीने का अभियान चलाएं। विकास सिंह ने कहा की हमारा उद्देश्य एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करना है, और शिक्षा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में किया जनसंपर्क



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने अपने दिनचर्या में पूजा करने के पश्चात आशीर्वाद यात्रा प्रारंभ किया द्य कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा के दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखण्ड में प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता के नेतृत्व में गर्री कलां से शुभारंभ किया गया उसके बाद देवरीया खुर्द, कलां, पांडेपुर खुर्द कलां, बारियातु , गुरगुटीया, कंडाबेर , होते बेलतु पहरा जमीरा पगार पचड़ा, सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया जहां क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी का अभिवादन किया और एक स्वर में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। वही आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का आशीर्वाद लेते हुए अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों के सुख दुःख का साथी रहा हूँ और यह निरंतर रहेगा आपका प्यार और आशीर्वाद हर पल मुझे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है आगे उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में 13 नवम्बर को हाथ के निशान (कांग्रेस ) के पक्ष में मतदान कर मुझे अपना बहुमूल्य आशीर्वाद दें। वही संबोधित करते हुए अंबा प्रसाद ने कहा राज्य में फिर से इंडिया महा गठबन्धन की सरकार बनाने जा रही है आशीर्वाद यात्रा के दौरान बारियातु के हरदयाल साव ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार है और घर की बेटी अंबा हैं। उसे विधायक ही नही मंत्री बनना हैं। तो हम सब को मिल कर अंबा को जितना होगा। बिजली माफी, केसीसी ऋण माफी, मंईया योजना से कई गरीब के घर चल रहा हैं।

# विष्णुगढ़ में एनडीए उम्मीदवार को जीत दिलाने को लेकर भाजपा ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की कामकाजी बैठक बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभागार में की गई,जिसकी अध्यक्षता भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की तथा संचालन महामन्त्री सुनील कुमार वर्मा ने किया। बैठक में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के तमाम शक्तिकेन्द्र संयोजक,शक्तिकेन्द्र सह -संयोजक तथा 12 पंचायतो के बूथ अध्यक्षो ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बैठक को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने कहा कि कुछ बूथों का काम अभी तक बचा है,इसे आगामी 30 अक्टूबर 2024 तक पूरा कर लें। केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के अनुसार हमे साझा प्रत्याशी मिला है,जिसकी जीत सुनिश्चित करने के लिए हमसबो को कमर कस लेना है।साथ ही कहा कि 30 अक्टूबर 2024 को 11 पूर्वाह्न एनडीए(राजग)की बैठक होनी है,जिसमे पश्चिमी मंडल के पदाधिकारियो कार्यसमिति तथा सभी बूथों से अध्यक्षो,सचिव समेत बूथ पदाधिकारियो की उपस्थिति प्रार्थनीय है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,महामन्त्री सुनील कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,राकेश वर्मा उर्फ डब्लु सोनी,अशोक कुमार मंडल,मंत्री गौतम भारती, राजेश सोनी,मीडिया प्रभारी जीवन सोनी,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी,बिनोद सिंह,संजय कुमार(बब्लू),नीतीश कुमार बरनवाल,रवि कुमार पाण्डेय, अनूप कुमार कसेरा,सुनील अकेला,विकाश कुमार पांडेय,भीम राम,बिनोद कुमार गुप्ता,संजय कुमार,मन्नू कुमार पाण्डेय,सुरेश कुमार दास,सुरेश राम, युगल साव स्वर्णकार,हेमलाल यादव,गायत्री देवी,मंजीत सिंह,शशि कुमार लाहकार, संतोष कुमार साव,सुधीर श्रीवास्तव,अरबिन्द कुमार,लाहकार ,मोहन कुमार हंसदा रंजीत यादव, रीता देवी,कुमार वर्मा,कुन्दन शर्मा,नितीश कुमार सुरेश राम,सुनील कुमार,धनश्याम महतो त्रिभुवन साव,द्वारिका साव,सुखदेव मंडल ,बालगोविंद प्रसाद,विजय प्रसाद, दीपक प्रसाद, विकास पाण्डेय, संजय मंडल, दीपक कुमार रजक, महावीर कुमार,लाटो साव, ईश्वर साव,सुरेन्द्र कुमार, राम विजय कुमार, राजेन्द्र यादव, अशोक कुमार, तालेश्वर यादव समेत सैकड़ो की सँख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा चुनाव को लेकर बरही पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने शनिवार को बरही शहर में फ्लैग मार्च निकला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने किया। जिसमें बरही थाना के एसआई नागेंद्र पांडेय, सुरजीत चौधरी, रंजीत भगत, सुमित साव, कपूल दीपक नाग पुलिस के जवान सहित बीएसएफ के 80 जवान शामिल थे। मौके पर पुलिस ने लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही। फ्लैग मार्च बरही थाना परिसर से बरही चौक व चारों मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए वापस थाना पहुंचा। बरही थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का मकसद मतदाताओं में विश्वास जगाना और उन्हें भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें।बता दें कि बरही विधानसभा में पहला चरण यानि आगामी 13 नवंबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र टोला बेला में मतदाता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखण्ड के कराली गांव अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र टोला बेला में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका बबिता कुमारी ने कहा कि इस टोले में शत प्रतिशत मतदान हो,इसके लिए सभी को घर घर जाकर जागरूक करने की आवश्यकता है।चुकी मतदान हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है,इसलिए एक भी व्यक्ति मतदान से वंचित नही रह सकें।मौके पर एएनएम उजाला कुमारी,सहिया जीरा देवी, केंद्र के सहायिका बिमला देवी, सिताबी खातून, तस्लीम अंसारी, निर्मल राम,रानी कुमारी, शोभा देवी, आरती देवी, पूजा देवी, संगीत देवी, सलोनी देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में राज्य स्तरीय गटका चैम्पियनशिप का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बरही :** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बरही में आयोजित चौथे राज्य स्तरीय गटका चैम्पियनशिप में राज्य भर से 16 जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के प्रमुख और निर्णायक मंडली के सदस्य उपस्थित रहे। खिलाड़ियों की संख्या करीब 400 थी। खेल महोत्सव का उद्घाटन श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह, झारखंड गतका एसोसिएशन के सचिव प्रिंस मिश्रा, रोजबड स्कूल हजारीबाग के प्राचार्य अजय सिंह, एसीआई रूपलाल यादव, राधा कृष्ण स्कूल आफ लर्निंग हजारीबाग के निदेशक कौशलेंद्र कुमार, रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल बरही के निदेशक अनूप सिंह, एंथम स्कूल हजारीबाग के निदेशक प्रवीण कुमार ज्ञानोदय स्कूल बगोदर के निदेशक रंजीत कुमार, ओएसीस स्कूल हजारीबाग के निदेशक अरविंद कुमार, डीपीएस बरही के प्राचार्य सुभाषिश पायने, मॉडर्न स्कूल झुमरी तिलैया के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर एवं श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय दशरथ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। खेल प्रतियोगिता में ऑफिशियल गतका में अंशु राज, अविनाश कुमार, निर्णायक मंडली में तरन्नुम खान, खुशी सिंह, उमेश नायडू, साक्षी कुमारी, मिथिलेश कुमार, हर्ष कुमार, नईम अंसारी, रौनक पांडे, सिकन्दर प्रजापति, अवनी एवं कौशल कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल निदेशक ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य राज्य स्तर पर गटका खेल को प्रोत्साहित करना और विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना था। अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर एवं कप देकर सम्मानित किया गया। खबर लिखे जाने तक खेल प्रतियोगिता जारी रही।

# भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने 27 अक्टूबर को बड़कागांव प्रखंड के गुरु चट्टी, बनिया टोली, सूर्य मंदिर, तेलियतरी, चंदन टीला, लगातू, चेपाखुर्द, जुगार, डाडीकला, चपकाला, सिंदवारी, सोनबरसा, करीगढ़ा, चमगढ़ा, सीकरी, पारपेन, जमनीडीह, पड़रिया, सिरमा, छावनिया, बड़कागांव, वरमोहल्ला, बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला, आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। लोगों ने गाजे बाजे के साथ आरती उतार वा फूल माला पहन कर भव्य स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा की जनता परिवर्तन की मूड बना ली है, इस बार मुझे मौका मिलेगा और बड़कागांव विधानसभा की जनता को भरोसा दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास के साथ राज्य और देश का विकास होगा। विकास एक मात्र भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सभी के दुख सुख में साथ खड़ा रहती है, जहां तक मेरी बात है तो मैं 15 वर्षो से आपके बीच में रहा और आपके सुख दुख में खड़ा रहा । आगे उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हेमंत सोरेन ने पूरे झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। झामुमो,कांग्रेस, राजद कि नेताओं ने जनता को ठगने का काम किया है। लोगों के समस्याओं के समाधान के लिए कोई उनके पास कोई विकल्प नहीं है। इस बार भाजपा को भारी समर्थन दे।हम क्षेत्र में चौमुखी विकास करेंगे। स्थानीय युवाओं रोजगार से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार ,पूर्व जीव सदस्य टुकेश्वर प्रसाद , उप प्रमुख वचन देव कुमार,आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, संदीप कुशवाहा ,मुखिया अनिकेत नायक भाजपा नेत्री पूनम साहू , कामेश्वर महतो, राजा खान, घनश्याम कुमार, रवि राम ,किशोर राणा ,मेवा नाग, रामचंद्र साव, राजेश यादव सहित सैकड़ो लोग जनसंपर्क अभियान में शामिल थे।

## हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने विधानसभा चुनाव को लेकर उरीमारी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने रविवार को उरीमारी क्षेत्र के डिएवी स्कूल व मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। वहीं सभी पुलिस पदाधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया।



वहीं इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव शांति पुर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस कर्मियों व सीआरपीएफ जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया। वहीं दूसरी ओर उरीमारी डिएवी स्कूल में सीआरपीएफ जवानों के अवसान हेतु विद्यालय का निरीक्षण किया गया। वहीं इस निरीक्षण में उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम एवं जिला पुलिस के जवान एवं सीआरपीएफ जवान मौजूद थे।

## भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी में हुई सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति घायल

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले जाया गया सूचना मिलते ही भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान अस्पताल परिसर पहुंचकर अपने मौजूदगी में घायल व्यक्ति का इलाज कराई गई, जानकारी अनुसार भुरकुंडा नीचे दौड़ा निवासी भुरकुंडा बाजार की ओर जा रहा था इस बीच विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन के मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति चपेट में आ गया ओर घायल हो गया।



## पुण्यतिथि में भोजन वितरण

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार भी दूर दराज से आए दातुन पत्तल बेचने वाले गरीब महिला पुरुष एवं बच्चों के बीच एवं स्वर्गीय रत्नेश्वर प्रसाद भदानी नगर निवासी की छठी पुण्यतिथि में उनके पुत्र जितेंद्र मंडल अशोक मंडल एवं पुत्री सुनीता देवी आशीष मंडल ने 125 लोगों को भोजन वितरण किया। राष्ट्रीय सेवा मंच के डब्ल्यू सिंह उमाशंकर जायसवाल रिंकू वर्नवाल शिव कुमार यादव उदयभान दुबे लालू उरांव शुक्रा करमाली बारिक अंसारी कमलेश कुमार रामशरण गिरि महावीर सिंह रवि मिस्त्री लखन राम इत्यादि समाजसेवी उपस्थित थे।




## राष्ट्रीय जनता दल मांडू विधानसभा के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता दल मांडू विधानसभा की पूर्व घोषित मांडू विधानसभा मांडू चट्टी प्रधान कार्यालय में युवा राष्ट्रीय जनता दल की वरिष्ठ नेता अमित कुमार हसदा के अध्यछता में हुई बैठक। संचालक राजद के वरिष्ठ नेता उमेश कुमार दास ने किया बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव विधान पार्षद भोला प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शाहिद सिद्दीकी, एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, अतिथि मो जब्बार भुलेश्वर भोक्ता थे। बैठक में समिति ने यह निर्णय लिया गया है कि मांडू विधानसभा में महागठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल को राष्ट्रीय जनता दल ने पूर्ण रूप से समर्थन करेगी। साथी साथ दिनांक 28- 10 - 2024 को महागठबंधन के प्रत्याशी के नामांकन में हजारों की संख्या में हजारीबाग जाएंगे।साथी ही नामांकन के पश्चात बिरसा फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित आम सभा में मतदाता समर्थकों को आने की अपील की गई है।बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष साह बिहार के पूर्व मंत्री एवं प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी प्रसाद यादव का जनसभा मांडू विधानसभा मुख्यालय में अभिलंब करने के निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रधान कार्यालय मांडू में बूथ कमेटी चुनाव प्रधान कार्यालय प्रचार प्रसार वाहनों की व्यवस्था की जाए।बैठक के निम्नलिखित रूप से उपस्थित रहे.गुलाम रब्बानी, दिलीप तुरी,नरेश रविदास, नरेश हेंब्रम,इसाक अंसारी,साहबान अंसारी,फूलमती देवी,सुनीता देवी, मन्नू कुमारी, अजय गंजू, वासुदेव, शिबू महतो, धनेश्वर हसदा,राजेश मुंडा, सलमा खातून उपस्थित थे।



## मांडू विधानसभा प्रत्याशी नामांकन कार्यक्रम में शामिल हो : जेपी भाई पटेल

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के मांडू विधानसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने नामांकन निमंत्रण के माध्यम से आप सभी के प्रेम सहयोग समर्थन और आशीर्वाद से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के रूप में 28 अक्टूबर दिन सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करूंगा नामांकन पत्र यात्रा जिला स्कूल से समाहरणालय तक जाएगी 11 बजे नामांकन के बाद चरही के बिरसा मैदान में नामांकन सभा का आयोजन किया जाएगा मेरे मांडू विधानसभा परिवार के सभी परियोजनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में मेरे नामांकन कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे अपना समर्थन और आशीर्वाद प्रदान करें स्थान जिला स्कूल समय 10○00 बजे दिनांक 28 अक्टूबर दिन सोमवार जयप्रकाश भाई पटेल।



## स्वीप के तहत डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान । मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं क्कुष्ठ मतदाता,80 + वृद्ध मतदाताओं को ÷वोट करेगा रामगढ़,÷ष्ट- 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं÷ष्ट - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024 चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।

# फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट मामले में आईपीसी व आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुई प्राथमिकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें।




जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, X (twitter) एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें।

# खराब पड़े जलमिनर को बनाने और गंदगी को साफ करने को लेकर पटेल नगर के निवासियों ने स्थानीय मुखिया से साफ कराने की मांग

➪ **2021 में लगा था जल मीनार 6 महीना चलकर हुआ बंद।**

➪ **स्थानीय मुखिया को कई बार इसकी जानकारी दी गई पर उन्होंने नहीं सुना।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड के पटेल नगर बैंक ऑफ़ इंडिया के समीप 15वें वित्त आयोग मद से निर्मित सोलर जल मीनार 2021 में बना पर स्थानीय निवासियों ने बताया कि 6 महीना चलने के बाद वह पूर्ण रूप से बंद हो गया जो अब तक नहीं बना जिसके कारण स्थानीय निवासियों को पिने के पानी की समस्या से जूझना पड़ता है साथ ही जल मीनार के आसपास गंदगी का अम्बार लगा हुआ है आसपास रहने वाले को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही आने जाने वाले राहगिर को काफी दुर्गंध का सामना करते हुए आना जाना पड़ता है इसकी शिकायत स्थानीय निवासियों ने पटेल नगर पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि, विधायक और सांसद को भी दे चुके हैं पर इस पर अभी तक कुछ भी पहला नहीं हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अभी कुछ ही दिनों में दीपावली और हिंदू का महापर्व छठ भी आने वाला है ऐसे में ।पटेल नगर निवासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



# सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान संचालित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना/ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान बासल थाना क्षेत्र अन्तर्गत टुंगरी पहाड़ से करीब 700 कि0ग्रा0 अवैध जावा महुआ एवं भदानी नगर ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत चैनगड़ा से करीब 100 कि0ग्रा0 अवैध जावा महुआ बरामद हुआ जो संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 56000/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में बासल थाना/भदानी नगर ओ0पी0 में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



*डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा स्थापित करने को लेकर उरीमारी में जगह किया गया चयनित*

# बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा का शनिवार को बाजार के समीप किया जायेगा स्थापित : राजू यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। जिसको लेकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में अपने सभी पदाधिकारीयो के साथ रविवार को शनिवार बाजार के समीप जगह का चयन किया गया। वहीं जगह के चयनित करते हुए क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि उरीमारी में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा जल्द ही स्थापित किया जाएगा।डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के एक प्रमुख नेता, समाज सुधारक, और संविधान निर्माता थे। उनकी जीवन यात्रा और संघर्षों ने उन्हें भारतीय सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में एक विशेष स्थान दिलाया। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,महादेव बेसरा, लालो महतो,कोलेश्वर मांझी, गणेश राम, बाल्मिकी यादव,नाथू प्रसाद,दशा राम हेम्ब्रोम, कृष्णा साव, शिवशंकर बेदिया,दिपक यादव,चन्दू जयसवाल,बेनी साव, राधेश्याम, सीबू, बिनोद, अशोक, बिनोद प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।



# रजरप्पा थानान्तर्गत चितरपुर ओवर ब्रिज से लगभग 1915 सीएफटी बालू लदा हाईवा एवं ट्रक को किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की रजरप्पा थानान्तर्गत अवैध बालू माफियाओं के द्वारा अवैध बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रजरप्पा एवं खान निरीक्षक के नेतृत्व में एक संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें रजरप्पा थानान्तर्गत चितरपुर ओवर ब्रिज से 01 हाईवा एवं 01 ट्रक में लगभग 1915 Cft बालू लदा जप्त किया गया। इस संबंध में रजरप्पा थाना काण्ड सं0-171/24, दिनांक- 26.10.2024, धारा- 303(2)/317 (2) /3(5) बी0एन0एस0 एवं 4/21 MMDR Act-1957, 54 JMMCA-2004, 9/13 Jharkhand Minerals (Prevention of illegal Mining Transportation & storage) Rule-2017 दर्ज कर चालक एवं मालिक के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# जेएलकेएम रामगढ़ विधानसभा का नामांकन भव्य एवम ऐतिहासिक होगा : पनेश्व महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी पनेश्वर महतो का नामांकन दिनांक 29.10.2024 , दिन मंगलवार को, समय 11○30 बजे रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय में होना तय हुआ है। इस नामांकन कार्यक्रम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय पदाधिकारी, जिला कोर कमेटी सदस्य, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य,पंचायत पदाधिकारी, पार्टी के सक्रिय सदस्यों एवम रामगढ़ विधान सभा के विभिन्न प्रखंडों, गांवो ,टोला, कस्बा, मोहल्ला से लोग सम्मिलित होंगे। नामांकन कार्यक्रम में लोगों की काफी रुझान है ।लोगों का समर्थन बढ़ता हुआ नजर आ रहा है, और निश्चित तौर पर रामगढ़ विधानसभा एक बदलाव की ओर अग्रसर है । क्योंकि झारखंड की जनता टाइगर जयराम महतो को आशाभरी निगाहों से देख रही है। सभी लोगों की एक ही उम्मीद है इस बार टाइगर जयराम महतो को विधानसभा में अधिक से अधिक बहुमत हासिल कर झारखंड का कमान टाइगर जयराम महतो के हाथों सौंपा जाए, ताकि झारखंड में अच्छा नीति नियम बन सके। इस संगठन में सभी समुदाय के लोग सम्मिलित होकर संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब दवे, कुचले सबो की आवाज टाइगर जयराम महतो बन कर उभरे हैं। रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी पनेश्व महतो ने कहा की रामगढ़ विधानसभा में कैंची छाप में वोट देकर टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करें ।रामगढ़ विधानसभा में जेएलकेएम का नामांकन रैली भव्य एवं ऐतिहासिक होगी । क्योंकि टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए रामगढ़ विधानसभा भी एक कड़ी है। सभी कार्यकर्ता को आपसी मनमुटाव, भेदभाव को भूल कर अभी बदलाव करने का समय है।

# पतरातू भाजपा बूथ अध्यक्ष एवं सचिवों का लगाया गया प्रशिक्षण शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का आवासीय कार्यालय रोड नंबर 4 में भाजपा बूथ सशक्तिकरण के लिए। भाजपा एवं आजसु के पतरातु एवं पिपरवार के बूथ अध्यक्ष एवं बुथ सचिव का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें मुख्य रूप से रेखा चौधरी एवं बड़कागांव विधानसभा प्रभारी किसलिए तिवारी उपस्थित थे। जिसकी अध्यक्षता मंडल के मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति एवं संचालन महामंत्री भाजपा मंडल उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो एवं आजसू के महामंत्री बृजेश सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।भाजपा एवं आजसू के बूथ अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया की बुथ जितो चुनाव जीतो का संकल्प को पूरा करने के लिए। सभी कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक डोर टू डोर संपर्क करना है एक भी घर छूट न पाए वही रेखा चौधरी ने कहा की 20 वर्षो से लगातार बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी माननीय रोशन लाल चौधरी आप लोगों के बीच हमेशा सुख-दुख में शामिल हुए और यह अवसर आप सभी कार्यकर्ता जाने नहीं देंगे मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार का चुनवा मैं आप लोगों का उत्साह देखकर ऐसा लगता है की रिकार्ड मतों से हम लोग विजय होंगे मौके पर विजय साहू, दिनेश प्रसाद, अल्पसंख्यक मोर्चा बारिश खान, अवधेश सिंह, रंजन भगत, गणेश ठाकुर, परमानंद राजीव, बजरंगी कुमार,शीतल सिंह, पिंकी कुमारी, पंकज कुमार गुप्ता, गंगाधर महतो, अजय रवि,अशोक पाठक, राजू कुमार,इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## भुरकुंडा पंचायत भवन स्थित मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे फेडरेशन द्वारा निःशुल्क कराटे कैंप व ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे फेडरेशन के तत्वाधान में भुरकुंडा पंचायत सचिवालय के प्रांगण में दो दिवसीय निशुल्क कराटे कैंप तथा ग्रेडिंग टेस्ट का हुआ आयोजन जिसका मुख्य प्रशिक्षक सिन्होन जीबी थापा के द्वारा ग्रेडिंग टेस्ट लिया गया वहीं मुख्य अतिथि के रूप में भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान और जीबी थापा के कर कमल से बेल्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसका नाम इस प्रकार है हाफ ग्रीन में भूमि कुमारी ,सोनी कुमारी ,चौथा क्यू में ,मोहम्मद नवीन ,मोहम्मद अजीज तीसरा क्यू में ब्राउन बेल्ट खुशी कुमारी, मोहम्मद अजीज ब्राउन बेल्ट प्रथम क्यू विकास कुमार भारती, रियांश राज ,सिमरन टोप्पो को पुरस्कृत किया गया मौके पर कराटे कोच सेसाई कंचन दास ने कहा कि शिविर को सफल बनाने में सृष्टि कुजूर ,आस्था सीन ब्लैक बेल्ट द्वितीय डॉन को विशेष प्रकार का ट्रेनिंग दिया गया और एडवांस काता से अवगत कराया गया श्री कंचन दास ने कहा कि शिविर में स्मृति मुंडा ,कमलनाथ सिंह, सूरज करमाली ,राजेश मुंडा ,शिक्षक रंजीत कुमार व शिवांश राज ने बालक बालिकाओं को खूब सराहा तथा उनकी हौसला को बढ़ाते हुए उज्जवल भविष्य का कामना किया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना अंतर्गत छतर मांडू जेल मोड़ के समीप विकास कुमार महतो पिता रघुनाथ महतो को ट्रैक्टर ने अपने चपेट में लिया ग्रामीणों द्वारा अनन फनन में सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते पर हुई मृत्यु वही ग्रामीणों द्वारा उग्र होकर रोड को किया जाम। जानकारी के अनुसार बाइक सवार विकास महतो अपने घर की ओर जा रहा था तभी ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले ली और उसकी दर्दनाक मौत हो गई । लोगों ने रोड जाम कर दिया है मौके पर पुलिस पहुंच गई है मामले की जांच कर रही है।

# रामगढ़ की देवतुल्य जनता पुनः सुनीता चौधरी को विधानसभा में देखने को आतुर है : सीपी चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड के रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में आयोजित आजसू पार्टी ÷अनुसूचित जाति महासभा का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन÷ में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सह एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी, केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, इंतेखाब आलम, आजसू प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक, सेवानिवृत शिक्षक उमेश राम दास, सभा के जिला अध्यक्ष उत्तम पासवान, जिला सचिव अमरदीप राम, जिला उपाध्यक्ष शंकर नायक उपस्थित हुए. मौके पर सांसद ने सभी से संवाद किया व? आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने कहा कि आशा और उम्मीद की किरण के साथ रामगढ़ की जनता विकास के सूरज के लिए प्रतीक्षारत है। अपनत्व से जगमगाती आंखों और लहलहाते खुशी के समंदर के साथ रामगढ़ की देवतुल्य जनता पुनः सुनीता चौधरी को विधानसभा में देखने को आतुर है। वही सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ के लोगों की एकजुटता और अनुसूचित जाति महासभा का समर्थन यह स्पष्ट करता है कि हम सभी अपने रामगढ़ के उज्जवल भविष्य के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। अनुसूचित जाति महासभा की भागीदारी ने हमेशा रामगढ़ को प्रगति के पथ पर अग्रणी बनाया है, और आपका समर्थन इस मिशन को और भी सशक्त बनाता है।यहां पहुँचे अथितियों का माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष जयदेव नायक एवं संचालन मलेश्वर नायक ने किया. इस मौके पर विजय रविदास, सत्येंद्र नायक, मुकेश रजक, अनुज नायक, कमल नायक, कल्पना देवी सहित क्षेत्र के कर्मठ युवाओं, मातृ शक्ति, प्रबुद्धजनों, वृद्धजनों के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रहीं।



## आईडीबीआई बैंक लिमिटेड 30 सितंबर को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए जारी किया वित्तीय परिणाम

IDBI BANK

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपने तिमाही नतीजों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 39प्रतिशत की साल दर साल मजबूत वृद्धि के साथ 1,868 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 45प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि करते हुए 3,006 करोड़ हो गया। एनआईएम 4.87प्रतिशत दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय 26प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 3,875 करोड़ रही। जमा की लागत Qw-2025 के लिए 4.66प्रतिशत रही, जबकि त्त2-2024 के लिए यह 4.22प्रतिशत थी। सीआरएआर साल दर साल 72 बीपीएस सुधरकर 21.98प्रतिशत रहा। परिसंपत्तियों पर रिटर्न (RQ) 38 बीपीएस की साल दर साल वृद्धि करते हुए 1.97प्रतिशत रहा और इक्विटी पर रिटर्न (ROE) 130 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 20.35प्रतिशत रहा। शुद्ध ब्याज आय Qw-2025 में 26प्रतिशत बढ़कर 3,875 करोड़ हो गई, जबकि Qw-2024 में यह 3,066 करोड़ थी। Qw-2025 में नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) में 54 बीपीएस सुधार हुआ, जो बढ़कर 4.87प्रतिशत हो गया, जबकि Qw-2024 में यह 4.33प्रतिशत था। नेट एनपीए अनुपात 30 सितंबर, 2023 को 0.39प्रतिशत के मुकाबले 30 सितंबर, 2024 को सुधरकर 0.20प्रतिशत हो गया। पीसीआर साल दर साल 32 बीपीएस के सुधार के साथ 99.42प्रतिशत रहा।

## पानी सप्लाई पाईप के चोरी के आरोप में महुदा पुलिस ने दो लोगों को भेजा जेल

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला के महुदा थाना में पानी सप्लाई पाइप के चोरी के मामले में महुदा थाना ने त्वरित करवाई करते हुए दो लोगों को भेजा जेल। ज्ञात हो कि भाटडीह से तारगा तक जलापूर्ति योजना के लिए पाइप बिछाया जा रहा है । तारगा वाटर प्लांट में कार्यरत अमरेंद्र कुमार सिंह लेखा पाल ने पाइप चोरी की लिखित शिकायत महुदा थाना में देकर चोरों पर करवाई करने की मांग किया था । उसी के तहत महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार ने करवाई करते हुए बताया कि दिनांक 27.10.2024 को महुदा थाना कांड संख्या-84/2024 के प्राथमिक अभियुक्त 1.सच्चू खान उम्र करीब 38 वर्ष पिता कमाल खान सकीम नीलसर थाना रामसर जिला बाड़मेर राजस्थान 2.राजा बाबू अंसारी उम्र करीब 32 वर्ष पिता सनाउल्लाह अंसारी सा संथालडीह थाना पिंडराजोरा बोकारो को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है।

## अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच ड्रीम चैलेंजर की टीम ने ड्रीम सुपर किंग्स को 28 रनों से हराया

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ड्रीम क्रिकेट अकेडमी के द्वारा रविवार को सरिया हाई स्कूल के मैदान में चार टीमो के अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच ड्रीम चैलेंजर बनाम ड्रीम सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर ड्रीम चैलेंजर की टीम ने बल्लेबाजी करते हुवे 25 ओवरों के मैच में 20.5 ओवर खेल के आल आउट हो के 104 रन बनाये। इसके बाद जवाबी पारी खेलने उतरी ड्रीम सुपर किंग्स ने 18.4 ओवरों में 76 रन बना के अपने सभी विकेट खो दिए। इस प्रकार ड्रीम चैलेंजर की टीम ने 28 रनों से जीत हासिल कर ली। वहीं मैच में मैन ऑफ़ द मैच सागर शर्मा बने जिन्होंने पाँच विकेट हासिल किये।वहीं पुरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सोनू शर्मा को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से पुरस्कृत किए गए।वहीं फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जीप सदस्य अनूप कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का विजया सम्मेलन संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति द्वारा विजया सम्मेलन रेलवे इंस्टिट्यूट माझेरपारा दुर्गा मंदिर में मनाया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं संचालन जिला सचिव राणा चट्टराज ने किया। सर्वप्रथम सभी ने एक दूसरे को विजया शुभकामना एवं बधाई दिया। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि समिति का आगामी दिसंबर माह में रवींद्रनाथ टैगोर, नज़रुल इस्लाम एवं सुकांतो भट्टाचार्य के विषयों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा एवं समिति द्वारा प्रत्येक बार की तरह इस बार भी बांग्ला जात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कल्याण भट्टाचार्य, कल्याण घोषाल, सुशोभन चक्रवर्ती, बादल सरकार, टनि बनर्जी, कल्याण राय, जयदीप बनर्जी, बुरो विश्वास, बादल पात्र, सुमंतो मुखर्जी, बापी विश्वास, तोरूण गोस्वामी, टुबाई बनर्जी, गौरव मंडल, अमिताभ बैनर्जी, अभिक घोष, सुशील घोष, अभिषेक राय, सुभाशीष गुहा, गजा चटर्जी आदि लोग शामिल थे।

## ब्राह्मण समाज ने दिवगंत शिक्षक राहुल मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कोला कुसमा, उत्सव रिसोर्ट में दिवंगत शिक्षक राहुल कुमार मिश्रा को ब्राह्मण समाज की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें कि पिछले दिनों राहुल कुमार मिश्रा की संदेहास्पद स्थिति में बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कशीयाटांड में शव पाया गया था। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हुए भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने राहुल मिश्रा मौत मामले में हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सरकार में अपराध चरम पर है। अपराध को नियंत्रित करने के लिए इस सरकार का जाना जरुरी है।

# आलमगीर आलम की विरासत सँभालने उतरी पत्नी निशात आलम, आजसू के अजहर इस्लाम आमने सामने





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** लम्बे इन्तेजार और लग रहे कई कयासों के बाद अंततः पाकुड़ विधानसभा के विधायक आलमगीर आलम की विरासत को सँभालने के लिए उनकी पत्नी निशात आलम जी को कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतार दिया.उनके नाम के घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आधी आबादी में दलगत भावना से ऊपर उठकर एक सकारात्मक उत्साह भी देखने को मिल रहा है.उल्लेखनीय है की आलमगीर आलम साहब फिलवक्त एक तथाकथित आरोप के मद्देनजर जेल में है.ऐसे में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और विधायक पुत्र तनवीर आलम के चुनाव लड़ने की चर्चा भी जोरों पर थी.एक समय तो ऐसा भी आया की उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा हो जाने की बातें भी सोशल मीडिया पर छा गया.लेकिन इसके बाद अचानक विधायक पत्नी निशात आलम की नाम की घोषणा कांग्रेस ने की और स्वाभाविक रूप से आधी आबादी के बीच एक उत्साह का माहौल देखा जा रहा है.निशात आलम प्रत्याशी के रूप में क्षेत्र में अपना तूफानी दौरा शुरू कर चुकी है.जहाँ उन्हें महिलाओं का विशेष कर सकारात्मक रिस्पॉन्स भी मिल रहा है.आजादी के बाद भी हुए प्रथम चुनाव 1952 में पहली बार पाकुड़ की रानी ज्योतिर्मिय को अपना टिकट देकर कांग्रेस ने नारी सशक्तिकरण की अपनी मंशा उसी समय जाहिर कर दी थी जब पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गाँधी भी सक्रिय राजनीति में नहीं उतरी थी.ऐसा कहा जा सकता है की कांग्रेस ने आधी आबादी के प्रतिनिधित्व की ओर उस समय ही अपना कदम बढ़ा दिया था जब महिलाएं घर की चाहारदिवारी के अंदर रहती थी.इस बार भी कांग्रेस ने पाकुड़ में निशात आलम को टिकट देकर एक ऐसी घरेलू महिला को प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है जो कभी घर से बाहर निकलकर सार्वजानिक या राजनैतिक कार्यकर्मो में हिस्सेदारी नहीं करती रही है.ऐसे में निशात आलम को टिकट मिलना उन सभी घरेलू महिलाओं के लिए एक सन्देश कांग्रेस के द्वारा देने की कोशिश की गई है की महिलाएं आवश्यकता पड़ने पर घर से बाहर भी राजनैतिक मैदान में अपने प्रतिद्वंदियों से दो चार हाथ कर सकती है.उधर मुख्य प्रतिद्वंदी भाजपा में अपने एलाइंस के आजसू उम्मीदवार अजहर इस्लाम को अपना समर्थन देकर कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारा है. यह भी पाकुड़ के इतिहास में पहली बार है.भाजपा ने अपने सहयोगी पार्टी के किसी मुस्लिम उम्मीदवार को खुलकर समर्थन किया.यह बताना लाजमी होगा की हेमंत विश्व शर्मा जैसे घोर मुस्लिम विरोधी भाजपा नेता का पाकुड़ में दौरा हो चूका है,और चुनावी बिगुल बजने से पहले वे यहाँ आकर बांग्लादेशी घुसपैठ और पार्टी की सरकार आने पर एनआरसी लागु करने का वायदा किया जा चूका है.ऐसे में मुस्लिम बाहुल्य पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में आजसू किस तरह से निशात आलम और कांग्रेस को मात देने की रणनीति तैयार करेगी यह वक्त ही बता पायेगा.क्यूंकि हिन्दू महासभा और सनातन के नाम पर भी उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी ताल ठोंक रहे है.जो कहीं न कहीं भाजपा के मतों को ही काटेंगे.उधर आलमगीर आलम के घोर विरोधी रहे व्यवसाई शम्भू नंदन भगत भी चुनावी मैदान में दिख रहे है.ऐसे में भाजपा अपने मतदाताओं को कैसे अपने सहयोगी आजसू के पक्ष में कर पाते है यह देखना बाकी है.हालांकि आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी सहित अमित शाह के नाराज कार्यकर्ताओं और वोटरों को मनाने के निर्देश के मद्देनजर बड़े नेता असंतुष्टों से मिलकर उन्हें पार्टी लाइन पर ला रहे है.छोटानागपुर क्षेत्र में कई ऐसे असंतुष्ट नेताओं को भाजपा मनाकर पार्टी लाइन में सफल भी रही है. लेकिन पाकुड़ में यह कहाँ तक सफल होगा और कौन कौन नेता यहाँ के असंतुस्ट को मनाने के लिए आने वाले है यह समय बतएगा. लेकिन फिलवक्त सोशल मीडिया पर असंतुस्ट की भरमार दिख रही है. यह कब बंद होगा इसे भी देखना बाकी है. कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है की आजसू एवं कांग्रेस दोनों के उम्मीदवार राजनीति के मैदान में बिल्कुक नए है ऐसे में उन दोनों के पक्ष से मतदाताओं के बीच बेटिंग करने वाले अनुभवी दिग्गज क्या रंग दिखा पाते है यह 25 नवंबर को ही पता चलेगा।

## कोल उद्योग के ठेका मजदूरों को दीपावली के पूर्व मिलेगा सालाना बोनस : महामंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मायनिंग एक्टिवीटी के अंतर्गत काम करने वाले कामगारो को 8.33त्न (एक अतिरिक्त पेमेंट) बोनस के रूप मे दिये जाने को मान्यता दी गई। इस दीपावली के पूर्व भुगतान करने का सुनिश्चित हुआ है। संघठन ने कोल उद्योग के अंतर्गत कार्य करने वाले सभी कामगारो को बोनस दिये जाने की मांग रखी थी। किंतु प्रबंधक ने कोयला उत्पादन मे कार्यरत ठेका मजदुरो को बोनस दिये जाने की स्वीकृती प्रदान की। बीएमएस ने 02 वर्षो से लगातार आंदोलन करने से यह सफलता मिली है। ठेका मजदूरों में काफी हर्षोंउल्लास का माहौल है। सभी ने एक दुसरे को बधाई दी है। इस अवसर पर एबीकेएमएस के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सुधीर घुरडे ने कोल उद्योग के अंतर्गत दुसरे सभी ठेका कामगारो को भी बोनस दिलाने के लिए भविष्य में संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा ।

## नगर आयुक्त ने की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रविवार को न्यू टाउन हॉल में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत कम दर्ज होता है। उन्होंने एसोसिएशन से सोसाइटी के हर मतदाता को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने, उनके एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में बताने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के समापन पर सभी को विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

## इनर व्हील क्लब ने अपर्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया रंगोली प्रतियोगिता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन डिस्ट्रिक्ट 325, चार्टर 8181ने गोविंदपुर रोड गोसाईडीह स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल में दिवाली के मद्देनज़र दीया डेकोरेशन व रंगोली बनाओ कंपटीशन का रोचक आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने एक से बढ़ कर एक खूबसूरत, आकर्षक और दर्शनीय दीया डेकोरेशन, डिज़ाइन कार्ड डेकोरेशन, रंग बिरंगी कैंडल बनाकर प्रभावित किया एवं अपनी अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया। अपर्णा पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर एवं इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा की रंगोली प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में रंगोली कला को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और इस प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चों ने अपनी रचनात्मक कौशल का परिचय दिया है। विजेता प्रतिभागियों को उपहार एवं प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही स्कूल के प्राचार्य अनुपम नायक को विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और आर्ट वर्क के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ़ धनबाद माइलस्टोन की उपाध्यक्ष लीना झा, सचिव रितु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, मनीषा प्रसाद आदि इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सक्रिय रहीं।

## कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम पहुंची पार्टी कार्यालय, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम रविवार को पार्टी कार्यालय पहुंची। कांग्रेस कार्यालय पहुंचते ही मौजूद समर्थकों ने उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान आलमगीर आलम जिंदाबाद, निसात आलम जिंदाबाद, तनवीर आलम जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। प्रदेश महासचिव उदय लखवानी, जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बिलाल शेख, विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वास, मुखिया मजिबूर रहमान, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शाहीन परवेज, हबि शेख, नगर अध्यक्ष वंशराज गोप, कृष्णा यादव आदि सैंकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मीडिया प्रभारी नलिन मिश्रा भी मौजूद थे। कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी दी है, मैं इसके लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं। मैं कांग्रेस परिवार के तमाम सदस्यों का आभार व्यक्त करती हूं। जिन्होंने हर घड़ी सुख-दुख में साथ खड़े रहे, उनका आभार व्यक्त करती हूं। मैं आप सबके बीच आई हूं। आपसे गुजारिश है कि आपके नेता आलमगीर आलम और कांग्रेस का हाथ मजबूत करने के लिए जी-जान से मेहनत करें। आपने हर परिस्थिति में आपके नेता का साथ दिया है। आज भी आपसे साथ मांग रही हूं। उन्होंने मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है। इसके लिए मैं जनता का आभार व्यक्त करती हूं। मैं जनता के बीच विकास के मुद्दे को लेकर जा रही हूं। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम साहब के अधूरे कार्यों को आगे लेकर जाऊंगी। मुझे पूरी उम्मीद है कि प्रदेश में एक बार फिर से गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार ने आम जनता के लिए काफी कुछ काम किया है। महिलाओं को राज्य सरकार ने विशेष तौर पर सम्मान देने का काम किया है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक से एक कदम उठाए गए। मंईयां सम्मान योजना से मां बहनों को हर महीने 1000 रुपए उनके खाते में मिल रहा है। इस राशि को बढ़ाकर ढाई हजार रुपए कर दिए गए हैं। पेंशन से लेकर आवास तक हर गरीब को देने का काम हुआ और हो रहा है। निश्चित तौर पर आने वाले समय में राज्य विकास के मामले में इतिहास रचेगा। आम जनता से मेरी अपील है कि जिस सरकार ने आपके मान-सम्मान का ध्यान रखा, उनका साथ देंगे।

## झरिया बचाने की बात करने वाले ही झरिया को लूटने का काम किया है : जहीरूद्दीन खान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जब-जब चुनाव आता है झरिया बचाने की बात की जाती है, परंतु झरिया उजड़ते जा रहा है और और आज स्थिति यह है कि यह अपनी अंतिम घड़ी गिन रहा है यानी वेंटिलेशन पर है। झरिया बचाने की बात करने वाले ही झरिया को लूटने का काम किया है। उक्त बातें आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रीय जन क्रांति मोर्चा झरिया विधानसभा प्रत्याशी जहीरूद्दीन खान ने कही। खान ने कहा कि झरिया को बचाने की बात झूठा आश्वासन और वोट लेने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें झरिया विधानसभा की जनता ने नेतृत्व प्रदान किया तो न्यू झरिया धनबाद शहर के आसपास पूरी सुविधा के साथ बसाने के लिए पहल की है और इसे अमली जामा पहनाया जाएगा। न्यू झरिया बनने पर झरिया की जनता स्वत~ इस झरिया को छोड़कर चली जाएगी जहां जान माल सुरक्षित रहेगा और सरकार को भी फायदा होगा। सरकार भी काफी तेजी से जल रहे कीमती कोयले को निकाल कर मालामाल हो जाएगी । इस प्रकार न्यू झरिया बनने पर कोई विरोध भी नहीं होगा और उन राजनीतज्ञों की दुकान बंद हो जाएगी जो झरिया को लूट रहे हैं बचाने के नाम पर। खान से यह पूछे जाने पर कि आप अपनी टक्कर किससे मानते हैं? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनकी टक्कर सीधे-सीधे उन माफिया शक्तियों से है जिन्होंने झरिया को वर्षो से लूटने का काम किया और एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं।

## डहरे सोहराय का भव्य एवं विशाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के बैनर तले डहरे सोहराय 81गुष्टि 81 किलोमीटर 81आखडा बरवड्डा से बगोदर तक भव्य एवं विशाल कार्यक्रम काआयोजन किया गया। बगोदर सरिया अनुमंडल में शांतिपूर्ण एवं झारखंड संस्कृति के झारखंड संस्कृति से जुड़ा हुआ बारहमासे तेरह पर्व का आयोजन किया गया बगोदर सरिया अनुमंडल द्वारा बिना अनुमति नहीं देने के बावजूद भी बगोदर सरिया अनुमंडल क्षेत्र के 10 आखड़ा में पूजा एवं पांच लोगों से कम लोगों के द्वारा आखडा जगा कर मात्र चार आखड़ा में बिना किसी तरह का आचार संहिता को बाधित किए हुए झूमर चाचंर का आयोजन किया गया मुख्य रूप से जो 10 का अखड़ा बागोदर सरिया अनुमंडल में आयोजित था अनुमति नहीं रहने के कारण मढ़ला चौक पोखरिया चौक हेसला गेंदोडीह चौक घाघरा मोड और विनोद बिहारी महतो चौक महुरी में भव्य अखड़ा का आयोजन किया गया जिसमें किसी भी तरह का ध्वनि विस्तारक यंत्र या किसी भी तरह का राजनीतिक पार्टी या अन्य किसी भी तरह का जो चीज चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करता है उनका प्रयोग बिना किए ही बहुत जोरदार तरीके से झारखंडी झूमर चाचैर का भव्य आयोजन किया गया सबसे पहले अखाड़ा में सभी अखाड़ा जो बगोदर प्रखंड के अंतर्गत 10 सैकड़ा है दसों अखाड़ा में गांव के कुड़मी जनजाति समाज के परंपरागत समाज के अगुआ गांव के महतो द्वारा आखड़ा का विधिवत पूजा किया गया आखड़ा झूमर टीम के द्वारा मंदारिया के द्वारा आखड़ा को जगाया गया और उसके बाद चाचैर झूमर का आयोजन हुआ जहां पर लोग भव्य तरीके से झूमर चाचा का आयोजन किया जहां पर हजार सैकड़ो की संख्या में लोग जुटे और कार्यक्रम 12~00 बजे से शुरू करके 12~00 बजे प्रारंभ करके पांच 4~00 बजे तक कार्यक्रम को चलाया गया बहुत ही तरह मतलब तरीके से लोग झारखंडी जो कला संस्कृति है अपना ढोल मांदर नगाड़ा के साथ स्त्री महिला पुरुष नियुक्त प्रस्तुत किया और यह कार्यक्रम बहुत ही अद्भुत एवं बहुत ही तरीके बहुत ही शानदार संपन्न हुआ। छोटन प्र छात्र प्रवीण कुमार महतो डालेश्वर महतो हेमंत महतो लखन मेहता जागेश्वर महतो गोविंद महतो करण महतो प्रेमचंद महतो केदारनाथ भुनेश्वर माता राकेश महतो त्रिभुवन महतो काजल महतो राजेंद्र महतो संजय बनुआर अरुण महतो प्रकाश महतो टहल महतो राजेंद्र महतो परमेश्वर महतो अनिल महतो नुनु चंद महतो लक्ष्मण महतो फुलचंद पटेल प्रयाग महतो रंजन महतो लाल मणि महतो निरिश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# लोहरदगा प्रखंड के विभिन्न गांव का कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव ने किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने नामांकन के उपरांत ही जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है इसके तहत अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव इलाकों का भ्रमण कर रहे हैं। वही क्षेत्र की जनता द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव का लोग भव्य स्वागत कर रहे हैं ।इसी कड़ी में रविवार को लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बंजार किस्को, बक्सी, गुडगामा, ब्रातपुर, भादुवपारा इत्यादि जगहों में कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव द्वारा गांव गांव जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जहां मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद जिला परिषद संदीप कुमार, रंजीत उरांव,अंसार अहमद इत्यादि साथ रहे। जगह-जगह पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने लोगों को बताया कि हमारे इंडिया गठबंधन की सरकार ने जिस तरह से ऐतिहासिक फैसले लेते हुए लोगों को सीधा लाभ देने का प्रयास किया। माइयां सम्मान योजना, पेंशन योजना, बिजली माफी जैसे योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ जनता ले पाए। यह सिर्फ और सिर्फ हमारी सरकार की साफ नियत और सेवा भाव को दर्शाता है और इसी लक्ष्य से हम दोबारा अपनी जनता के पास आए हैं। हमारे कार्यों को देखते हुए मुझे पूर्ण रूप से विश्वास है कि लोहरदगा की जनता अपना आशीर्वाद फिर से देगी। उन्होंने कहा कि मैं सेवक के रूप में लोहरदगा की जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया हूं और इसी तरह आगे भी करता रहूंगा। जनता एक बार फिर मुझे सेवा का मौका दें और अपनी बहुमूल्य मतों का प्रयोग कर विधानसभा भेजें और मुझे सेवा का एक बार और मौका दें। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भी जनता का समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित सुनीता कच्छप, दिगंबर उरांव, शनिचर्वा उरांव, कुलदीप खाखा, एजाज अंसारी, संजय उरांव आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ के मंत्री संग सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस महीने के मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने यादगार पलों, खास तौर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर झारखंड के उलिहातू गांव की अपनी यात्रा पर बात की। उन्होंने सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने और नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने एनीमेशन, आत्मनिर्भरता और फिटनेस के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने लोगों को डिजिटल अरेस्ट से जुड़े फ्रॉड्स के प्रति भी सतर्क किया। कोलेबिरा विधानसभा के टुकुपानी बूथ नंबर 185 में मन की बात कार्यक्रम में ग्रामीणों संग छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप, कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर साहू, बीजेपी महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, जिला मंत्री नरेंद्र बड़ाईक, जिला कार्यसमिति सदस्य विद्या बड़ाईक व अन्य उपस्थित थें।

### अपने ही गठबन्धन के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर जनता को दिग्भ्रमित कर रहा है कांग्रेस : परमेश्वर भगत



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत ने कार्यकर्ताओं को आजसू पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी मे शामिल होने वाले के मामले मे किया है खन्डन। विज्ञप्ति के माध्यम से आजसू कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत ने कहा कि सढाबे पंचायत के अमित उराँव आजसू पार्टी के पंचायत अध्यक्ष हैं ही नहीं सढाबे पंचायत के आजसू पंचायत अध्यक्ष बहादुर उराँव और पंचायत प्रभारी परमानंद साहू है जो पूरी निष्ठा के साथ आजसू पार्टी का कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि कैरो के पुर्व मुखिया वीरेन्द्र उराँव आजसू पार्टी के कभी कार्यकर्ता थे ही नही वीरेन्द्र उराँव सुरु से ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हैं,वही जेएमएम के पुर्व प्रखंड अध्यक्ष ने कांग्रेस का थामा है दामन । कांग्रेस पार्टी अपने ही एवं गठबन्धन के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर, कांग्रेस का सद्स्य बनाकर जनता को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रही है, आजसू पार्टी का नित्य बढ़ता जनाधार देख कांग्रेस घबरा गई है, अबकी बार 2024 मे कांग्रेस का सफाया निश्चिंत है, एनडीए गठबंधन के लोहरदगा विधानसभा के प्रत्याशी पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत की पत्नी निरु शांति भगत की जीत निश्चित है।

# आजसू पार्टी एवं अन्य संगठनों के 100 से अधिक लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन लोहरदगा में आजसू पार्टी एवं लोहरदगा विक्की परवेज अंसारी इमरान अंसारी के साथ लगभग 100 से अधिक लोगों ने लोहरदगा विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी माननीय डॉक्टर रामेश्वर उरांव एवं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। मौके पर सदस्यता ग्रहण करने वालों मे अनिम उप विक्की नेतृत्व में सैकड़ो आजसू पार्टी के अगुवाई में 100 से अधिक की संख्या में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए इस मौके पर रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज जितने भी पार्टी एवं अन्य संगठनों से कांग्रेस परिवार में शामिल हुए पदाधिकारी एवं सदस्य का कांग्रेस पार्टी में स्वागत है कांग्रेस पार्टी के विचारधारा सभी को एक साथ लेकर विकास की राह पर चलने का है जिसका परिणाम है कि आज इतनी संख्या में कांग्रेस पार्टी का ग्रहण किया गया आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास की पार्टी है और हर इंसान विकास देखना चाहता है विकास का कार्य सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है आज सभी अन्य पार्टी एवं संगठनों से आए पदाधिकारी एवं सदस्यताओं का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया जाता है । आप सभी कांग्रेस परिवार में मिलकर विधानसभा चुनाव में भारी से भारी मतों से अपने प्रत्याशी को विजय बनाकर गठबंधन के हेमंत सरकार को फिर से झारखंड में लाने का काम करेंगे इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने भी सभी का स्वागत पार्टी में कराया।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संकुल स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में बैठक हुई कार्यक्रम का प्रारंभ आगत अतिथियों के सामूहिक दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ हुआ। अतिथियों का परिचय शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। इस कार्यक्रम में गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विभाग प्रचारक शम्मी कुमार, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सुंदरी देवी शिशु मंदिर लोहरदगा के सुरेश चंद्र पांडे, मनोहर लाल प्लस टू महाविद्यालय के सुनील सिंह, प्रमोद कुमार केरौ, विमलेश कुमार सेन्हा, रूपेश सिंह कुंडू, आनंद साहू ओपा के प्रधानाचार्य एवं आचार्य जी दीदी जी उपस्थित थे। गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए एवं कक्षा दसवीं की विशेष कक्षाओं में विशेष चिंतन करने की बात कही साथ ही वर्तमान देश की स्थिति को देखते हुए अपनी शक्ति को मजबूत करें तथा राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने की अपील की। विभाग प्रचारक शम्मी कुमार अपने उद्बोधन में दीपावली एवं छठ की शुभकामनाओं के साथ भारत शक्तिशाली बने इसके लिए प्रेरक बातें की देश के अंदर की गंदगी की सफाई जरूरी है इसके लिए एक लंबे अंतराल के बाद एक मौका मिला है मतदान अवश्य करें , शिक्षक केवल शिक्षा नहीं देते वह समाज का सृजन करते हैं अपने आप को लोकतंत्र के प्रति सजग बनाएं लोकतंत्र में परिवर्तन की आवश्यकता है आज वर्तमान समय में समझ में जो बारूद बढ़ा हुआ है उसे फटने से रोकता है तथा संविधान की भी रक्षा करनी है। 13 नवंबर को मतदान शतप्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान और अपने गांव अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए प्रेरित किया जाए।

### आजसू पार्टी के लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यह चुनाव झारखंड की अस्मिता और भविष्य के लिए अहम है। एनडीए अपनी एकजुटता से राज्य को विकास पथ पर लेकर जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने रविवार को प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने जो लोहरदगा के विकास का खाका तैयार किया था,उसे हम सभी मिलकर पूरा करेंगे। हमारे पास लोहरदगा और झारखंड के तीब्र विकास का रोड मैप है। श्री सिंह ने कहा कि लोहरदगा विधानसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी आजसू की नीरू शांति भगत की जीत सुनिश्चित करने के लिए स्टार प्रचारक के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोहरदगा चुनाव प्रचार में आएंगे। एनडीए घटक दल के अन्य नेता भी आएंगे। प्रत्याशियों के नाम वापसी के बाद स्टार प्रचारकों की सूची सुप्रीमो सुदेश महतो के नेतृत्व में विचार विमर्श कर जारी किया जाएगा। जितेंद्र सिंह ने कहा कि नीरू शांति भगत इस बार 75000 हजार वोटों से चुनाव जितेंगी। पिछले चुनाव के बाद से इन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काफी मेहनत की है जनता के पास रही हैं। आजसू ने इस बार चूल्हा प्रमुख तक बनाया है। सभी वर्ग के लोगों का वोट हमे मिलेगा। आजसू 21 सदस्यीय संयोजक मंडली ने पूरे समर्पण के साथ काम किया है। एनडीए घटक दलों के जो भी नेता स्टार प्रचारक लोहरदगा में चुनाव प्रचार में आएंगे वह लोहरदगा और झारखंड के विकास का रोड मैप जनता के सामने रखेंगे। कहा कि मंईयां सम्मान योजना हेमंत सोरेन की सरकार कार्यकाल के आखिरी समय में जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए लेकर आई। आजसू के नौ संकल्पों में महिलाओं और युवाओं के प्रति सम्मान और सोच शामिल है, जो जनता को एनडीए सरकार के सत्ता में आते ही देखने को मिलेगा। लोहरदगा में पलायन बहुत बड़ा मुद्दा है। रोजगार, सड़क, बिजली की व्यवस्था बेहतर करने के लिए नीरू शांति भगत काम करेंगी। सिल्ली में जाकर देखिए हर घर में रोजगार है। जीतने के बाद हम लोग रोड मैप जो हमारे पास है, उसे पर तीव्र गति से काम करेंगे जो आज तक नहीं हुआ। विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने 28 से शुरू होने वाली पदयात्रा की जानकारी देते हुए मिडिया को बताया कि आजसू पार्टी की नेत्री नेहा महतो लोहरदगा की प्रत्याशी निरु शान्ति भगत के साथ विधानसभा क्षेत्र के हर घर तक पहुंचेगी और स्व कमल किशोर भगत के सपनों को साकार करने के लिए लोहरदगा के हर घर के चूल्हा प्रमुख तक जेयेगी। वहीं भाजपा के पंच प्रण और आजसू के नौ संकल्प से लोहरदगा और राज्य के हर घर को रौशन करने के लिए काम किया जाएगा। मौके पर एनडीए प्रत्याशी निरू शांति भगत, आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, केन्द्रीय प्रवक्ता अंजू देवी, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, महिला जिलाध्यक्ष अनिता साहू, अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहिद अंसारी, चुनाव सह प्रभारी लखन प्रसाद साहू, महेंद्र महतो, जहांगीर आलम, मनीष शाहदेव, संयोजक मंडली के अध्यक्ष कंवलजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# केतार में होंडा बाइक शोरूम का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** बाजार स्थित कर्पूरी गेट के समीप रविवार को केतार-पचाडूमर मार्ग पर होंडा टू व्हीलर मोटरसाइकिल शोरूम का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर किया गया। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रमोद कुमार एवं प्रोपराइटर के पिता विश्वनाथ साह उपस्थित रहे। उक्त शोरूम के प्रोपराइटर अंगद कुमार ने बताया कि मेरे यहां होंडा कंपनी का सभी तरह के मोटरसाइकल उपलब्ध है। साथ ही सभी तरह के मोटरसाइकिल फाइनेंस भी किया जाएगा। लेने के लिये आधार कार्ड,पैन कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि ले कर शोरूम में आएं और कम से कम 5000 हजार रूपए की डाउन पेमेंट देकर आसान किस्तों में बाइक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुराना बाइक लाइए और उचित मूल्य लगाते हुए नया बाइक अपने साथ ले जाइए। साथ ही यहां पर पार्ट्स एवं सर्विसिंग की भी व्यवस्था की गई है एवं होंडा का कोई भी बाइक आप यहां आकर सर्विस करा सकते हैं। मौके पर बैजनाथ प्रसाद गुप्ता (प्रदेश महासचिव जेपीआरवीएम) राम विचार साहू संरक्षक अखिल भारतीय रौनियार वैश्वव सभा, विश्वनाथ प्रसाद, शंभू सिंह ऑफिस कॉल फील्ड एवं मजदूर नेता,जितेंद्र प्रसाद, माला सिंह, उदय प्रसाद, शाहिद हुसैन, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की बैठक हुई संपन्न

# बोले जिला अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव में राष्ट्र हित में सभी लोग करें मतदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की बैठक रविवार को सिमडेगा बीरू कॉम्प्लेक्स स्थित जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री राम एवं भारत माता के तस्वीर पर दीप जलाकर बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में आगामी पर त्यौहार को लेकर चर्चा हुई जिस पर दीपावली एवं गोपाष्टमी पर्व को लेकर चर्चा हुई जहां पर बताया गया कि धूमधाम के साथ सभी लोग दीपावली पर्व के मौके पर अपने घरों में त्यौहार मनाए इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद की प्रांत समिति के निर्देश अनुसार गोपाष्टमी पर्व को लेकर इस वर्ष धूमधाम के साथ इस त्यौहार को मनाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में प्रतिबंधित मवेशियों की हत्या, धर्मांतरण रोक, मठ मंदिरों में सत्संग को बढ़ावा, प्रत्येक गांव में सामूहिक संकीर्तन एवं अन्य मुद्दों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी लोगों को अपने धर्म संस्कृति प्रति जागरूक रहने को लेकर कहा गया। जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने अपने संबोधन में कहा कि 500 सालों के लंबे संघर्ष के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को बनकर तैयार हुआ और मंदिर बनने के बाद पहला दीपावली भगवान श्री राम अपने भव्य मंदिर में मनाएंगे और इसको लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है और इस प्रकार सिमडेगा में भी इस 500 सालों के संघर्ष को याद करते हुए इस बार दीपावली ऐतिहासिक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने जिस प्रकार आदिवासी मूलवासी सभी समुदाय के लोगों के साथ प्रेम करते हुए राम राज्य की स्थापना किया था हमें इसी प्रकार अपने गांव अपने समाज में उच्च नीच छुआ छूत एवं इस प्रकार की पहले मानसिकता को हटाते हुए अपने धर्म संस्कृति और सभी समुदाय के लोगों को एक साथ लेकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने गोपाष्टमी पर्व सभी प्रखंडों में मनाने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि मतदान सभी लोगों को जरूरी है लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए राष्ट्रहित में सभी लोग आगामी 13 नवंबर को अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र में जाकर मतदान जरूर करें। 5 सालों के बाद यह मौका आया है इसलिए आप सभी इस मौका को ना गवाएं अगर कोई व्यक्ति घर से बाहर रहता है तो उसे बुलाकर राष्ट्रीय हित के लिए मतदान हेतु प्रेरित करें जिससे कि क्षेत्र का विकास हो सके। बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रचार प्रसार प्रांत टोली सदस्य नारायण दास जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मिश्रा, किरण चौधरी आशा देवी, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद, संगठन मंत्री दिलीप बड़ाईक, जिला मंत्री सुबोध महतो, मठमंदिर प्रमुख भुनेश्वर सेनापति, जिला मातृशक्ति प्रमुख जयश्री प्रधान जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष बजरंग दल मातृशक्ति एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आजसु एवं अन्य संगठनों के दर्जनों लोगो को मंत्री व पुर्व रास सांसद ने कांग्रेस का पट्टा पहनाकर पार्टी में किया शामिल

**लोकतंत्र, संविधान एवं देश की रक्षा देश की पहली पार्टी कांग्रेस से ही सम्भव : अनीश अहमद खान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत के आजसु पंचायत अध्यक्ष अमित उरांव के नेतृत्व में दर्जनों लोग आजसु पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी के नीति,सिद्धांत एवं विचारधारा से प्रभावित होकर लोहरदगा जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद एवं कैरो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अनीस अहमद के समक्ष कांग्रेस पार्टी जॉइन किया। इस मौके पर अमित उरांव ने कहा कि देश की एकमात्र पार्टी कांग्रेस पार्टी है जो लोकतंत्र, संविधान एवं देश की रक्षा कर सकती है। भारत देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने वाली पार्टी भी कांग्रेस पार्टी ही है। पहान एवं पूर्व मुखिया कैरो वीरेंद्र उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही सबका साथ सबका विकास कर सकती है। कांग्रेस पार्टी गरीब, किसान, मजदूर, बेरोजगार, आम लोगों की पार्टी है। जमील अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीति एवं विचारधारा आम लोगों की हितों की रक्षा की गारंटी देता है। यह देश की सबसे पुरानी पार्टी है। देश आजाद से लेकर अब तक इस पार्टी में बड़े से बड़े लीडर आए और उनके मार्गदर्शन में देश तरक्की एवं उन्नति किया। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में आजसु पार्टी के अमित उरांव, परसनाथ उरांव, रमेश उरांव, बबलू उरांव, फगुआ उरांव, मनोज उरांव, अन्य संगठनों के पहान एवं पूर्व मुखिया कैरो वीरेंद्र उरांव, महेंद्र उरांव, जमील अंसारी, समीरूद्दीन अंसारी, जलेश्वर टाना भगत शामिल है। मौके पर विजय कुमार इक्का उर्फ बुधराम, मोजाहिर अंसारी, जुबेर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष सढ़ाबे विजय उरांव, मंगरा उरांव, राशिद खान ए,नुल अंसारी आदि उपस्थित थें।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 124 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,संजय चौधरी एवं शिक्षिका अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए।और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए।आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों ने अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर ही जीवन का सबसे बड़ा उपहार एवं धन है स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है इसके लिए आपको नियमित रूप से अपने स्वास्थ से संबंधित जांच कराते रहना चाहिए, बीमारी होने पर तुरंत उसका इलाज करायें और कहा कि गरीब एवं असमर्थ लोगों का सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस भाग दौड़ की जिंदगी में अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान भी रखना अत्यंत जरूरी हैं और कोई भी छोटी सी छोटी बीमारी को नजर अंदाज न करें, कोई भी बीमारी आगे जाकर बड़ा रूप ले सकती है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने कहा की प्रत्येक सप्ताह चल रहे इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोग अपने स्वास्थ की जांच करवा कर अपने स्वास्थ के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है।और राजू यादव के द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधित लोगों का जांच किया गया।आज शिविर में- जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, रामावतार बर्मन, राजू यादव, राजीव रंजन, अतुल सर्राफ, महेश कांस्यकार, अमित अग्रवाल, चंपा देवी, नारायण साहू, प्रमिला भगत, होलिका तिग्गा, शिमला देवी, विकास कुमार, संजय साहू, अनिल साहू, पंकज चौधरी, निलेश कुमार, लक्ष्मीकांत प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, उदय कसेरा, हिंदा देवी, ममता बांका, देवनारायण प्रसाद आदि थे।

## चलते चलते एक नजर

### इरफान की शिकायत पहुंची राजभवन



**रांची (प्रभाम मंत्र संवाददाता) :** मंत्री इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन के प्रति किए गए अभद्र टिप्पणी पर भाजपा महिला मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह,भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका जूही, सीमा शर्मा, डॉ राजश्री जयंती, रेणु तिर्की, नीलम चौधरी और अशोक बड़ाइक शामिल थे।प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम से झारखंड सरकार के मंत्री एवं जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया।

### समाज को बांट कर चुनावी आतंकवाद कर रही भाजपा : कांग्रेस

**रांची (प्रभाम मंत्र संवाददाता) :** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा ने झारखंड में चुनावी आतंकवाद की शुरुआत कर दी है और इसी के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है। बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलट वार करते शांति ने रविवार को कहा कि जब-जब देश के किसी राज्य में चुनाव होता है। भाजपा इसी ÷चुनावी आतंकवाद÷ का प्रयोग रक्षात्मक हथियार के रूप में करती है। इसमें धर्म,छल, प्रपंच,घुसपैठ,नफरती भाषण, धनबल,झूठा प्रोपेगेंडा,जांच एजेंसियों का दुरुपयोग का बारूदी मसाला भरा हुआ रहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर चुनाव में इस शस्त्र का प्रयोग समाज को विभक्त कर दो धुरी में बांटने का प्रयास करती है ताकि इसका फायदा उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि विगत कई माह से भाजपा महागठबंधन सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के खिलाफ मुद्दों को योजनाबद्ध तरीके से फैलाने में लगी थी लेकिन इसमें फेल होने पर सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से अपने एजेंडे को खाद पानी देकर उसे फैलाने की कोशिश भाजपा नेता कर रहे हैं। भाजपा ने अपने इस एजेंडे के लिए संथाल परगना क्षेत्र को मुफीद जगह माना है,यही कारण है कि चुनाव में जीत हासिल करने के लिए संथाल परगना को भाजपा ने विशेष रूप से लक्ष्य बनाया है और वहां के मतदाताओं के बीच सामुदायिक विभेद पैदा करने की मुहिम चला रही है। आदिवासी मुस्लिम के बीच घुसपैठ के मुद्दे पर जब हिमंता बिस्वा सरमा और बाबूलाल मरांडी को मुंह की खानी पड़ी तो अब महिला सम्मान के नाम पर महिलाओं को बरगलाने की जा रही है। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे जब एक चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधि के संबंध में नगरवधू जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं तब बाबूलाल मरांडी के मुंह से महिला सम्मान के लिए कोई आवाज नहीं निकलती।

# बसपा में टूट, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा व विरेंद्र साव झामुमो में शामिल

### सीएम के समक्ष थामा झामुमो का दामन

प्रभाम मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** बहुजन समाज पार्टी में बड़ी टूट हुई है। पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा एवं गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व प्रत्याशी सह चतरा के लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र साव सहित दो दर्जन से अधिक लोग बसपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। सभी ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित गढ़वा से राजकुमार साव, अंबिका सिंह खरवार, जरही के पूर्व मुखिया यमुना प्रसाद रवि, समाजसेवी अजय साव, शैलेश धवन, बसपा के पूर्व जिला सचिव काशी राम चंद्रवंशी, पूर्व कोषाध्यक्ष अली हुसैन खान, प्रमोद चौधरी, राजकुमार चौधरी, लव कुमार चंद्रवंशी, पंचानंद विश्वकर्मा, विश्रामपुर से वरूण रजक, सुनील रजक, मंदीप कुमार सहित दो दर्जन से अधिक लोगों का नाम शामिल है।



मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में आप सभी का स्वागत है। झामुमो सिर्फ एक पार्टी ही नहीं, बल्कि झारखंड के लोगों के हक और सम्मान के लिए एक आंदोलन है। आपके समर्थन से यह संघर्ष और भी मजबूत होगा। हम सब साथ मिलकर झारखंड राज्य के विकास, आदिवासी अधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएंगे।

इन सभी को झामुमो में शामिल होने पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए बधाई दिया। उन्होंने कहा कि इन सभी को झामुमो में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। इनके कुशल नेतृत्व क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा। साथ ही गढ़वा के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता माह पर लाल रोशनी से रोशन हुआ राजभवन

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता माह पर लाल रोशनी से राजभवन रोशन हुआ। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर 'अंतर्राष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता माह' के अवसर पर डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए 'गो रेड' थीम के तहत रविवार को राज भवन को विशेष रूप से लाल रोशनी से सजाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में डिस्लेक्सिया जैसी चुनौती के बारे में जागरूकता फैलाना और इसे समझने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को प्रोत्साहित करना है, ताकि इस स्थिति से जूझ रहे व्यक्तियों को बेहतर समर्थन और प्रोत्साहन मिल सके।

## पांकी विधानसभा में सबकी निगाहें विनोद सिन्हा की ओर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र में ऐसे तो प्रत्याशियों की भरमार है। लेकिन इस बार सबकी निगाहें निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिन्हा पर है। क्योंकि पांकी विधानसभा में सभी प्रत्याशी वही हैं जो पूर्व के विधानसभा के चुनाव में अपना भाग्य आजमाते रहे हैं। विनोद कुमार सिन्हा को छोड़कर सबों को पांकी की जनता देख चुकी है। अगर हम वर्तमान विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता की बात करें तो वे दूसरी बार विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले 5 साल तक वे यहां के विधायक रहे। इस दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों से यहां की जनता संतुष्ट है अथवा नहीं इसका जवाब तो 13 नवंबर को ही यहां की जनता देगी। दूसरी ओर अगर हम देवेंद्र कुमार सिंह और बिट्टू सिंह की बात करें तो उनके द्वारा किए गए कार्यों से भी यहां की जनता वाकिफ है। वह भी 5 साल तक यहां का विधायक रह चुके हैं। इन दोनों के बारे में पांकी विधानसभा क्षेत्र में जोरदार चर्चा है कि एक ठेकेदार हैं तो दूसरा व्यापारी। इन ठेकेदार और व्यापारी को यहां की जनता देख चुकी है और परख भी चुकी है। तीसरा महत्वपूर्ण प्रत्याशी लाल सूरज हैं। वे कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। इनके पास न तेवर है ना कलेवर है। इनका एक फिक्स वोट बैंक है। इसी वोट बैंक के सहारे लाल सूरज राजनीति में जिंदा रहना चाहते हैं। अन्य ऐसे भी प्रत्याशी हैं जिनमें कोई दम नहीं है। इस विधानसभा चुनाव में सबकी नजर विनोद कुमार सिंह पर है। श्री सिन्हा ने नामांकन के पूर्व जिस तरह से जनता के बीच जो वादा किए हैं, उस वादे को देखकर तो यही लगता है कि वे अगर चुनाव जीत गए तो यहां वे जरूर विकास की गंगा बहाएंगे। विनोद कुमार सिन्हा पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि अगर वे विधायक बनते हैं तो किसानों को पूरी तरह से खुशहाल बना देंगे। यानी इनका सपना पांकी को पंजाब बनाने की है। इन्होंने उच्च शिक्षा का भी वचन दिया है। विनोद कुमार सिन्हा का कहना है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा का ऐसा जाल बिछा देंगे कि हर विद्यार्थी पढ़ाई में अब्बल रहेगा।

## हुसैनाबाद भाजपा नेताओं के साथ हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के हुसैनाबाद विधानसभा कार्यालय विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स में हुसैनाबाद के भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन हुसैनाबाद के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने चुनाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश कार्यकर्ताओं को दिया। कहा कि भाजपा नेताओं नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जबकि झामुमो और कांग्रेस परिवार की पार्टी है। प्रदेश उपाध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी जवाहर पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड को



विकास नहीं विनाश की राह पर ले जा रहे हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में मैया सम्मान योजना शुरू कर इन्होंने महिलाओं को मूर्ख बनाने का काम किया है।

भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के बालू को दूसरे राज्यों में बेचने का काम किया है एवं स्थानीय लोगों को झोला एवं बोरा से बालू ढोने पर मजबूर कर दिया। हुसैनाबाद विधानसभा के प्रवासी उत्तर प्रदेश के विधायक लाल बहादुर चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में झारखंड में लोग रात भर निर्भीक होकर सफर करते थे। लेकिन हेमंत सोरेन ने उग्रवाद को बढ़ावा देकर पुनः झारखंड को बर्बादी के कगार पर ले जाने का कार्य किया है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कर समिति सदस्य रविंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह, सीवी रमन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान, मधु लता रानी आदि उपस्थित थे।

### डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने किया दर्जनों गांव का दौरा, कहा

# 10 वर्षों तक यहां की जनता को ठगा गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रविवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्री केएन त्रिपाठी ने दर्जनों क्षेत्र जैसे मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के सूदना के विभिन्न इलाकों एवं सदर प्रखंड के करीब दर्जनों गांव जैसे पोखराहा, सरजा, चौकिदार टोला, नावाडीह, बरेवा, बढकीनेभी, नउवाढोढ, कुण्डेलवा के सभी टोला एवं झाबर के सभी टोला आदि ग्रामों में सघन दौरा कर समर्थन व सहयोग मांगा। स्थानीय लोगों द्वारा श्री त्रिपाठी का स्वागत जोश व उत्साह के साथ किया गया। श्री त्रिपाठी अपने परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान संबोधन में कहा कि इन दस वर्षों में जनता ने सब कुछ खो दिया। जनता ने अपने अधिकारों को खो दिया। उनको इन दस वर्षों में कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा अपने बाल बच्चों के भविष्य एवं आने वाले पिढि का भविष्य के लिए पांच साल



छोड़े नहीं और इन दस वर्षों को भूले नहीं।जब मैं अपनी बहन को दूर दराज क्षेत्रों में ढेकची से पानी लेकर आती है तो मेरा कलेजा कांप जाता है।जब अपने ग्रेजुएट भाई एवं नवयुवकों को सेक्योरिटी गार्ड की पैरवी करवाते देखता हूं तो मेरा रूंह कांप जाता है। इसलिए अपने अधिकारों के रक्षा के लिए एक नेता का चयन करें। यहां के विधायक के उदासीन रवैया एवं दस सालों के अकर्मण्यता से मुक्ति दिलाना है। डाल्टनगंज, पलामू और झारखंड के विकास के लिए अगला पांच साल अपने परिजनों, अपने परिवार व बाल बच्चों का भविष्य एवं अपने समाज के उत्थान हेतू सोच-समझकर वोट करें।आपका एक-एक वोट किमती, मूल्यवान व महत्वपूर्ण है।यहां पेयजल की समस्या से निजात हेतु कोयल नदी को बांधना है। खासमखास की समस्या से निजात दिलाना है। 25000 से अधिक नवयुवकों को रोजगार उपलब्ध कराना है। महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार की दिशा में की योजनाओं को धरातल पर लाना है। अच्छी स्वास्थ्य चिकित्सा व्यवस्था के लिए एक सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल का निर्माण (नो रेफर हास्पिटल) कराना है। बड़े नदी -नालों को बांधना है।की बड़े महत्वपूर्ण कार्य करना है। इसलिए अगला पांच साल जनता सोच -समझकर एक एक -वोट करें। जाती -धर्म आदि फालतू चीजें को भूलकर विकास के मुद्दे को याद कर वोट करें और पिछला दस साल आप भूलें नहीं।आपके जोश एवं जुनून से ऐसा प्रतीत होता है कि जनता बदलाव चाहती है और अकर्मण्यता से भी मुक्ति चाहती हैं।

### पुलिस का बीयर बार में छापेमारी, 4 गिरफ्तार

**रांची :** कोतवाली थाना पुलिस ने कचहरी रोड के होटल अर्श स्थित तमाशा बीयर बार में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बिल्डर रमेश शर्मा, मनोज पंडित, अनिल चंद्र मंडल, सचिन कुमार शामिल है। इनके पास से एक लाख 81 हजार नगद, सैमसंग कंपनी का साउंड सिस्टम, ताश का पत्ता, शराब, एक आईफोन और अन्य मोबाइल फोन बरामद किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि तमाशा बियर-बार के आस-पास के लोगों के शिकायत पर सूचना प्राप्त हुआ कि जोर-जोर से आवाज में लाउडस्पीकर पर अभद्र अभद्र गाना बजाया जा रहा है, जिससे आम लोगों को कठिनाई हो रही है। इस सूचना से अपने वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। इसके बाद तमाशा बियर-बार एवं उसके ऊपर स्थित तमाशा रेस्टो बार जेड 03 होटल में छापेमारी की गई।

## नारी का अपमान देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं किया, महाभारत तक हो चुका है : रवींद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने 27 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड में चुनाव अपने प्रारंभिक दौर के अंतिम छोर पर है। इस राज्य का निर्माण करने वाली भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। झारखंड को भाजपा ने बनाया है और झारखंड को भाजपा ही बचाएगी। इसका नवनिर्माण करेगी। एक तरह से भाजपा की राजनीतिक कोख से ही झारखंड का जन्म हुआ है। कुछ लोग आज भी यही कहते हैं और भ्रम फैलाते हैं कि झारखंड लड़कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड के लिए लड़ते रहे, तब तक झारखंड नहीं बना। झारखंड बनाने की जब सहमति हुई, तब झारखंड में लड़ाई समाप्त थी। उस वक्त झारखंड में आदिवासी, गैर आदिवासी अगड़ा,





पिछड़ा, दलित की सीमा बनाकर झामुमो और कांग्रेस ने भेदभाव पैदा किया। भाजपा ने उस भेदभाव की सीमा को मिटाकर राज्य में आम सहमति बनाई गई। उसके बाद झारखंड का निर्माण हुआ।

राय ने कहा कि वैसे लोगों के दावे का खंडन करता हूं, जो कहते हैं लड़कर लिया झारखंड। भाजपा ने सहमति से झारखंड बनाया। आज भी उनके उन सब तो के प्रयोग से बिखराव और सामाजिक विभाजन की दुर्गंध निकलती है झारखंड में सामाजिक विभाजन के साथ किसी का अपमान नहीं किया जा सकता है भारतीय जनता पार्टी यहां पर समाज के सभी वर्ग सभी जाति समूह और हर वर्ग के अधिकार की रक्षा की बात करती है और सब के सम्मान की रक्षा करने की बात करती है यह वादा करते हैं कि यहां इस राज्य में आदिवासी गैर आदिवासी दलित पिछड़ा वैसे यह स्वर्ण सभी के संवैधानिक अधिकार सबके सम्मान और सबकी रक्षा होगी। किसी के साथ कभी भी भेदभाव नहीं किया जा सकता है। डॉक्टर राय ने कहा कि हमारा मिशन है झारखंड बनाए हैं तो झारखंड को बचाएंगे। झारखंड में सभी वर्गों का, सभी जाति समूह के लोगों के अधिकार, मान सम्मान की रक्षा होगी।

# जनता की उम्मीदों को टूटने नहीं देंगे : मंत्री मिथिलेश



### * शहरी क्षेत्र में भी बजा झामुमो का डंका, 13 वार्ड पार्षदों ने थामा झामुमो का दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा शहरी क्षेत्र में भी झामुमो का डंका बज रहा है। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र से 13 वार्ड पार्षदों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में वार्ड एक के पार्षद गजाला सिद्धिकी, वार्ड दो के नरगिस बानो, वार्ड तीन के रेणु देवी, वार्ड चार के दिनेश गौड़, वार्ड पांच के अंजु देवी, वार्ड छह के घनश्याम कुमार उर्फ पुतुल, वार्ड सात के विनोद प्रसाद उर्फ करीमन, वार्ड आठ के दुर्गा देवी, वार्ड 10 के स्नेहा देवी, वार्ड 14 के रश्मि सिन्हा, वार्ड 16 के ममता देवी, वार्ड 20 के सबीता देवी तथा वार्ड 21 की वार्ड पार्षद रिंकु कुमारी का नाम शामिल है। सभी ने विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को जीताने का संकल्प लिया। इन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर गढ़वा में विकास की गति को और तेज के लिए सभी लोग झामुमो में शामिल हुए हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ लोग काफी संख्या में झामुमो में शामिल हो रहे हैं, जिस उम्मीद से जनता उन्हें जीताने के लिए संकल्पित है वे कभी भी जनता की उम्मीदों को टूटने नहीं देंगे। इस बार जिस गति से गढ़वा का विकास हुआ है अगली बार हेमंत सोरेन की सरकार बनते ही और तेज गति से गढ़वा का विकास होगा। गढ़वा पूरी तरह से विकसित जिलों की श्रेणी में अग्रणी होगा। पूरे राज्य में गरीब, गुरबों, किसान, मजदूरों, नौजवानों, छात्र-छात्राओं, महिलाओं सभी वर्गों के लिए और भी बेहतर तरीके से काम होगा।

### विधानसभा चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगे विभागों के कर्मियों को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा मिलेगी।निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है और मतदान के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को डाकपत्र के माध्यम से मतदान कराने का निर्देश भी सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया है। इनमें रेलवे परिवहन में लगे कर्मियों, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें चुनाव आयोग की ओर से मतदान कवरेज के लिए पास निर्गत किया गया हो, बिजली विभाग, बीएसएनएल,पोस्ट एंड टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवाणी, स्टेट मिल्क एंड यूनियन मिल्क कॉपरेटिव सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग, एविएशन, अगिनशमन सेवा, ट्रैफिक पुलिस, एम्बुलेंस, जेल, एयरपोर्ट प्राधिकरण, पीआईबी से जुड़े अधिकारी व कर्मी डाकपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

## योगा चैंपियनशिप का हुआ समापन विजेताओं को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नटराज योग संस्थान की ओर से नामकुम के जीडी गोयनका स्कूल में द्वितीय इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में रांची सहित विभिन्न जगह के स्कूल और संस्थान से लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता का आयोजन जीडी गोयनका स्कूल, नटराज योग संस्थान एवं रिलेशन के जरिये संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार खेल विभाग के उप निर्देशक राजकिशोर खाखा, विशिष्ट अतिथि जीडी गोयंका स्कूल के निर्देशक मदन सिंह,उप निर्देशक अमन सिंह, डीएवी हेहल के उप प्राचार्य नीरज कुमार दुबे, आंबेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल के निर्देशक अनिल कुमार, सेंट्रल अकादमी स्कूल कांके की प्राचार्या स्नेहा राय, डीएवी स्वर्णरेखा स्कूल के निर्देशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश ,एमएम के हाई स्कूल के निर्देशक डॉ तनवीर अहमद, जीडी गोयनका स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार, अतिथि के रूप मे शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष शंकर दुबे, यस एंटरप्राइज के संचालक सोनू कलाम, आशा मीडिया के जय श्रीवास्तान, गोविंद यादव , रिलेशन के निर्देशक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के संचालक आर्य प्रहलाद भगत , सह संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा, आयोजक समिति के सदस्य रितेश कुमार, माही सिंह, अंजलि कुमारी , पिंटू चौधरी, सुमित सोनी, दीपू लोहरा, रेणुका सिंह, मोहित कुमार , शुभम कुमार, आदि उपस्थित थे।

